राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

तरुणमित्र

श्रम ही आधार, खबरों से सरोकार

वर्ष : 47 अंक 186
जौनपुर, बुधवार
23 अप्रैल 2025

तापमान
अधिकतम / न्यूनतम
40°C | 22°C

मूल्य 3.00 रुपये पृष्ठ-8

जौनपुर, अयोध्या, लखनऊ, पटना (बिहार), ठाणे (महाराष्ट्र), भोपाल (मप्र) से प्रकाशित

www.tarunmitra.in

सुदीक्षा ई.एन.टी. क्लीनिक & थायरॉइड सेन्टर
कान पर्दे की सुराख का बिना आपरेशन इलाज
सभी प्रकार के नाक, कान, गला थायराइड एवं मुख कैंसर रोग का इलाज व आपरेशन की सुविधा
डॉ. बृजेश कन्नौजिया M.B.B.S., M.S.(ENT) (गोल्ड मेडलिस्ट) नाक, कान, गला, थायरॉइड एवं मुख कैन्सर सर्जन
डॉ. एकता कन्नौजिया B.H.M.S., C.G.O. नाक, कान, गला एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
नईगंज तिराहा (कुमार पेट्रोल पम्प के सामने), जौनपुर Mob.:8115484636

Redefining Education
Umanath Singh Hr. Sec. School
www.unsschool.in
Registration Started Academic Session 2025-26 P.G., L.K.G to XI
Peaceful & Good Environment
Loving & Caring Teachers
Activity Oriented Curriculum
Creative Education Plan
A Senior Sec. School Affiliated to CBSE New Delhi
The Choice of Winner
Special Orientation for NTSE Olympiad, KVPY, NEET & JEE
Transport Facility Available
Shankarganj, Maharupur, Jaunpur - 222180
9415234208, 9648531617, 9839155647, 8808794452
9% of the Students Scored above 95 Percentile in the JEE (Mains) 2023
Principal-Dr. Bruno D.Nazareth

नदी में गिरी बोलेरो, आठ लोगों मौत

दामोह में महादेव घाट के पुल पर हुआ हादसा

दामोह, 22 अप्रैल। मध्य प्रदेश के दमोह जिले के नोहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत बनवार चौकी के महादेव घाट पुल के पास मंगलवार दोपहर तेज रफ्तार एक बोलेरो अनियंत्रित होकर पुल से नीचे गिर गई। हादसे में आठ लोगों की मौत हो गई और पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की हालत गंभीर होने पर इलाज के लिए जबलपुर रेफर किया गया। मृतक जबलपुर जिले के पौड़ी व आसपास गांव के निवासी हैं। यह लोग बांदकपुर से दर्शन कर घर वापस जा रहे थे। सूचना मिलने के बाद कलेक्टर सुधीर कोचर और एसपी श्रुत कीर्ति सोमवंशी घटना स्थल पहुंचे। उसके बाद जिला अस्पताल आकर घटना के बारे में जानकारी दी। मृतकों को शासन की ओर से मुआवजा राशि भी उपलब्ध कराई जाएगी।

मृतक के परिजन गोविंद सिंह ने बताया सभी लोग एक ही परिवार के सदस्य हैं। अलग-अलग चार पहिया वाहन से बांदकपुर दर्शन के लिए मंगलवार सुबह आए थे। यहां से दर्शन कर वापस गांव जा जा रहे थे। तभी बनवार के महादेव घाट पुल से एक बोलेरो नीचे गिर गई। वाहन में 13 लोग सवार थे, जिसमें 6 लोगों की मौके पर मौत हो गई और सात घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया। वहां दो घायलों ने भी दम तोड़ दिया और बाकी पांच घायलों की हालत गंभीर होने पर ग्रीन कारीडोर बनाकर जबलपुर रेफर किया गया। सभी लोग एक ही परिवार के सदस्य हैं।

इनकी हुई मौतः इस हादसे में जिन लोगों की मौत हुई है। उनमें लौंग बाई, हल्की बाई, संपत बाई, गुड्डी बाई, रचना, नाबालिग बच्ची तमन्ना, शिब्बू पिता हरि उम्र 8 से 10 वर्ष और बैजन्ती बाई शामिल हैं।

घायलों में रज्जो सिंह उम्र 55 वर्ष निवासी पौड़ी, वैभव सिंह पिता देवेंद्र उम्र 12 वर्ष, आयुष बहरोघाट जबलपुर, अंकित पिता रज्जो सिंह, रविंद्र पिता डोमन 22 वर्ष निवासी बिजोरी घायल हैं। जिन्हें जबलपुर रेफर किया गया है।

रेलवे ट्रैक पर जान देने पहुंचे पिता को बचाने आए बेटी और भाई, तीनों की मौत

जयपुर, 22 अप्रैल। जयपुर के जगतपुरा में सीबीआई रेल फाटक के पास सोमवार देर रात एक दिल दहलाने वाली घटना सामने आई है, जहां पारिवारिक कलह के चलते ट्रेन से कटने से एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में पिता-पुत्री और बच्ची के चाचा हैं।

जानकारी के मुताबिक पिता ने घटना के पहले वीडियो कॉल कर ट्रेन से कटकर जान देने की बात कही थी, जिसे बचाने के लिए उसकी नाबालिग बेटी पटरियों पर पहुंची। इसके बाद बच्ची का चाचा भी वहां बचाने आ गया। दोनों मिलकर पिता को पटरियों से हटाने का प्रयास करते रहे, लेकिन वह नहीं हटा और इसी दौरान ट्रेन आ गई। इससे तीनों की कटकर मौत हो गई।

प्रत्यक्षदर्शी युवक ने बताया कि बेटी ने भी घटना से कुछ देर पहले ही फोन पर अन्य रिश्तेदारों को सूचना दी थी कि पापा पटरियों पर बैठे हैं और मान नहीं रहे हैं प्लीज आइए। इसके बाद परिजन मौके पर पहुंचे लेकिन तब तक ट्रेन से कटने से तीनों की मौत हो चुकी थी। घटना से पहले मृतकों की सुबह आखिरी बार फोन पर बातचीत हुई थी। घटना की जानकारी लोगों ने खो-नागौरियान थाना पुलिस को दी। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से शव पटरियों से उठाए। लेकिन काफी देर तक पुलिस सीमा विवाद में ही उलझी रही। इसके बाद रामनगरिया थाना पुलिस आई और शव को एम्बुलेंस की मदद से अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया।

'शरबत जिहाद' वाले सभी विज्ञापन हटाएंगे

हाईकोर्ट की फटकार के बाद रामदेव पीछे हटे

नई दिल्ली, 22 अप्रैल। योग गुरु और पतंजलि आयुर्वेद के संस्थापक बाबा रामदेव ने मंगलवार को दिल्ली हाईकोर्ट में आश्वासन दिया कि वह 'हमदर्द' के रूह अफजा पर अपनी कथित ''शरबत जिहाद'' टिप्पणी से संबंधित वीडियो और सोशल मीडिया पोस्ट तुरंत हटा लेंगे। उनका यह बयान अदालत की उस टिप्पणी के तुरंत बाद आया है जिसमें कहा गया है कि रामदेव का यह बयान अनुचित है और इसने अदालत की अंतरात्मा को झकझोर दिया है। 'हमदर्द' के वकील ने उच्च न्यायालय को बताया कि हाल में पतंजलि के गुलाब शरबत का प्रचार करते हुए रामदेव ने दावा किया था कि 'हमदर्द' के 'रूह अफजा' से अर्जित धन का उपयोग मदरसे और मस्जिद बनाने में किया गया। बाद में रामदेव ने अपनी टिप्पणी का बचाव करते हुए कहा कि उन्होंने किसी ब्रांड या समुदाय का नाम नहीं लिया। रामदेव की 'पतंजलि फूड्स लिमिटेड' के खिलाफ 'हमदर्द नेशनल फाउंडेशन इंडिया' की याचिका पर सुनवाई कर रहे न्यायमूर्ति अमित बंसल ने कहा, ''इसने अदालत की अंतरात्मा को झकझोर दिया है। यह उचित नहीं है। आप (रामदेव के वकील) अपने मुवक्किल से निर्देश लें, अन्यथा सख्त आदेश दिया जाएगा।''

यह नफरत फैलाने वाला भाषणः 'हमदर्द' का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने कहा कि यह मामला अपमान से परे है। उन्होंने कहा कि यह ''सांप्रदायिक विभाजन'' पैदा करने का मामला है। रोहतगी ने कहा, ''यह नफरत फैलाने वाला भाषण है। वह (रामदेव) कहते हैं कि यह ''शरबत जिहाद'' है। उन्हें अपने काम से मतलब रखना चाहिए। वह हमें क्यों परेशान कर रहे हैं?'' कुछ समय बाद मामले की सुनवाई फिर से शुरू होने पर रामदेव के वकील ने कहा कि वह अपने विवादास्पद बयानों से संबंधित सभी प्रिंट या वीडियो प्रारूप के विज्ञापन और सोशल मीडिया पोस्ट तुरंत हटा लेंगे। अदालत ने वरिष्ठ अधिवक्ता राजीव नायर के बयान को रिकॉर्ड में दर्ज किया और रामदेव से पांच दिनों के भीतर हलफनामा दाखिल करने को कहा कि वह भविष्य में प्रतिस्पर्धियों के उत्पादों के संबंध में ऐसा कोई बयान, विज्ञापन या सोशल मीडिया पोस्ट जारी नहीं करेंगे। अदालत ने मामले को एक मई को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया है।

SINCE : 1981
Affiliated to CBSE (New Delhi)
NEHRU BALODYAN SR. SECONDARY SCHOOL
ADMISSION OPEN 2025-26
KANHAIPUR, VAN VIHAR ROAD, JAUNPUR
SCIENCE • COMMERCE • HUMINITIES
PLAY GROUP To 9TH & 11TH
UPSC Air-1 Result - 24-01-2024 NIKHIL SINGH SCHOOLING- 9 TO 12 (2011-2015)
TRANSPORT INCHARGE 9554586608, 8736006564
KANHAIPUR, JAUNPUR
CONTACT FOR MORE INFO 9415234111, 9415349820 9450089310

जी.एच.के. हास्पिटल (मल्टी स्पेशलिटी)
पालीटेक्निक चौराहा निकट-लोहिया पार्क, जौनपुर
सुविधाएं:-
⇨ अल्ट्रासाउण्ड एवं कलर डापलर
⇨ इनफर्टिलिटी विशेषज्ञ
⇨ नार्मल एवं सीजर डिलीवरी
⇨ कैंसर से बचाव एवं टीकाकरण
⇨ काल्पोस्कोपी
⇨ हिस्ट्रोस्कोपी
⇨ जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जरी।
(इमरजेन्सी सेवा 24 घण्टे उपलब्ध)
डा. अम्बर खान
एमबीबीएस डीजीओ इलाहाबाद (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्त्री रोग विशेषज्ञ
प्रत्येक दिन 10 से 4 बजे तक

School No. : 70622
Affiliation No.: 2131221
Admission Open 2025-26
Science, Commerce & Humanities
R.N. Tagore Higher Secondary School
(A Senior Secondary School)
Affiliated to C.B.S.E. New Delhi (10+2)
WHERE EVERYONE IS AN ACHIEVER
Sukkhipur, Bodkarpur, Jaunpur
Phone:+91 5452-352515 Mob.: 9616178972, 9935011946, 7388456512
Email : rnthrss94@rediffmail.com | www.rntsss.com

The Most Advanced 192 Slice Siemens CT Scan Facility in Purvanchal
Diagnato diagnostics realm
•CT Coronary Angiogram
•Brain Angiography
Opposite R.N. Tagore Hr. Sec. School Sukkhipur, Bodkarpur, Jaunpur-222001

A Place Of Scientific, Situational & Sequential Learning...
ST. MARRY CONVENT SCHOOL
Session 2025-26
Classes PG to IX
ADMISSION OPEN
Ph No.: 9598785972, 9140858396
Add.: Purani Bazar, Jaunpur

माइण्ड केयर सेन्टर
डॉ0 दिनेश पाण्डेय
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (साइकियाट्री) बी.एच.यू.
(वरिष्ठ मानसिक रोग विशेषज्ञ एवं न्यूरोफिजिशियन)
सम्पर्क सूत्र:- 9415203047, 9506699099
जौनपुर: मिर्जापुर रोड, निकट-सिटी स्टेशन रेलवे क्रासिंग, पुल के नीचे
दिन- बुधवार, शुक्रवार एवं रविवार (समय-10 बजे से 5 बजे तक) मो0- 8934932805
लालगंज: स्टेट बैंक के सामने, बाईपास रोड, लालगंज, आजमगढ़
(दिन-प्रत्येक वृहस्पतिवार (समय-11 बजे से 4 बजे तक) मो0- 9415203047
वाराणसी: D33, शिवाजी नगर कालोनी महमूरगंज (आकाशवाणी के पीछे)
सोम-मंगल : सुबह 10 से 2 सुबह/शाम (प्रतिदिन) 6 बजे से 8 बजे तक
मो0-9415217568, 9415203047
भदोही: भदोही ब्लाक के सामने रेवड़ा फाटक रेलवे क्रासिंग के पास, भदोही
दिन- प्रत्येक शनिवार समय 10 बजे से 4 बजे तक
मो0-9621979101, 9415203047

SALVATION HOSPITAL साल्वेशन हॉस्पिटल
The Culture of Care
डॉ. प्रियंका श्रीवास्तव B.A.M.S. (स्त्री रोग विशेषज्ञ)
24/7 Emergency Services
24 घंटे भर्ती की सुविधा
आई.सी.यू. | डायलेसिस | एच.डी.यू.
नेत्र विभाग | अस्थि रोग विभाग
दन्त चिकित्सा | किडनी विभाग
जनरल मेडीसिन | जनरल सर्जरी
नोट- प्रत्येक महीने के दूसरे रविवार को प्रयागराज के गुर्दा रोग विशेषज्ञ डा0 सन्तोष मौर्य (M.D., D.M. Nephro) 12 बजे से 4 बजे तक उपलब्ध रहते हैं।
डॉ. विवेक श्रीवास्तव
M.D. (Physician, F.G.O. (APOLO HOSPITAL)
P.G.D.S. Member of Indian Medical Association
UPMCI Rg. No. 95653
पंडित दीनदयाल उपाध्याय राज्यकर्मी कैशलेस चिकित्सा योजना सम्बद्ध अस्पताल
आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अन्तर्गत सूचीबद्ध अस्पताल
कंधरपुर, मुरादगंज, जौनपुर (वाराणसी-लखनऊ न्यू हाइवे के बगल में बाईपास से 400 मीटर की दूरी पर 9138828282, 8686867547

20 Year
मानकः पथप्रदर्शकः
750/916 Hallmark Jewellery
BIS हालमार्क रजिस्टर्ड एक्सक्लूसिव शोरूम
HUID HALLMARK
आपके विश्वास व शुद्धता पर खरा
99 19 7320 11
उमाशंकर लाइट हाउस का प्रतिष्ठान
उमाशंकर ज्वेलर्स
संजीव साहू
हरलालका रोड, जौनपुर-222001
RuPay VISA G Pay द्वारा पेमेन्ट की सुविधा उपलब्ध है।

फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत ट्रॉसमिशन एसेसमेन्ट सर्वे का किया जायेगा कार्य : सीडीओ

तरूणमित्र न्यूज

सोनभद्र। जनपद सोनभद्र में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत् जनपद में 04 ब्लॉकों (नगवों, चोपन, म्योरपुर, बभनी) एवं रावर्टसगंज नगरीय क्षेत्र में एम0डी0ए0 अभियान के प्रभाव का मूल्यांकन करने हेतु ट्रॉसमिशन एसेसमेन्ट सर्वे का कार्य किया जाना है। टॉस के सफल संचालन हेतु मंगलवार को मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में सभागार मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय में आहूत की गयी।

मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि टॉस अभियान के दौरान 06-07 आयुवर्ग के बच्चों की जाँच क्यू0एफ0ए0टी0 टेस्ट किट से की जायेगी, उक्त जॉच हेतु माइक्रोप्लान के अनुसार चयनित विद्यालयों में चिन्हित आयुवर्ग के बच्चों की जाँच 01 मई 2025 से 20 मई 2025 के मध्य की जायेगी, यदि चिन्हित सैम्पल साइज की रिपोर्ट 02 प्रतिशत से ज्यादा धनात्मक पायी जाती है तो उक्त मूल्यांकन इकाईध्ब्लॉको में फिर से 02 वर्ष के लिये एम0डी0ए0 अभियान चलाया जायेगा, यदि सैम्पल साइज का धनात्मक 02 प्रतिशत से कम पाया जाता है तो उक्त ब्लॉक वैलीडेशन एसेस्मेन्ट में जायेगा जिसके पश्चात् उक्त मूल्यांकन इकाई मे माना जायेगा कि स्वस्थ्य व्यक्ति में माइकोफाईलेरी का ट्रॉसमिशन नही हो रहा है तत्पश्चात् वह मूल्यांकन इकाई एम0डी0ए0 मुक्त मानी जायेगी।

बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 अश्वनी कुमार, अपर/ उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, डी0सी0 एम0डी0एम0, उपायुक्त स्वत: रोजगार, जिला मलेरिया अधिकारी, अधीक्षक सामु0 स्वा0केन्द्र नगवों, चोपन, म्योरपुर, बभनी, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी रावर्टसगंज अर्बन, जोनल कोआर्डिनेटर डब्लू0एच0ओ0, एस0एम0ओ0 डब्लू0एच0ओ0, कार्यालय जिला मलेरिया अधिकारी समस्त अधिकारी/कर्मचारी, उपस्थित रहें।

रामगढ़ में 23 को भिखारी बाबा कराएंगे 18 निर्धन कन्याओं की शादी

तरूणमित्र न्यूज

सोनभद्र। रामगढ़ स्थित भिखारी बाबा आश्रम में चल रहे नौ दिवसीय विराट रूद्र महायज्ञ की जहां 23 अप्रैल को पूर्णाहुति होगी, वहीं 18 निर्धन कन्याओं की शादी भी कराई जाएगी। जिसमें अयोध्या, वाराणसी, चित्रकूट एवं प्रयागराज से आए महंत एवं संत भी विवाह के साक्षी बनेंगे। जबकि डीएम-एसपी व शिव शक्ति महिला मंडल की ओर से 51 महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा। विशाल भंडारा चलेगा, जिसमें श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे।

कार्यक्रम के आयोजक/संयोजक भिक्षुक भिखारी जंगली दास दीनबंधु रमाशंकर गिरी जी महाराज ने बताया कि मणिराम छावनी रामजन्मभूमि अयोध्या के महंत कमल नयन दास जी महाराज के आशीर्वाद से नौ दिवसीय विराट रूद्र महायज्ञ एवं 18 निर्धन कन्याओं का शुभ विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। आचार्यगण राजेश कुमार तिवारी, योगेश तिवारी, गिरीश पाठक, रेवती तिवारी एवं राजेश कुमार पाठक द्वारा विराट रूद्र महायज्ञ की पूर्णाहुति एवं 18 निर्धन कन्याओं की शादी संपन्न कराई जाएगी।

उन्होंने यह भी बताया कि वर-वधुओं को आशीर्वाद देने के लिए मणिराम छावनी रामजन्मभूमि अयोध्या के महंत कमल नयन दास जी महाराज, प्रयागराज बाघम्बरी गद्दी के महंत बलबीर गिरी जी महाराज, वाराणसी सतुआ बाबा आश्रम के महंत संतोष दास जी महाराज, अन्नपूर्णा मंदिर वाराणसी के महंत शंकर पूरी जी महाराज व चित्रकूट रामघाट के महंत रामनरेश दास जी महाराज भी आएंगे। इस दौरान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीएम बीएन सिंह,विशिष्ट अतिथि एसपी एके मीणा व शिव शक्ति महिला मंडल की संरक्षिका सुशीला पाठक द्वारा समाजसेवा कर रही 51 महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम भिखारी भोले सेवा ट्रस्ट एवं शिव शक्ति महिला मंडल द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया है। एमएलसी विनीत सिंह, मैट अनपरा एजेंसी लिमिटेड के प्रबंधक संदीप सिंह व मैनेजर एसके द्विवेदी भी कार्यक्रम में शामिल होंगे।

उन्होंने यह भी बताया कि एनटीपीसी बीजपुर की ओर से निर्धन कन्याओं के लिए 101 सिलाई मशीन उपलब्ध करा दी गई है। जिसमें महाकुंभ प्रयागराज में 83 कन्याओं की शादी संपन्न हुई थी उन कन्याओं को भी सिलाई मशीन दी जाएगी। लैंको पावर प्लांट की ओर से ड्रम सेट बर्तन, छात्र शक्ति के उमाशंकर सिंह की ओर से बेटियों को अटैची, वरिष्ठ अधिवक्ता जितेंद्र बहादुर सिंह (जेबी सिंह उर्फ राय साहब) द्वारा बेटियों के लिए कलश, समाजसेवी जय प्रकाश केशरी द्वारा बेटियों को पायल, हरीश अग्रवाल द्वारा बेटियों को कंबल, अनिल सिंह द्वारा गदा, अतुल पांडेय द्वारा दान उपलब्ध करा दिया गया है।

संत रामनिवास शुक्ल, आचार्य रेवती तिवारी, संरक्षक राजेश कुमार पाठक, ताड़केश्वर केशरी ओबरा, सालिक राम साहू, संरक्षिका सुशीला पाठक, महामंत्री चिंता मौर्य , संरक्षिका विमला देवी, अध्यक्ष किरन मोदनवाल, साध्वी कृष्णावती, संगीता, दीनदयाल केसरी, मनोज केसरी, अजय कुमार सिंह, परमानंद, श्री राम, गुसेश्वर, शिवकुमार केशरी, राममूरत गुप्ता, भरत सिंह कुशवाहा, शिवशंकर आदि लोग कार्यक्रम को सफल बनाने में जुट गए हैं। भिखारी बाबा ने कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने का आग्रह किया है।

दुद्धी में आधार संशोधन के लिए भटक रहे लोग

तरूणमित्र न्यूज

दुद्धी,सोनभद्र। दुद्धी तहसील मुख्यालय पर बैंक एवं डाक घर का आधार सेंटर बन्द हो जाने के कारण परेशानी बढ़ गई हैं और दर्जनों ग्रामीण प्रतिदिन बैंक और डॉक घर से पूछताछ करके वापस लौट जा रहे हैं। दुद्धी में इस समय मात्र एक आधार सेंटर ब्लॉक संसाधन केंद्र का संचालित हैं जहाँ सिर्फ बच्चो का आधार अपडेट एवं संशोधन का कार्य चल रहा हैं।

वहां भी भीड़ इतनी बढ़ जा रही हैं कि लोगों को बिना आधार कार्ड बनवाएं एवं सुधरवाएं ही निराश होकर वापस लौट रहे हैं वही इन दिनों भीषण गर्मी व हीट वेब बढ़ जाने के कारण घरों से लोगों का निकलना दुश्वार है वही बच्चों के अभिभावक आधार कार्ड संशोधन एवं बनवाने के लिए सुबह 6:00 बजे से ही केंद्र पर पहुंचकर भूखे प्यासे आधार कार्ड संशोधन हेतु बैठे रहते हैं फिर भी उनका आधार कार्ड नहीं सुधर पा रहा है,एक तरफ जहां बच्चों के पठन-पाटन का समय परिवर्तन कर सुबह 7:30 बजे से 12:00 तक किया गया है, ताकि हीट वेब बचा जा सके वही बच्चों को लेकर सुबह से शाम तक आधार कार्ड सेंटर के बाहर परिजन बैठे रहते हैं इस संबंध में मुड़ीसेमर के मनोज पाल, करहिया के उमेश, हथावानी के राजू, मनबसा के सूरज सहित अन्य लोगों ने बताया कि हमलोग अपने बच्चों का आधार कार्ड सुधरवाने के लिए विगत तीन दिनों से दौड़ रहा हूं लेकिन आधार कार्ड नहीं सुधार पा रहा है वही इतनी भीषण गर्मी है कि कुछ कहा नहीं जा सकता कि कब कौन बीमार हो जाए, रंन्नू निवासी राजेश कुमार ने बताया कि दो बच्चों को लेकर ब्लॉक संसाधन परिसर में बने आधार सेंटर का चक्कर काट कर बेटियों को लेकर 10 वापस चला जाता है आज चौथा दिन है दुद्धी क्षेत्र में केवल एक ही स्थान पर आधार संबंधित कार्य हो रहा है जिससे लोगों को अत्यधिक समस्या हो रही है केवल एक दिन में 25 से 30 लोगों का ही आधार कार्ड बन पा रहा है एवं सुधर पा रहा है जिससे दूर दराज से आए परिजनों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है यदि दुद्धी विंधमगंज अमवार सहित घने आबादी वाले जगह पर आधार केंद्र खुलने की आवश्यकता है।

परेशान परिजनों ने जिलाधिकारी से मांग किया है कि दुद्धी तहसील मुख्यालय पर कम से कम पांच आधार सेंटर खोले जाने चाहिए वही विंढमगंज, अमवार, महुली सहित अन्य स्थानों पर भी आधार कार्ड संशोधन केंद्र खुलना चाहिए जिससे आमजन को परेशानियों को सामना न करना पड़े और लंबी दूरी भी नहीं जाना पड़े। समस्याओं को लेकर आधार कार्ड संचालक से बात की गई तो उन्होंने बताया कि सुबह 6. 00 बजे से ही उन लोगों की लंबी लाइन केंद्र पर इकट्ठा हो जा रहा है जिससे बहुत भीड़भाड़ लगने के वजह से समस्या हो रही है एक दिन में कम से कम 25 आधार कार्ड सुधरे एवं बनाए जा रहे हैं वहीं सरकारी स्कूलों के 15 आधार कार्ड बनाए जा रहे हैं जिससे समस्या हो रही है। दुद्धी कस्बे में सिर्फ एक ही आधार केंद्र संचालित हो रहा है जिससे प्रतिदिन भीड़ इकट्ठा हो जा रही दुद्धी में पहले से बंद एवं नए आधार कार्ड सेंटर खोला जाना अत्यंत आवश्यक है।

"हमारी शक्ति-हमारा ग्रह"थीम पर हिण्डाल्को में मनाया गया विश्व पृथ्वी दिवस

तरूणमित्र न्यूज

रेणुकूट/सोनभद्र। हर वर्ष दिनांक 22 अप्रैल को मनाया जाने वाला 'विश्व पृथ्वी दिवस', हिण्डाल्को, रेणुकूट में पूरे जोश से मनाया गया। हिण्डाल्को इन्वायरमेंट सेल द्वारा हिण्डाल्को मानव संसाधन भवन लॉन में आयोजित कार्यक्रम में संस्थान के मुखिया समीर नायक, क्लस्टर एच.आर. हेड जसबीर सिंहसहित बड़ी संख्या में वरिष्ठ अधिकारियों एवं सहकर्मियों ने भाग लिया।

"हमारी शक्ति-हमारा ग्रह"के अनुरूप सभी ने पृथ्वी को अधिक से अधिक पौधरोपण कर हरा-भरा रखने तथा पेड़ लगाकर, प्लास्टिक का प्रयोग कम करके, ऊर्जा की बचत एवं प्रकृति के साथ संतुलन बनाकर हम भी इस अभियान में अपना योगदान सुनिश्चित करने का अपना संकल्प दोहराया। इस मौके पर जागरुकता रैली का भी आयोजन किया गया। इन्वारमेंट सेल के प्रमुख सत्यजीत आचार्या ने हिण्डाल्को में पर्यावरण को संरक्षित करने हेतु किये जा रहे प्रयासों के बारे में बताया। साथ ही वार्षिक पौधरोपण के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी। वहीं इस मौके पर समीर नायक ने कहा कि विश्व पृथ्वी दिवस पर ही नहीं बल्कि हर दिन हम सभी को सकारात्मक बदलाव लाने में अपनी भूमिका का निर्वहन सुनिश्चित करना होगा तभी हम इस धरा को हरा-भरा रखने में अपनी भूमिका निभा सकते हैं।

हमारा उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना, प्रदूषण को कम करना, प्राकृतिक संसाधनों की बचत और उचित उपयोग, रीसायक्लिंग को बढ़ावा देना और पेड़-पौधों को लगाकर धरती को हरा-भरा बनाना है। इस अवसर पर श्री सिंह ने कहा कि हमें यह संकल्प लेना होगा कि हम न केवल अपने प्लांट को बल्कि अपने घर और आस-पड़ोस में रहने वाले लोगों में जागरुकता फैलाकर और अपनी आदतों में सुधार कर अपने आने वाली पीढ़ी के लिए पृथ्वी को संरक्षित करने में करने में अपना सहयोग सुनिश्चित करेंगे। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने किसी विशेष अवसर जैसे- जन्मदिन, वार्षिकोत्सव व अन्य अवसरों पर आदत स्वरूप पौधरोपण अवश्य करना चाहिए साथ ही बच्चों को भी इसके लिए प्रेरित करना चाहिए। समीर नायक एवं जसबीर सिंह ने एक सुर में सभी से पौधा लगाकर धरती को हरा-भरा व स्वच्छ रखने का आह्वान किया। कार्यक्रम में हिण्डाल्को के वरिष्ठ अधिकारी जयश्री तिवारी, विवेक कुमार, राजेश दूबे, कर्नल (सेनि.) रोहित शर्मा, तपस चौधरी व अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन व धन्यवाद ज्ञापन इन्वारमेंट सेल के प्रमुख सत्यजीत आचार्याने किया। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर प्लांट के विभिन्न विभागों, हिण्डाल्को स्कूल में प्रश्नोत्तरी, चित्रकला, रंगोली एवं भाषण प्रतियोगिताओं के माध्यम में पृथ्वी दिवस पर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

सीढ़ी लगाकर छत के रास्ते मकान के अंदर घुसे चोर

तरूणमित्र न्यूज

भदोही। सुरियावां थाना क्षेत्र के मेढी गांव में सोमवार की रात चोरों ने मकान के पीछे सीढ़ी लगाकर चोरी की घटना को अंजाम दिया। लाखों का सामान चोरी कर चोर चंपत हो गए। पीड़ित द्वारा चोरी के इस घटना की तहरीर पुलिस को दी गई।

पुलिस छानबीन में जुटी रही। उक्त गांव में पत्रकार अमर सिंह का मकान है। सोमवार की रात बिजली न रहने के कारण उनके परिवार के सभी लोग घर के बाहर सो रहे थे। रात के किसी समय चोर मौके का फायदा उठाते हुए मकान के पीछे सीढ़ी लगाकर छत पर चढ़कर अंदर घुस गए। चोरों ने खुले कमरे में रखे बक्से को तोड़कर उसमें रखे गए दो दर्जन कीमती साड़ियां चुरा लिए।

इसके अलावा सोने की बालियां, मागटिका, झाला, चांदी की कमरपेटी व पैंजनी भी चुरा ले गए। सुबह नींद खुलने के बाद परिवार के लोग कमरे में गए तो टूटा बक्सा और बिखरा पड़ा सामान देखकर सभी सन्न रह गए। पीड़ित द्वारा इसकी सूचना स्थानीय थाना की पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष अजीत प्रताप श्रीवास्तव मय हमराहियों के साथ मौके पर पहुंच गए थे। जहां पर पुलिस द्वारा चोरी के इस घटना की जांच पड़ताल की जा रही थी।

घायल हुई गाय का बीडीओ ने करवाया उपचार, भिजवाया गौ आश्रय स्थल

तरूणमित्र न्यूज

मीरजापुर। हलिया बाजार स्थित भारत गैस एजेंसी के पास मंगलवार सुबह अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हुई एक बेसहारा गाय चिलचिलाती धूप में बीच सड़क पर दर्द से छटपटा रही थी। गाय के घायल होने की खबर पाकर मौके पर पहुंचे बीडीओ विजय शंकर त्रिपाठी ने पशुचिकित्साधिकारी हलिया डॉ कमलेश कुमार को घायल गाय के उपचार के लिए सूचित किया। पशु चिकित्साधिकारी ने गाय के उपचार हेतु पशुधन प्रसार अधिकारी विपुल राय को मौके पर भेजा। पशुधन प्रसार अधिकारी ने गंभीर रूप से घायल गाय का प्राथमिक उपचार किया। वहीं बीडीओ के निर्देश पर ग्राम सचिव कौशलेंद्र राय द्वारा गंभीर रूप से घायल गाय को गौ आश्रय स्थल पर भिजवाया गया। स्थानीय लोगों ने बीडीओ द्वारा घायल गाय का उपचार करवाने और गौ सेवा तथा पशुओं के प्रति उनके लगाव की सराहना की।

मजदूर की संदिग्ध परिस्थितियों में मिली लाश

तरूणमित्र न्यूज

मीरजापुर। जिले के जिगना थाना क्षेत्र के मनिकठी गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में ईंट भट्ठा मजदूर का शव मिलने पर क्षेत्र में हड़कंप मच गया।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताते चलें कि छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले के झांझ बोझिदा गांव निवासी मोहित राम पोर्ते पत्नी व बाल बच्चों के साथ जिगना थाना क्षेत्र अंतर्गत मनिकठी गांव में स्थित शुभम ईंट भट्ठे पर मजदूरी का काम करता था। पत्नी सरिता ने बताया कि सोमवार को देर रात उसका अपने पति मोहित से कहासुनी व विवाद हो गया था। जिसके कुछ देर बाद मोहित कहीं गायब हो गया था। काफी खोजबीन के बाद भी उसका कोई पता नहीं चला था। इधर खोजबीन चल ही रहा था कि ईंट भट्ठे से कुछ ही दूरी पर एक पेड़ की डाल से मोहित का शव लटक रहा था। बगल से गुजर रहे ग्रामीणों ने शव देखा तो शोर मचाने लगे।

मृतक एक बेटी व दो बेटों का पिता था। वह शुभम ईंट भट्ठे पर निवास कर परिवार का भरण-पोषण करता था। थाना प्रभारी अभय सिंह ने बताया कि भट्ठा मालिक की सूचना पर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। मौके पर छानबीन की जा रही है। क्यों और किन परिस्थितियों में मजदूर की मौत हुई तरह तरह की चर्चाओं का बाजार गर्म रहा। इसी ईंट भट्ठे पर बीते साल संदिग्ध परिस्थितियों में दो तीन मजदूरों की मौत हो गई थी। वहीं दूसरी ओर मिर्ज़ापुर असंगठित कामगार यूनियन (माकू) के महामंत्री मंगल तिवारी ने कहा है कि ईंट भट्ठा मजदूर की संदिग्धावस्था में मौत की खबर हुई है। उन्होंने मजदूर की मौत पर गहरा दु:ख व्यक्त करते हुए कहा है कि यूनियन का प्रतिमंडल मौके पर जाकर पीड़ित परिवार से मिलेगा तथा सम्पूर्ण वस्तुस्थिती से अवगत होते हुए आगे की कार्रवाई के लिए कदम बढ़ाएगा।

वहीं जिला प्रशासन और संबंधित विभाग से जो भी न्योचित सहायता अनुमन्य होगा उसे पीड़ित परिवार को दिलाने में मदद की जाएगी।

कार्यालय ग्राम पंचायत चकबेसहुदासमाफी, विकास खण्ड खुटहन, जौनपुर

पत्रांक: मेमो/निविदा/2025-26

दिनांक- 22.04.2025

अल्पकालिक निविदा

वित्तीय वर्ष 2025-26 में ग्राम पंचायत द्वारा राज्य वित्त आयोग/15वां केन्द्रीय वित्त आयोग/ग्राम स्वराज अभियान/मनरेगा योजनान्तर्गत प्राप्त धनराशि से एस.एल.डब्ल्यू.एम. (SLWM), पौधरोपण, डस्टबिन, सोलर लाइट, इण्टरलाकिंग, नाली, खड़ंजा, पुलिया, हैण्डपम्प, सोख्ता, गड्ढा, डेस्क, बेंच, ग्रीन बोर्ड, दिशासूचक बोर्ड, सुन्दरीकरण, पौधरोपण, प्लम्बरिंग कार्य, सफाई किट, ब्लीचिंग पाउडर, स्ट्रीट लाइट, सी.सी. टीवी कैमरा, खेलकूद सामग्री, कोविड-19 कोरोना किट, फागिंग मशीन, सामुदायिक शौचालय, अन्त्येष्टि गृह, एनएम सेन्टर, पंचायत भवन, सामुदायिक भवन, आंगनबाड़ी केन्द्र निर्माण/मरम्मत, गौशाला निर्माण, भूसा चारा, विद्यालय का कायाकल्प, बाउण्ड्री वाल, पी.वी.सी. पाईप विभिन्न साईज में, मरम्मत, भवन निर्माण सम्बन्धित सामग्री एवं ग्राम पंचायत में अन्य कार्य हेतु सामग्री क्रय के लिए ग्राम पंचायत में सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है जिसे इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 23.04.25 से दिनांक 28.04.25 को 02.00 बजे तक सीलबंद निविदा ग्राम पंचायत के कार्यालय में जमा की जा सकती है। जो दिनांक 29.04.25 को दोपहर 12.00 बजे खोली जायेगी। उक्त कार्य कराने हेतु इण्टरलाकिंग ईंट, ईंट गिट्टी, पत्थर गिट्टी, एस.ओ.बी. ईंट, सीमेन्ट, बालू, सरिया, लकड़ी/लोहे का दरवाजा, पेन्ट, विद्युतीकरण हेतु इलेक्ट्रिक सामग्री, शौचालय शेड, ह्यूम पाइप, टाइल्स गिट्टी, चूना, ट्रीगार्ड, हाइमास्क लाइट, कोरोना किट सहित, जिम, खेलकूद व पार्क में व्यायाम करने से संबंधित सामग्री आदि की आवश्यकता होगी। अत: ग्राम सभा/विकास खण्ड/जनपद के पंजीकृत आपूर्तिकर्ता उपरोक्त सामग्री आपूर्ति हेतु सीलबन्द निविदा आमंत्रित है।

क्र.सं.	परियोजना का नाम/सामग्री	मात्रा	दर
1	ईट 150 एम.एम. प्रथम श्रेणी / एस.ओ.बी. ईट	प्रति हजार	
2	सीमेन्ट	प्रति बैग	
3	मोरंग बालू, महीन बालू, गंगा बालू	प्रति घन मी.	
4	स्टोन ब्लास्ट, डाला गिट्टी, पत्थर गिट्टी 20 एम.एम. से 53 एम.एम. तक ईट गिट्टी 20 एम.एम./42एम.एम.	प्रति घन मी.	
5	सरिया विभिन्न साइज	प्रति कुन्तल	
6	करकर/एसबेस्टर सीट, पैनल आयरन, समरसेबुल, बोरिंग प्लेटफार्म सहित	प्रति नग	
7	पैवर्स ब्लाक ईट/ इण्टरलाकिंग ईट/जागजेडा इण्टरलाकिंग ईट	प्रति हजार	
8	सोलर लाईट/विद्युत सामग्री/ स्ट्रीट लाईट / हाइमास्क सोलर लाइट	प्रति नग	
9	शौचालय निर्माण सामग्री/ पंचायत भवन निर्माण सामग्री		
10	ह्यूम पाइप 150 एम.एम. 300 एम.एम. 350 एम.एम. 600 एम.एम. 800 एम.एम. NP3	प्रति मी0	
11	ढक्कनदार नाली निर्माण में प्रयुक्त होने वाली सामग्री आवश्यकतानुसार		
12	गिट्टी की भराई, समतलीकरण का कार्य	प्रति घन मी0	
13	सफाइकर्मी स्वच्छता किट / सेनेटाइजर, डस्टबीन सहित अन्य संबंधित सामग्री	प्रति नग	
14	कटीला तार एवं ईगल / प्रिकास्ट कंकरीट बेंच	प्रति नग	
15	इण्डिया मार्क-2 हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री/ रिबोर	प्रति नग	
16	मैदान के सुन्दरीकरण हेतु घास, जिम व खेलकूद सामग्री, पार्क बेंच	प्रति घन मी0	
17	चूना, पेन्ट इत्यादि	प्रति नग	
18	वाल पेंटिंग व प्रचार-प्रसार इत्यादि	प्रति वर्ग मी0	
19	विडियो कैमरा, दिशासूचक बोर्ड/पब्लिक अड्रेस सिस्टम, स्कूल के लिए डेक्स व बेन्च।	प्रति नग	
20	गौशाला में चूना-चोकर, भूसा		
21	हैण्डपम्प की निष्प्रयोज्य सामग्री की खुली नीलामी		

नियम एवं शर्तें-

1. सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृत होने के बाद निर्धारित की जायेगी।
2. आवश्यकतानुसार सामग्री आपूर्ति प्रधान एवं ग्राम पंचायत अधिकारी के आदेश पर ही की जायेगी, अन्यथा नहीं।
3. सामग्री की मात्रा घटायी या बढ़ायी जा सकती है।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि से स्वीकृत दर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी।
5. सामग्री आपूर्तिकर्ता द्वारा 50 रुपये के स्टाम्प पेपर पर बॉण्ड भरना अनिवार्य होगा तदोपरान्त आपूर्ति किया जायेगा।
6. सामग्री आपूर्ति के बाद निर्माण समिति की स्वीकृति के बाद भुगतान किया जायेगा।
7. आपूर्तिकर्ता का सेल टैक्स विभाग में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य तथा आयकरदाता हो प्रमाणित छायाप्रति संलग्न की जाय।
8. प्रस्तुत दर पी.डब्लू.डी. के स्वीकृत दर से अधिक न हो।
9. सामग्री आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा में की जानी अनिवार्य होगी।
10. सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं पाये जाने की दशा में भुगतान की धनराशि नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी।
11. निविदा बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।
12. आपूर्तिकर्ता को 4% वाणिज्यकर एवं 2.24% आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा।

प्रमोद यादव
ग्राम विकास/ग्राम पंचायत अधिकारी चकबेसहुदासमाफी
विकास खण्ड खुटहन, जौनपुर

अजीत कुमार
प्रधान- ग्राम पंचायत चकबेसहुदासमाफी
विकास खण्ड खुटहन, जौनपुर

कार्यालय ग्राम पंचायत अक्खीपुर, विकास खण्ड खुटहन, जौनपुर

पत्रांक: मेमो/निविदा/2025-26

दिनांक- 22.04.2025

अल्पकालिक निविदा

वित्तीय वर्ष 2025-26 में ग्राम पंचायत द्वारा राज्य वित्त आयोग/15वां केन्द्रीय वित्त आयोग/ग्राम स्वराज अभियान/मनरेगा योजनान्तर्गत प्राप्त धनराशि से एस.एल.डब्ल्यू.एम. (SLWM), पौधरोपण, डस्टबिन, सोलर लाइट, इण्टरलाकिंग, नाली, खड़ंजा, पुलिया, हैण्डपम्प, सोख्ता, गड्ढा, डेस्क, बेंच, ग्रीन बोर्ड, दिशासूचक बोर्ड, सुन्दरीकरण, पौधरोपण, प्लम्बरिंग कार्य, सफाई किट, ब्लीचिंग पाउडर, स्ट्रीट लाइट, सी.सी. टीवी कैमरा, खेलकूद सामग्री, कोविड-19 कोरोना किट, फागिंग मशीन, सामुदायिक शौचालय, अन्त्येष्टि गृह, एनएम सेन्टर, पंचायत भवन, सामुदायिक भवन, आंगनबाड़ी केन्द्र निर्माण/मरम्मत, गौशाला निर्माण, भूसा चारा, विद्यालय का कायाकल्प, बाउण्ड्री वाल, पी.वी.सी. पाईप विभिन्न साईज में, मरम्मत, भवन निर्माण सम्बन्धित सामग्री एवं ग्राम पंचायत में अन्य कार्य हेतु सामग्री क्रय के लिए ग्राम पंचायत में सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है जिसे इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 23.04.25 से दिनांक 28.04.25 को 02.00 बजे तक सीलबंद निविदा ग्राम पंचायत के कार्यालय में जमा की जा सकती है। जो दिनांक 29.04.25 को दोपहर 01.00 बजे खोली जायेगी। उक्त कार्य कराने हेतु इण्टरलाकिंग ईंट, ईंट गिट्टी, पत्थर गिट्टी, एस.ओ.बी. ईंट, सीमेन्ट, बालू, सरिया, लकड़ी/लोहे का दरवाजा, पेन्ट, विद्युतीकरण हेतु इलेक्ट्रिक सामग्री, शौचालय शेड, ह्यूम पाइप, टाइल्स गिट्टी, चूना, ट्रीगार्ड, हाइमास्क लाइट, कोरोना किट सहित, जिम, खेलकूद व पार्क में व्यायाम करने से संबंधित सामग्री आदि की आवश्यकता होगी। अत: ग्राम सभा/विकास खण्ड/जनपद के पंजीकृत आपूर्तिकर्ता उपरोक्त सामग्री आपूर्ति हेतु सीलबन्द निविदा आमंत्रित है।

क्र.सं.	परियोजना का नाम/सामग्री	मात्रा	दर
1	ईट 150 एम.एम. प्रथम श्रेणी / एस.ओ.बी. ईट	प्रति हजार	
2	सीमेन्ट	प्रति बैग	
3	मोरंग बालू, महीन बालू, गंगा बालू	प्रति घन मी.	
4	स्टोन ब्लास्ट, डाला गिट्टी, पत्थर गिट्टी 20 एम.एम. से 53 एम.एम. तक ईट गिट्टी 20 एम.एम./42एम.एम.	प्रति घन मी.	
5	सरिया विभिन्न साइज	प्रति कुन्तल	
6	करकर/एसबेस्टर सीट, पैनल आयरन, समरसेबुल, बोरिंग प्लेटफार्म सहित	प्रति नग	
7	पैवर्स ब्लाक ईट/ इण्टरलाकिंग ईट/जागजेडा इण्टरलाकिंग ईट	प्रति हजार	
8	सोलर लाईट/विद्युत सामग्री/ स्ट्रीट लाईट / हाइमास्क सोलर लाइट	प्रति नग	
9	शौचालय निर्माण सामग्री/ पंचायत भवन निर्माण सामग्री		
10	ह्यूम पाइप 150 एम.एम. 300 एम.एम. 350 एम.एम. 600 एम.एम. 800 एम.एम. NP3	प्रति मी0	
11	ढक्कनदार नाली निर्माण में प्रयुक्त होने वाली सामग्री आवश्यकतानुसार		
12	गिट्टी की भराई, समतलीकरण का कार्य	प्रति घन मी0	
13	सफाइकर्मी स्वच्छता किट / सेनेटाइजर, डस्टबीन सहित अन्य संबंधित सामग्री	प्रति नग	
14	कटीला तार एवं ईगल / प्रिकास्ट कंकरीट बेंच	प्रति नग	
15	इण्डिया मार्क-2 हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री/ रिबोर	प्रति नग	
16	मैदान के सुन्दरीकरण हेतु घास, जिम व खेलकूद सामग्री, पार्क बेंच	प्रति घन मी0	
17	चूना, पेन्ट इत्यादि	प्रति नग	
18	वाल पेंटिंग व प्रचार-प्रसार इत्यादि	प्रति वर्ग मी0	
19	विडियो कैमरा, दिशासूचक बोर्ड/पब्लिक अड्रेस सिस्टम, स्कूल के लिए डेक्स व बेन्च।	प्रति नग	
20	गौशाला में चूना-चोकर, भूसा		
21	हैण्डपम्प की निष्प्रयोज्य सामग्री की खुली नीलामी		

नियम एवं शर्तें-

1. सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृत होने के बाद निर्धारित की जायेगी।
2. आवश्यकतानुसार सामग्री आपूर्ति प्रधान एवं ग्राम पंचायत अधिकारी के आदेश पर ही की जायेगी, अन्यथा नहीं।
3. सामग्री की मात्रा घटायी या बढ़ायी जा सकती है।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि से स्वीकृत दर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी।
5. सामग्री आपूर्तिकर्ता द्वारा 50 रुपये के स्टाम्प पेपर पर बॉण्ड भरना अनिवार्य होगा तदोपरान्त आपूर्ति किया जायेगा।
6. सामग्री आपूर्ति के बाद निर्माण समिति की स्वीकृति के बाद भुगतान किया जायेगा।
7. आपूर्तिकर्ता का सेल टैक्स विभाग में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य तथा आयकरदाता हो प्रमाणित छायाप्रति संलग्न की जाय।
8. प्रस्तुत दर पी.डब्लू.डी. के स्वीकृत दर से अधिक न हो।
9. सामग्री आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा में की जानी अनिवार्य होगी।
10. सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं पाये जाने की दशा में भुगतान की धनराशि नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी।
11. निविदा बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।
12. आपूर्तिकर्ता को 4% वाणिज्यकर एवं 2.24% आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा।

प्रमोद यादव
ग्राम विकास/ग्राम पंचायत अधिकारी अक्खीपुर
विकास खण्ड खुटहन, जौनपुर

संतोष कुमार
प्रधान- ग्राम पंचायत अक्खीपुर
विकास खण्ड खुटहन, जौनपुर

पुलिस ने गैंगरेप के नौ आरोपियों को किया गिरफ्तार

जौनपुर। शाहगंज में कल देर रात पांच नाबालिग लड़कों ने एक लड़की के साथ गैंग रेप किया। यह खबर मिलते ही पुलिस पीड़िता को इलाज के अस्पताल में भर्ती कराया। उधर एसपी ने आरोपियों की गिरफ्तारी के पांच टीमें गठित किया, ये टीम चार घंटे के भीतर पांच आरोपियों और चार सह अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। शाहगंज कोतवाली क्षेत्र में एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है इस इलाके के एक नाबालिग लड़की के साथ 5 लोगों ने रेप किया तथा चार अन्य लड़कों ने सहयोग किया।

गैंगरेप से पीड़िता की हालत गम्भीर हो गई। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शैलेन्द्र कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिये कुल पांच टीमों को रवाना किया गया था। मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि अभियुक्त एक सूनसान बिल्डिंग में इकठ्ठा होकर भागने की योजना बना रहे है। इस सूचना पर पुलिस टीम के द्वारा घेरा बन्दी किया गया और अभियुक्तों की गिरफ्तारी का प्रयास किया गया। घेरा बन्दी के दौरान अभियुक्तगण भागने के लिये बिल्डिंग की छत से कूदकर भागने लगे। बिल्डिंग की छत से कूदने व भागने के दौरान अभियुक्तों को चोटें आयी, जिन्हें पुलिस टीम के द्वारा अस्पताल ले जाकर भर्ती कराया गया, इनके कब्जे से मोबाइल फोन व अन्य सामान बरामद हुआ है। अभियुक्तों को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही कर जेल भेजने की कार्यवाही की जा रही है।

तमंचा कारतूस के साथ एक धराया

जौनपुर। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों/वारंटियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में शैलेन्द्र कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) के दिशा निर्देशन व क्षेत्राधिकारी बदलापुर, विवेक कुमार सिंह के कुशल पर्यवेक्षण व प्रभारी निरीक्षक बदलापुर मनोज कुमार पाण्डेय के कुशल संचालन में विशेष अभियान चलाकर, थाना बदलापुर पुलिस टीम उनि रामसुन्दर मौर्य मय हमराह, के द्वारा एक, अभियुक्त वीरेन्द्र प्रताप यादव पुत्र परमहंस यादव निवासी मोलनापुर थाना बदलापुर के कब्जे से एक तमंचा 312 बोर व दो जिन्दा कारतूस 312 बोर बरामद करते हुए कारण गिरफ्तारी बताते हुए 21 अप्रैल को हिरासत पुलिस में लिया गया। बरामदगी के आधार पर सुसंगत धाराओं मे अभियुक्तगण उपरोक्त के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

शांति भंग में दो का चालान

जौनपुर। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) आयुष श्रीवास्तव के दिशा निर्देशन व क्षेत्राधिकारी केराकत अजीत कुमार रजक के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष फूलचन्द पाण्डेय के नेतृत्व मे उपनिरीक्षक रविप्रकाश थाना हाजा पर जनसुनवाई कर रहे थे कि प्रथम पक्ष के पवन पुत्र हरिलाल गौतम निवासी गौराबादशाहपुर व द्वितीय पक्ष के विमला पत्नी लालचन्द्र निवासी बारी रोड थाना गौराबादशाहपुर के मध्य कागज फाड़ने की बात को लेकर विवाद चल रहा है जिससे दोनों पक्षों को काफी समझाने का प्रयास किया गया। द्वितीय पक्ष के विमला तो मान गयी लेकिन प्रथम पक्ष के पवन उपरोक्त हम पुलिस वालों की बात को न मानकर आमदा फौजदारी हो रहा था कि शान्ति व्यवस्था का और कोई उपाय न देखकर कारण गिरफ्तारी बताते हुये अन्तर्गत धारा 170 बीएनएसएस हिरासत मे लिया गया।

आधा दर्जन को पुलिस ने गिरफ्तार

जौनपुर। पुलिस अधीक्षक के द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी व शान्ति व्यवस्था बनाए रखने हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के दिशा निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक जफराबाद के नेतृत्व में उपनिरीक्षक संजय कुमार मय हमराह द्वारा विभिन्न विवादो मे मो0 रफीक पुत्र स्व0मो0 इश्हाक निवासी उत्तरगांवा थाना मो0 शरीफ पुत्र स्व0 मो0 इश्हाक मो0 जुनैद पुत्र मो0 रफीक नि0 उत्तरगांवा थाना, मो0 हाशिम पुत्र मो0 शरीफ द्वारा मु0अ0सं0 73/25 की वादिनी सईदुनिशा पत्नी स्व0इश्हाक निवासी उत्तरगांवा का रूम ताला तोड़कर कब्जा कर लेने तथा, बजरंगी पुत्र जियालाल निषाद निवासी कलन्दरपुर द्वारा अपनी माता से पारिवारिक विवाद को लेकर विवाद करने व मनीष यादव पुत्र रामभेज यादव नि0 समोपुर कला द्वारा नशे की हालत में बुद्धिराम मौर्या पुत्र स्व0मेवालाल नि0 पिण्डरा से वाद विवाद को लेकर शान्ति व्यवस्था भंग की आशंका के दृष्टिगत गिरफ्तार कर लिया।

पृथ्वी को खुशहाल बनाएं रखने में दें योगदान : तहसीलदार

जौनपुर। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृतीय/सचिव पूर्णकालिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रशांत कुमार सिंह ने अवगत कराया है कि राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के एक्शन प्लान वर्ष 2025-2026 के निर्देशानुसार एवं, जनपद न्यायाधीश /अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनिल कुमार वर्मा के निर्देशन में "विश्व अर्थ दिवस" के विषय पर अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृतीय/सचिव पूर्णकालिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रशांत कुमार सिंह, की देख-रेख में "होली चाइल्ड रूहट्टा उमरपुर," में विधिक साक्षरता/जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर को सम्बोधित करते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृतीय/सचिव पूर्णकालिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बताया गया कि पृथ्वी दिवस एक वार्षिक आयोजन है। जिसे 22 अप्रैल को दुनिया भर में पर्यावरण संरक्षण के लिए आयोजित किया जाता है। इसकी स्थापना अमेरिकी सीनेटर जेराल्ड नेल्सन ने 1970 में एक पर्यावरण शिक्षा के रूप की थी। अब इसे 192 से अधिक देशों में प्रति वर्ष मनाया जाता है। तहसीलदार सदर, सौरभ कुमार द्वारा बताया गया कि हर साल 22 अप्रैल के दिन पृथ्वी दिवस मनाया जाता है। इसे पृथ्वी दिवस के नाम से भी माना जाता है। पृथ्वी दिवस मनाने का मकसद पर्यावरण संरक्षण की तरफ सभी का ध्यान खींचना और यह कोशिश करना है कि सभी पृथ्वी को खुशहाल बनाएं रखने में योगदान दें। डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल डा. दिलीप कुमार सिंह, बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए बताया कि आप अपने जम्म दिवस पर कम से कम एक पौधा लगायें जिससे वातावरण सुरक्षित रहे। पैनल लॉयर देवेन्द्र कुमार यादव, द्वारा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ एवं राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की समस्त योजनाओं के संबंध में विस्तारपूर्वक बताया। कार्यक्रम का संचालन प्रबन्धक अशोक रघुवंशी के द्वारा किया गया।

पर्यावरण के प्रति बच्चों को किया गया सचेष्ट

बक्शा। विश्व पृथ्वी दिवस पर मंगलवार को बक्शा विकास खण्ड के दक्षिण पट्टी रन्नो कम्पोजिट विद्यालय में इको क्लब के द्वारा क्यू आर कोड्स फॉर फ्लोरा के तहत विद्यालय परिसर में स्थित समस्त पेड़ों पर क्यू आर कोड लगाए गए। छात्रों द्वारा उन वृक्षों को स्कैन करते हुए संबंधित जानकारियां दी गई। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका श्रीमती प्रीती श्रीवास्तव ने बताया कि इस गतिविधि का उद्देश्य बच्चों में डिजिटल कौशल के ज्ञान के साथ-साथ बच्चों को अपने पर्यावरण के प्रति जागरूक करना है। विद्यालय में इको क्लब के अंतर्गत हरित शिक्षिका श्रीमती जाहिरा बेगम द्वारा बच्चों की पोस्टर प्रतियोगिता कराई गई जिसमें बच्चों ने पृथ्वी दिवस के अंतर्गत विभिन्न रंग-बिरंगे और आकर्षक पोस्टर बना ग्रामीणों को भी पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया।

साविित्री कान्वेंट स्कूल में मनाया गया अर्थ-डे

पेड़ पौधों की आकृति के साथ बच्चे समेत अन्य।

जौनपुर। मंगलवार को साविित्री कान्वेंट स्कूल निकट अंबेडकर तिराहा के प्रांगण में अर्थ-डे धूमधाम से मनाया गया। जिसमें बच्चों ने अपने को पेड़ पौधों की आकृति में अपने को प्रस्तुत किया। बड़े बच्चों ने भाषण के माध्यम से अपने भाव ब्यक्त किया। जिसमें उषा, सरिता, शिवानी, संजय आदि शामिल रहे। कार्यक्रम के अंत मे प्रधानाचार्या पूनम अस्थाना ने बच्चों को पृथ्वी को बचाने के लिए उठाए जाने आवश्यक कदम की ओर सभी का ध्यान आकृष्ट किया। सभी को धन्यावाद दिया। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर डा. अजीत अस्थाना समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

कई ग्राम प्रधानों ने गौशाला में दान किया भूसा

जौनपुर। शासन के निर्देश के क्रम में जिलाधिकारी डा. दिनेश चन्द्र के कुशल नेतृत्व में जनपद में भूसा दान एवं क्रय हेतु वृहद अभियान चलाया जा रहा है। जिसके क्रम में ग्राम प्रधान तरहटी के चन्द्रेश कुमार गुप्ता द्वारा 20 कुन्तल भूसा, चरियाही के ग्राम प्रधान बृजलाल यादव ने 10 कुन्तल, रामनगर के ग्राम प्रधान प्रमिला ने 10 कुन्तल, ग्राम पंचायत बीरमपुर के कृषक अरुण कुमार सिंह के द्वारा 15 कुन्तल तथा विजईपुर के कृषक योगेन्द्र सिंह के द्वारा 10 कुन्तल, समाजसेवी अनिल द्वारा 24 कुंतल भूसा दान किया गया। इसी प्रकार अन्य गो-शालाओं में भी ग्राम प्रधानों उचित दर विक्रेता समाजसेवी आदि के द्वारा अपने सामर्थ्य के अनुसार स्वच्छा से भूसा दान किया गया तथा इस महा अभियान में अपनी सहभागिता की गयी। जिलाधिकारी ने जनपद के सम्भ्रान्त नागरिकों सहित सक्षम लोगों से अपील किया है कि इस भूसा दान अभियान में अपनी सहभागित सुनिश्चित करते हुए इस पुनीत कार्य में अपना योगदान करें।

कलियुग में भव सागर से पार होने के लिए राम का नाम ही सहारा

शाहगंज। सपा सरकार में रहे पूर्व ऊर्जा मंत्री व शाहगंज के पूर्व विधायक शैलेंद्र यादव ललई के शाहगंज स्थित पैतृक निवास पखनपुर में सोमवार को अयोध्या धाम के श्री हनुमानगढ़ी पीठ के महंत कल्याण दास जी महाराज पहुंचे। कल्याण दास जी महाराज ने कहा कि इस कलियुग में भव सागर से पार होने के लिए केवल राम का नाम ही सहारा है। राम के नाम से ही मानव को मुक्ति मिल सकती है। बताया कि मनुष्य का जीवन ईश्वर की प्राप्ति के लिए मिला है। पूर्व मंत्री ने बताया कि महाराज जी का सान्निध्य और दिव्य आशीर्वाद से पूरा परिवार कृतार्थ हुआ। लिखा कि अपने अंत:करण में उनकी ओजस्वी वाणी और दिव्य दर्शन से एक विशेष आध्यात्मिक व आंतरिक ऊर्जा का संचार हुआ। इसकी जानकारी उन्होंने अपने एक्स हैंडल पर पोस्ट करके दी है। मौके पर अधिवक्ता संजय यादव, प्रमोद यादव समेत परजन व स्थानीय लोग मौजूद रहे।

युवक की ट्रेन से कट कर मौत

जौनपुर। वाराणसी-फैजाबाद रेलवे प्रखंड स्थित जफराबाद रेलवे स्टेशन के यार्ड में एक अज्ञात युवक की किसी ट्रेन की चपेट में आकर कट जाने से मौत हो गई जीआरपी ने लाश को कब्जे में लिया और नियमानुसार 72 घंटे के लिए जिला अस्पताल के मर्चरी घर में रखवाने के बाद मृतक की पहचान करवाने हेतु जुटी हुई है। बताया गया कि जीआरपी को मंगलवार सुबह अज्ञात युवक उम्र लगभग 30 वर्ष जफराबाद रेलवे स्टेशन यार्ड लाइन नंबर एक में किसी ट्रेन से कटकर गंभीर रूप से घायल अवस्था में पड़ा हुआ है कि सूचना मिली तो जवान मौके पर पहुंच कर उसे तुरंत जिला अस्पताल ले गए जहां चिकित्सक ने देखने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के शरीर के ऊपरी भाग में कोई कपड़ा नहीं है नीले रंग की जींस पहने हुए हैं रंग गेहुआ है। जीआरपी ने लाश को कब्जे में लेकर आगे की कार्यवाही करने में जुटी हुई है।

रक्तदान शिविर का आयोजन 24 को

जौनपुर। आध्यात्मिकता ही मानव एकता को मजबूती दे सकती है तथा मानव को मानव के निकट लाकर आपसी प्रेम और सौहार्द का वातावरण बना सकी है। इसी मन्तव्य से सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज एवं निरंकारी राजपिता के आशीर्वाद से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 'मानव एकता दिवस' का आयोजन 24 अप्रैल को होगा। भारतवर्ष के प्रत्येक ब्राँचों में श्रद्धालु भक्त सम्मिलित होकर बाबा गुरबचन सिंह एवं मिशन के अनन्य भक्त चाचा प्रताप सिंह को अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करेंगे और उनके महान जीवन से प्रेरणा लेगें। यह जानकारी देते हुए स्थानीय मीडिया सहायक उदय नारायण जायसवाल ने बताया कि 24 अप्रैल को मानव एकता दिवस के दिन मड़ियाहूं पड़ाव स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन पर जोन स्तरीय रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ है। इस शिविर में रक्तदान करने के लिए जनपद के 43 ब्रांचों से श्रद्धालु भक्त शामिल होंगे। जिसका समय प्रात: 9:00 बजे से 1:00 बजे तक है। इसके अतिरिक्त जनपद के सभी ब्रांचो पर सत्संग का भी आयोजन होगा।

पेंशनर्स एवं शिक्षक सरकार से नाराज, किया संघर्ष का एलान

जौनपुर। केन्द्र सरकार से पारित वित्त बिधेयक 2025 के बिरोध मे सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के घोषित कार्यक्रम के अनुसार जनपद अध्यक्ष सीबी सिंह एवं प्राथमिक शिक्षक संघ के जनपद अध्यक्ष अरविन्द कुमार शुक्ला के संयुक्त अध्यक्षता कलेक्ट्रेट परिसर में बिरोध सभा कर, प्रदर्शन धरना दिया गया।

कलेक्ट्रेट में हुंकार भरते पेंशनर्स एवं शिक्षक।

सभा को संबोधित करते हुए अध्यक्ष सीबी सिंह ने वित्त विधेयक से पेंशनर्स को बेतन आयोग एवं महगाई राहत से डी लिकं (अलग) करने की सरकार की साजिश से आगाह करते हुए संघर्ष के लिए सभी पेंशनर्स शिक्षक को एकजुट होकर विरोध करने का आह्वान किया। प्राथमिक शिक्षक संघ के जनपद अध्यक्ष अरविन्द कुमार शुक्ला ने सरकार के पेंशनर्स ,शिक्षक एवं कर्मचारी विरोधी नितियों का विरोध करते हुऐ, पेंशनर्स आन्दोलन को हर स्तर पर सहयोग करने का आश्वासन दिया गया। माध्यमिक शिक्षक संघ के जनपद अध्यक्ष सन्तोष कुमार सिंह ने सरकार की पेंशनर्स ,कर्मचारी एवं शिक्षक के बिरोध में किए जा रहे निर्णय की आलोचना करते हुए पेंशनर्स आन्दोलन को आगे बढ़ाने का संकल्प ब्यक्त किया। सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन के जिला मन्त्री कृपाशंकर उपाध्याय ने मागों से सम्बन्धित ज्ञापन को पढ़कर सभा में पास कराया गया।

सभा में पारित ज्ञापन जिलाधिकारी के प्रतिनिधि नगर मजिस्ट्रेट इन्द्र नन्दन सिंह धरना-प्रदर्शन स्थल पर प्राप्त कर प्रधान मन्त्री भारत सरकार एवं मुख्य मन्त्री उत्तर प्रदेश सरकार को तत्काल भेजने का आश्वासन दिया गया। सभा को मुख्य रूप से सर्व राकेशकुमार श्रीवास्तव, सत्यदेव सिह, ओकांर नाथ मिश्र, अशोक कुमार मौर्य, आशाराम, रविचन्द्र यादव, रमाशंकर पाठक, मन्जूरानी राय, कान्ति सिंह, अन्जू यादव, भारती सिंह, वेचन मिश्र, बिनय कुमार गुप्ता, शिवेंद्र सिंह रानू, नरेन्द्र त्रिपाठी, राम केश यादव, राम अवधलाल, कंचन सिंह, अवधेश सिंह, विक्रम प्रकाश सिंह, राजेन्द्र कुमार यादव, नन्दलाल, रमेश, सुनील कुमार यादव, राम दुलार, लक्ष्मीकांत, केके तिवारी, दशरथ राम, शारदा प्रसाद श्रीवास्तव, बिक्रमाजीत यादव, रमाशंकर सेठ चन्द्र शेखर सिंह आदि ने सम्बोधित किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पेंशनर्स शिक्षक उपस्थित रहे। सभा का संचालन मन्त्री कृपाशंकर उपाध्याय ने किया।

ट्रेन से कटकर आत्महत्या करने आए दंपती, पति की मौत

जौनपुर। वाराणसी अयोध्या फैजाबाद रेलवे प्रखंड स्थित जाफराबाद सिरकोनी रेलवे स्टेशन के मध्य किसी ट्रेंन से आत्महत्या करने आए पति-पत्नी में ट्रेन की चपेट में आकर पति की मौत हो गई। जबकि दिव्यांग पत्नी को मामूली खरोचे आई। जीआरपी ने लाश को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जाता है कि जलालपुर थाना क्षेत्र के मथुरापुर कोटवा गांव निवासी राम बुझारत उम्र लगभग 65 वर्ष पुत्र स्वर्गीय मेवा लाल पत्नी मैना देवी उम्र लगभग 60 वर्ष को साथ लेकर बीती रात जफराबाद सरकोनी रेलवे स्टेशन के मध्य आत्महत्या करने की गरज से रेलवे लाइन पर सिर रखकर लेट गए।

इसी दौरान गुजर रही ट्रेन की चपेट में आकर राम बुझारत की मौके पर ही मौत हो गई जबकि मैंन देवी तक पहुंचने से पहले ही ट्रेन चालक ने ट्रेन को रोक दिया जिसके कारण उनकी जान बच गई। ट्रेन चालक की सूचना पर स्टेशन मास्टर ने जीआरपी को जानकारी दिया। उप निरीक्षक रविंद्र पटेल सहयोगी जवानों के साथ मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और आगे की कार्रवाई करते हुए मैना देवी को थाने लाकर उपचार करवा और आत्म हत्या करने का कारण मैना देवी से पूछने पर बताया कि उसके दो पुत्र हैं जो रोजी-रोटी के सिलसिले में मुंबई रहते हैं बहुएं घर में रहती हैं एक बहु आंगनवाड़ी में कार्य करती है। दोनों बहुएं किसी तरह का ख्याल नहीं रखती थी। दिव्यांग होने के नाते पति राम बुझारत ही देख-रेख करते थे। कोई सहारा नजर ना आने पर और वृद्ध अवस्था मैं रहकर काफी तंग होने के बाद आत्महत्या करने का ट्रेन से सोचा था।

वन मंत्री का आगमन 24 को

जौनपुर। उत्तर प्रदेश सरकार में वन मंत्री डा. अरुण सक्सेना का जनपद आगमन 24 को हो रहा है। मंत्री लखनऊ सुबह 8 बजे चलकर सुलतानपुर में डाक बंगला में 9:30 पर आएंगे। उसके साथ 9:45 बजे चलकर बदलापुर 11 बजे आयेंगे जहां श्री कमलम-जनसम्पर्क कार्यालय बदलापुर विधायक रमेश मिश्र के कार्यालय पर भाजपा कार्यकर्ताओं से मुलाकात एवं पौधरोपण करेंगे।

बदलापुर से चलकर साढ़े ग्यारह बजे से जौनपुर में पॉलीटेक्निक चौराहे पर स्वागत उपरांत जौनपुर में विभागीय निरीक्षण करेंगे। उसके साथ डाक बंगला लाईन बाज़ार पर 3:15 पर जनप्रतिनिधि, भाजपा नेताओं पार्टी कार्यकताओं से मुलाकात करेंगे। चार बजे शाम को रमेश सिंह विधायक शाहगंज- नेता विधायकदल निषाद पार्टी उत्तर-प्रदेश विधानसभा के हुसैनाबाद काशीराम सामुदायिक केन्द्र के पीछे आवास पर जायेंगे। जहा पर गत दिनों विधायक के छोटे भाई के निधन पर शोक सवेंदना व्यक्त करेगे। 4:30 बजे शाम को माता शीतला चौकिया थाम में दर्शन पूजन, बाबा भैरव नाथ मंदिर में पूजन करेंगे उसके 5:00 बजे आगमन राजेश श्रीवास्तव बच्चा भईया एडवोकेट प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भाजपा उत्तर-प्रदेश के सदर-चुंगी खवाजगी टोला आवास पर जहां भाजपा नगर अध्यक्ष सारिका सोनी भाजपा नगर अध्यक्ष डा. कमलेश निशाद के टीम पदाधिकारी पार्टी कार्यकर्ताओं, सामाजिक संगठन के लोगों से मुलाकात करेंगे। उसके बाद 5:40 पर चलकर 6:00 बजे आगमन डा. विवेक श्रीवास्तव डा. प्रियंका श्रीवास्तव के साल्वेशन हॉस्पिटल कैम्पस मैदान कंधरपुर सीहीपुर में वृहद पौधरोपण करेंगे। एवं कायस्थ समाज द्वारा आयोजित पदाधिकारी सम्मान समारोह / विसिष्टजन सम्मान समारोह मै बतौर मुख्य अतिथि भाग लेंगे। उसके बाद रात्रि नौ बजे कंधरपुर से लखनउ के लिए प्रस्थान करेंगे। उक्त आशय की जानकारी भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजेश श्रीवास्तव बच्चा भईया एडवोकेट ने देते हुए लोगों से स्वागत करने की अपील किया है।

न्यायालयों के समय में बदलाव

जौनपुर। जिलाधिकारी डा. दिनेश चंद्र ने अवगत कराया है कि भीषण गर्मी व लू की तीव्रता के दृष्टिगत जनपद में एक मई से 30 जून तक जिलाधिकारी के अधीन सभी माल एवं फौजदारी के न्यायालय एवं उससे सम्बन्धित कार्यालयों का समय निर्धारित किया है:- न्यायालय का समय प्रात: 08:00 बजे से अपरान्ह 02:00 तक। (पूर्वान्ह 11:00 बजे से 11:30 बजे तक लंच का समय होगा) न्यायालय से सम्बन्धित कार्यालय यथा, राजस्व अभिलेखागार एवं न्याय अभिलेखागार का समय प्रात: 07:30 से अपरान्त 02:30 बजे तक होगा। (पूर्वान्ह 11:00 बजे से 11:30 बजे तक लंच का समय होगा) जनपद के अन्य सभी कार्यालयों का समय यथावत रहेगा।

डोभी की आस्था सिंह ने जिले को किया गौरवान्वित

आस्था सिंह।

चन्दवक। स्थानीय थाना क्षेत्र के कनौरा (कुशहा) गांव की रहने वाली आस्था सिंह पुत्री बृजेश सिंह ने यूपी एससी की परीक्षा में अपने प्रथम प्रयास में ही 61वां रैंक हासिल कर क्षेत्र के साथ जिले का नाम रौशन किया।

जानकारी के लिए बता दें कि आस्था सिंह डोभी क्षेत्र के कनौरा (कुशहा) की रहने वाली है। उनके पिता का नाम बृजेश सिंह हैं। उनकी प्रारम्भिक शिक्षा डोभी के ही कर्रा कॉलेज से हुई। पढ़ाई पूर्ण कर हरियाणा के पंचकूला में सेक्टेसन अफसर के पद पर कार्यरत रहते हुए अपनी पढ़ाई को जारी रखा जिसका परिणाम यूपीएससी की परीक्षा में प्रथम प्रयास में ही 61वां रैंक हासिल कर क्षेत्र व जिले का नाम रोशन किया। जिसकी खबर लगते ही परिवार में खुशी का माहौल और क्षेत्र में प्रसन्नता की लहर दौड़ गई। लोगों का बधाई देने का सिलसिला जारी है वही घर वाले बधाई पा कर अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। बताते चलें बृजेश सिंह की मात्रा दो संतानों में दोनों ही बेटियां हैं। एक बेटी बीटेक करके जांब कर रही है। तो दूसरी जॉब करते हुए यूपीएससी में 61वां रैंक प्राप्त कर लिया।

बुजुर्गों की सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं : वैभव सिंह

आयुष्मान वय वंदना कार्ड निर्माण में योगदान पर मिला सम्मान

जौनपुर। आयुष्मान भारत योजना के तहत वृद्धजनों को स्वास्थ्य सुरक्षा देने के उद्देश्य से चलाए जा रहे आयुष्मान वय वंदना कार्ड निर्माण अभियान में उत्कृष्ट योगदान देने वाले स्वयंसेवकों और स्थानीय कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया। यह सम्मान समारोह मंगलवार को बरसठी के गणेश विद्यापीठ कॉलेज और धरमपुर के प्रसाद इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी में युवा सेवा शक्ति संस्था के तत्वावधान में आयोजित किया गया। संस्था के प्रतिनिधि वैभव सिंह ने कहा कि बुजुर्गों की सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है। उन्हें अधिक से अधिक संख्या में आयुष्मान कार्ड बनाने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि सरकार की योजना का अधिक से अधिक लाभ उन्हें मिल सके। इसी को ध्यान में रखते हुए विद्यार्थियों के लिए विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया था, जिसमें कार्ड निर्माण की प्रक्रिया और इसके लाभों पर विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में यह अभियान जिले के अन्य ब्लॉकों में भी चलाया जाएगा।

कार्यक्रम में बरसठी ब्लॉक से आयुष्मान मित्र सद्दाम को प्रथम पुरस्कार, आशा संगिनी सीमा राय को द्वितीय और पूनम सिंह को तृतीय पुरस्कार मिला। वहीं धरमपुर ब्लॉक से पंचायत सहायक प्रियंका यादव को प्रथम, आशा वर्कर मीना देवी को द्वितीय और पंचायत सहायक चंदन मिश्रा को तृतीय पुरस्कार से नवाजा गया। सभी विजेताओं को संस्था की ओर से कुल 10,000 के नकद पुरस्कार देकर उनकी सेवाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी प्रमेश सिंह ने कहा, स्वयंसेवकों और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की मदद से ही हम इस योजना को जमीनी स्तर पर प्रभावी रूप से लागू कर पा रहे हैं। बीसीपीएम समरजीत यादव, प्रधान शुभम तिवारी, प्रिंसिपल निधि सिंह आदि ने अलग- अलग जगहों पर कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया।

पृथ्वी की रक्षा करना हमारा नैतिक कर्तव्य : प्रो. ध्रुवसेन सिंह

विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर हमारी शक्ति, हमारा ग्रह विषयक ऑनलाइन राष्ट्रीय सेमिनार आयोजित

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश के अंतर्विषयक ऊर्जा एवं जल शोध संस्थान, भू एवं ग्रहीय विज्ञान विभाग एवं लोक दायित्व, आज़मगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर हमारी शक्ति, हमारा ग्रह विषयक ऑनलाइन राष्ट्रीय सेमिनार आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ के भू विज्ञान विभाग के अध्यक्ष प्रो. ध्रुवसेन सिंह ने कहा कि भारतीय संस्कृति प्रकृति की रक्षा का संदेश देती है। सभी ग्रहों में पृथ्वी पर ही जीवन है। इस ग्रह को मानव के क्रियाकलापों से ही सबसे बड़ा खतरा है। पृथ्वी के अलावा कोई ऐसा ग्रह नहीं है जो हमारे घर की तरह हो इसकी रक्षा करना हमारा नैतिक कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि हम पानी बना नहीं सकते तो निरंतर प्रदूषित करने का अधिकार नहीं है।

भारत में नदियों को मां का दर्जा दिया गया। इसके किनारे सभ्यता और संस्कृति का विकास हुआ है। उन्होंने जल, वायु और स्थल मंडल को प्रदूषण मुक्त रखने के सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक स्रोतों से प्राप्त ऊर्जा के प्रयोग को बढ़ाना होगा। यह जीवाश्म ईंधन की तुलना में एक बेहतर विकल्प है और प्रदूषण से मुक्ति दिलाएगी। अध्यक्षीय संबोधन में कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने कहा कि हम न केवल अपने विचारों में बदलाव लाएं, बल्कि अपने कार्यों, शोध और नवाचारों में भी बदलाव लाएं ताकि हम पृथ्वी को एक संवेदनशील, स्वच्छ और सतत दिशा में आगे बढ़ा सकें। वक्ता लोक दायित्व, आजमगढ़ के संयोजक पवन कुमार सिंह ने कहा कि धरती का बुखार बढ़ रहा है। धरती को पौधों की हरी चुनरी से ढकना होगा और उसके माथे पर पानी की पट्टी लगानी होगी।

सेमीनार में भाग लेते कुलपति समेत अन्य।

डा. सीडी सिंह के पुत्र गौतम सिंह का आईएएस में चयन

जौनपुर। पूरे देश में सिविल सर्विसेज की परीक्षा का परिणाम आया जिसमें जिले के होनहार गौतम सिंह ने पूरे देश में जिले का नाम रोशन किया है। मंगलवार को आये यूपीएससी आये परीक्षा परिणाम में जिले के सुप्रसिद्ध स्कूल नेहरू बालोद्यान स्कूल के प्रबंधक डा. सीडी सिंह के पुत्र गौतम सिंह ने बाजी मारी है। 526वीं रैंक हासिल किया है। यह गुड न्यूज मिलते ही उनके परिवार, नाते रिश्तेदारों और शुभचिंतक में खुशी की लहर दौड़ पड़ी है।

बधाइयां देने वालों का तांता लगा हुआ है। मूल रूप से सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के सोनिकपुर गांव के निवासी सीडी सिंह के दूसरे नम्बर के पुत्र गौतम सिंह ने इंटरमीडिएट तक की शिक्षा नेहरू बालोद्यान से किया। इसके बाद दिल्ली से हिस्ट्री से ऑनर्स की डिग्री हासिल किया। तत्पश्चात दिल्ली सेंट्रल ला कैंपस से एलएलबी कर रहे थे और साथ ही साथ सिविल की तैयारी कर रहे थे। दूसरे प्रयास में सफलता मिली। गौतम ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता और गुरुजनों को दिया है। इस उपलब्धि पर नेहरू बालोद्यान के प्रबंधक डा. सीडी को बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। डा. श्री सिंह ने कहाकि बेटे की मेहनत और पूर्वजों के पुण्य से आज यह उपलब्धि हासिल हुई है। बतातें चलें कि नेहरू बालोद्यान लंबे समय से शिक्षा के क्षेत्र में अपनी एक अलग पहचान बनाये हुए है।

गौतम सिंह।

ट्रैफिक जवानों की गैर जिम्मेदाराना हरकत से हर दिन लगता है जाम

गरीब ठेला खुंमचा आदि वस्तुओं की दुकान लगाने वालों पर बरसाई जाती है लाठियां

जौनपुर। शहर के विभिन्न स्थानों समेत हर दिन जेसीस से ओलन्दगंज की तरफ आने और जाने वाले राहगीर हर दिन आड़े तिरछे तरीकों से तीन एवं चार पहिया वाहनों के सड़क के किनारे खड़े रहने के कारण जाम में फस कर व्यवस्था को कोसते नजर आते देखा जाता है। जाम के कारण पैदल एवं दो पहिया वाहन स्वामियों को हमेशा कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

स्थानीय लोगों का मानना है कि यातायात की जिनके कंधों पर जिम्मेदारी है यानी ट्रैफिक जवानों का डंडा ऐसे लोगों पर नहीं उठता है बल्कि गरीब ई रिक्शा या सड़क किनारे ठेला खुमचा लगाकर किसी तरह अपने परिवार का भरण पोषण करने वाले सीधे सादे लोगों पर उठता हैं। जिसकी इन दिनों शहर में काफी चर्चा हो रही है। जबकि चार पहिया वाहन व तीन पहिया जो आड़े तिरछे तरीकों से जहां चाहते हैं वहीं खड़ा कर देते है ऐसे लोगों को हिदायत देकर या समझा कर हटा दिया जाता है। और किसी तरह की संबंधित कार्यवाही भी नहीं की जाती जिसके चलते आए दिन शहर के विभिन्न स्थानों के अलावा मुख्य रूप से जेसीस चौराहे से ओलन्दगंज की तरफ आने एवं जाने वाले रास्ते जाम रहते हैं। हर दिन पैदल चलने वाले और दो पहिया वाहन स्वामी आधा से एक घंटा तक जाम में फंसे रहते हैं। यह सब कुछ जानते हुए भी यातायात की जिम्मेदारी संभालने वाले लोग चार पहिया वाहन एवं तीन वाहन स्वामियों को नजर अंदाज करते देखे जाते हैं।

जिसकी स्थानीय लोगों में काफी चर्चा हो रही है। समाधान की उम्मीद रखने वाले स्थानीय लोगों ने संबंधित अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराया गया है। जब इस समस्या से अवगत कराते हुए यातायात निरीक्षक सुशील मिश्रा से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि पूरे शहर में अतिक्रमण फैला हुआ है। इसके संबंध में डीएम को पत्र भी लिखा गया है। आज शाम 6:00 बजे इसी संबंध में बैठक भी है। नगर पालिका से भी बातचीत चल रही है गाड़ियों के पार्किंग के लिए। यह कहने पर के सिर्फ ठेला खुमचा ई रिक्शा वालों के ही विरुद्ध कार्रवाई की जाती है तो उन्होंने कहा नहीं ऐसी बात नहीं है चार पहिया वाहनों के विरुद्ध भी कार्यवाही अमल में लाई जाती है। कोतवाली चौराहे से सुतहट्टी चौराहे के बीच इतनी चौड़ी रोड है उसके बाद भी लोग नाली को नहीं छोड़ रहे हैं रोड पर ही ठेला खुमचा आदि वस्तुओं की दुकानों को लगा ले रहे हैं जिससे रोड पर जाम की स्थिति बनती है इस कारण लोगों को हटाया जाता है। जेसीस से ओलन्दगंज तक चार पहिया एवं तीन पहिया वाहनों से लगने वाले जाम की बात पर उन्होंने कहा कि प्रतिदिन 15 20 चार पहिया वाहनों का चालान किया जाता है।

पर्यावरण की रक्षा का एनसीसी कैडेटों ने लिया संकल्प

जौनपुर। कमान अधिकारी 96 यूपी बटालियन एनसीसी कर्नल शंकर सिंह गौतम तथा प्रशासनिक अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल नवीन सिंह के निर्देशन मंगलवार को तिलकधारी सिंह इंटर कॉलेज के एनसीसी कैडेटों द्वारा विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया। कैडेटों ने इस अवसर पर पोस्टर बनाए, विद्यालय के उद्यान में वृक्षों के आस पास साफ सफाई किया तथा नियमित पौधों को पानी देने का संकल्प लिया। साथ ही इस पृथ्वी दिवस पर कैडेटों ने शपथ लिया कि हम पर्यावरण की रक्षा करेंगे और धरती मां का सम्मान करेंगे। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर सत्य प्रकाश सिंह ने अपने उद्बोधन ने कहा वन हमारी अमूल्य संपदा है और धरती हमारी माता है और हम भारतीय वसुधैव कुटुंबकम में विश्वास रखते हैं। इस कार्यक्रम में एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट राकेश कुमार, थर्ड अफसर कुंवर विभूति विक्रम सिंह, सीटीओ अभिषेक कुमार सिंह, मीडिया प्रभारी बद्री नाथ सिंह, राजेश कुमार सिंह, कपिल देव सिंह, राजीव कुमार सिंह, अंबर कुमार सिंह, दिनेश कुमार सिंह, आशीष कुमार सिंह, सत्य प्रकाश सिंह आदि सहित 90 कैडेट उपस्थित रहे।

डीएम ने किया प्राथमिक विद्यालय का औचक निरीक्षण

छात्रा से सवाल पूछते डीएम।

जौनपुर। जिलाधिकारी डा. दिनेश चन्द्र के द्वारा प्रा0वि0 सादनपुर, बक्शा का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में कुल नामांकन 55 के सापेक्ष 41 छात्र-छात्रायें उपस्थित पाये गये। जिलाधिकारी ने कक्षा चार एवं कक्षा 05 में जाकर बच्चों से उनके कक्षा में चल रहे पाठ्यक्रम की जानकारी ली तथा ब्लैक-बोर्ड पर पूर्व में लिखे गये सामान्य ज्ञान के प्रश्नों जैसे-भारत के प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति, गृह मंत्री, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री का नाम, आपके प्रदेश का नाम आपके जनपद का नाम एवं हमारे देश का नाम को पढ़वायें। जिसमें कक्षा- 04 की छात्रा रिया निषाद, सारिका शर्मा एवं कक्षा-05 की हर्षिता ने प्रश्नों का सही उत्तर दिया। जिससे प्रसन्न होकर जिलाधिकारी ने विद्यालय के सभी बच्चों को अपने हाथों से मिठाई खिलाया, साथ ही उन्होंने बच्चों के लिए ड्राई फ्रूट देते हुए इसका हलवा बनाकर सभी बच्चों को खिलाने एवं उसकी फोटोग्राफ भेजने हेतु प्रधानाध्यापक एवं उपस्थित रसोइयों को निर्देशित किया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान मनीलाल यादव, प्रभारी प्रधानाध्यापक राजीव रतन अस्थाना सहायक अध्यापिका प्रियंका राजवंशी, उपासना यादव, नन्दलाल व अन्य समस्त उपस्थित शिक्षक-शिक्षिकायें उपस्थित रहे।

तरुणमित्र

बुधवार, 23 अप्रैल 2025

संवत- 2082, वैशाख कृष्ण पक्ष- 10

क्या ऐसे बनेगा हिन्दू राष्ट्र?

संघ प्रमुख मोहन भागवत का एक मंदिर, एक कुआं और एक श्मशान की अपील करना बताता है कि हिंदू समाज में जाति का दंश अब भी कितना गहरा है। जातीय पहचान को सम्मान से जोड़कर देखा जाता है और इसकी वजह से बदलाव बहुत धीमा है। ऐसे में भागवत का बयान स्वागतयोग्य है। सामाजिक रूढ़ियों के अलावा राजनीतिक वजहों ने भी देश में जाति को कभी मरने नहीं दिया। यही वजह है कि आज भी दलित दूल्हे का घोड़ी चढ़कर जाना कई लोगों को रास नहीं आता। आगरा की एक घटना सामने है, जहां आरोप है कि दलित दूल्हे को पीटा गया। पिछले साल एमपी के दमोह में बग्घी पर बैठने पर दलित दूल्हे के साथ मारपीट की गई थी।

यहां तक कि मंदिर में भेदभाव से अछूते नहीं। पिछले ही महीने पश्चिम बंगाल के गिधाग्राम स्थित एक शिव मंदिर में दलित समुदाय को सदियों बाद प्रवेश मिला, तो तमाम लोग नाराज हो गए। सबसे बड़ी समस्या है कि देश में जाति से जुड़े भेदभावों को एक बड़ा तबका अब भी गलत नहीं मानता। उसकी नजर में यह स्वाभाविक व्यवहार है। राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग ने पिछले साल अक्तूबर में एक आरटीआई के तहत पूछे गए सवाल के जवाब में बताया था कि चार साल के भीतर उसके पास 47 हजार से ज्यादा शिकायतें दर्ज हुईं। इनमें दलितों के खिलाफ अत्याचार, भूमि विवाद और सरकारी नौकरियों से संबंधित मुद्दे प्रमुख रहे। इस तरह की घटनाएं जाहिर करती हैं कि समरसता का सपना अभी दूर है। इन हालात में अगर संघ, समाज में गहरे पैठ बना चुके विभाजन को खत्म करने की अपील और सामूहिक पहचान पर जोर देता है तो इसे सकारात्मक रूप में लेना चाहिए।

संघ प्रमुख ने त्योहारों को साथ मिलकर मनाने और सभी को अपने घरों पर आमंत्रित करने के लिए कहा है। पर्व-त्योहार वैसे भी लोगों को करीब लाते हैं। इन मौकों का इस्तेमाल भेदभाव के खिलाफ किया जाए, तो परिवर्तन आ सकता है। भागवत ने कहा है कि शांति और समृद्धि के मामले में दुनिया भारत की तरफ देख रही है। स्वयंसेवकों को हर घर में एकता और भाईचारे की भावना जगाने के लिए खुद को तैयार करना चाहिए। समाज खुद नहीं बदल सकता। वाकई ऐसा ही है, जातियों के खांचों को तोड़ने और समाज को बदलने के लिए लगातार व सामूहिक प्रयास की जरूरत है। इसमें किसी तरह के राजनीतिक या वैचारिक मतभेद को आड़े नहीं आने देना चाहिए। भारत इस समय दुनिया में एक नया मुकाम हासिल करने की तरफ बढ़ रहा है, लेकिन यह तभी संभव है जब जातियों के नाम पर एक-दूसरे से लड़ने के बजाय मिलकर काम किया जाए।

वक्फ प्रशासन को मजबूत करना कड़े संशोधनों की आवश्यकता

वक्फ एक इस्लामी बंदोबस्ती है जिसमें कोई व्यक्ति धार्मिक, धर्मार्थ या सामाजिक कल्याण उद्देश्यों के लिए चल या अचल संपत्ति दान करता है। भारत में, वक्फ ने धार्मिक विरासत को संरक्षित करने और कल्याणकारी सेवाएं प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। जैसा कि अतीत में देखा गया है, मस्जिदों, मदरसों और धर्मार्थ संस्थाओं को बनाए रखने के लिए वक्फ प्रणाली का बड़े पैमाने पर उपयोग किया गया है। हालांकि, ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन ने वक्फ संपत्तियों के पारंपरिक शासन को बाधित करने के बाद, कुप्रबंधन, भ्रष्टाचार और अवैध अतिक्रमण के मामले प्रचलित हो गए। पारदर्शिता और जवाबदेही में सुधार के लिए, भारत में वक्फ संपत्तियों के कानूनी ढांचे में कई संशोधन हुए हैं। प्रमुख कानूनों में वक्फ अधिनियम 1954, वक्फ अधिनियम 1995 शामिल हैं- जिसने 1954 के अधिनियम को प्रतिस्थापित किया और कड़े नियम पेश किए, 2013 में संशोधन वक्फ संपत्तियों के अनिवार्य सर्वेक्षण, वक्फ बोर्डों के लिए बढ़ी हुई शक्तियों और कुप्रबंधन के लिए सख्त दंड जैसे प्रावधानों को पेश करके वक्फ शासन को और अधिक पारदर्शी बनाना। वर्तमान बहस 2025 में प्रस्तावित संशोधनों के इर्द-गिर्द घूम रही है, जिसमें संपत्ति के दस्तावेजों द्वारा समर्थित वक्फ दावों, जिला मजिस्ट्रेटों द्वारा निगरानी बढ़ाना और वक्फ संपत्तियों की ऑनलाइन घोषणा अनिवार्य करना आदि शामिल हैं। वक्फ का मूल उद्देश्य जनता की भलाई करना है। ऐतिहासिक रूप से, वक्फ संस्थाओं ने सामाजिक कल्याण, विशेष रूप से शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और गरीबी उन्मूलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वक्फ के उद्देश्य को तीन मुख्य श्रेणियों में वर्गीकृत किया जा सकता है, धार्मिक वक्फ, धर्मार्थ वक्फ और पारिवारिक वक्फ (वक्फ अल-औलाद)। जबकि वक्फ का सार सार्वजनिक कल्याण में गहराई से निहित है, भारत में वास्तविकता अक्सर अलग रही है। खराब शासन, कानूनी खामियों और भ्रष्टाचार के कारण, कई वक्फ संपत्तियों का कुप्रबंधन किया गया है, अवैध रूप से अतिक्रमण किया गया है, या निजी लाभ के लिए बेचा गया है। संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) द्वारा प्रस्तावित नवीनतम संशोधन भारत में वक्फ संपत्तियों के बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार और कुप्रबंधन का सीधा जवाब है। पिछले कुछ वर्षों में ऐसे कई मामले सामने आए हैं जिनमें वक्फ संपत्तियों को धोखाधड़ी से हस्तांतरित, बेचा या दुरुपयोग किया गया। इन परिस्थितियों में, संशोधनों का उद्देश्य जिला मजिस्ट्रेटों और उच्च रैंक के अधिकारियों (प्रस्तावित संशोधन) को अनुमति देकर सरकारी निगरानी बढ़ाना है, अब उनके पास वक्फ संपत्तियों से संबंधित दावों की जांच करने का अधिकार होगा, यह सुनिश्चित करते हुए कि सार्वजनिक संपत्तियों को गलत तरीके से वर्गीकृत नहीं किया गया है। यह महत्वपूर्ण है, क्योंकि पिछले मामलों से पता चला है कि कैसे सरकारी भूमि को अक्सर धोखाधड़ी के दावों के कारण वक्फ संपत्ति के रूप में गलत वर्गीकृत किया गया था। संशोधनों का उद्देश्य छह महीने के भीतर वक्फ संपत्तियों को ऑनलाइन सूचीबद्ध करके डिजिटल रिकॉर्ड के माध्यम से पारदर्शिता सुनिश्चित करना है, जिससे अधिकारियों और जनता के लिए स्वामित्व को ट्रैक करना और अनधिकृत लेनदेन को रोकना आसान हो जाएगा। भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने के लिए यह डिजिटल हस्तक्षेप आवश्यक है। कम से कम पाँच वर्षों से इस्लाम का पालन कर रहे हैं और पुष्टि करते हैं कि उनका दान स्वैच्छिक है। इससे जबरदस्ती या धोखाधड़ी वाले दान को रोका जा सकेगा। जबकि ये संशोधन महत्वपूर्ण शासन मुद्दों को संबोधित करते हैं, वक्फ सुधारों की सफलता उनके प्रभावी कार्यान्वयन पर निर्भर करेगी। कुछ लगातार चुनौतियों में अतिक्रमण और अवैध बिक्री शामिल हैं क्योंकि कानूनी सुरक्षा के बावजूद, हजारों वक्फ संपत्तियों पर अवैध रूप से कब्जा किया गया है या उन्हें बेच दिया गया है। ऐसी संपत्तियों को वापस पाने के लिए नए संशोधनों को सख्ती से लागू किया

जाना चाहिए। कई वक्फ बोर्ड राजनीतिक हितों से प्रभावित होते हैं, जिससे पक्षपातपूर्ण निर्णय लेने और भ्रष्टाचार होता है। एक अधिक स्वतंत्र और पारदर्शी नियामक ढांचे की आवश्यकता है। इसके अलावा, गरीब मुसलमानों सहित वक्फ के कई इच्छित लाभार्थी अपने अधिकारों से अनजान हैं। उन्हें लाभ का दावा करने में मदद करने के लिए जागरूकता अभियान और कानूनी सहायता कार्यक्रम शुरू किए जाने चाहिए। प्रस्तावित संशोधनों में से एक उपयोगकर्ता द्वारा वक्फ प्रावधान को संशोधित करना चाहता है, जिसने ऐतिहासिक रूप से धार्मिक उद्देश्यों के लिए उपयोग की जाने वाली संपत्तियों को औपचारिक दस्तावेज के अभाव में भी वक्फ के रूप में मान्यता देने की अनुमति दी है। जबकि धोखाधड़ी के दावों पर चिंताएं मौजूद हैं, यह पहचानना भी उतना ही महत्वपूर्ण है कि कई वक्फ संपत्तियां विशेष रूप से मस्जिदें, कब्रिस्तान और दरगाह ऐतिहासिक कारणों से आधिकारिक दस्तावेज के बिना सदियों से अस्तित्व में हैं। इनमें से कई संपत्तियां मौखिक घोषणाओं या सामुदायिक उपयोग के माध्यम से दान की गई थीं, और सभी मामलों में लिए संपत्ति के कामों की आवश्यकता धार्मिक संस्थानों को उनके वक्फ दर्जे से वंचित कर सकती है। एक अधिक संतुलित दृष्टिकोण का सत्यापन तंत्र शुरू करना होगा जो उपयोगकर्ता द्वारा वक्फ को पूरी तरह से खारिज नहीं करता है, बल्कि यह सुनिश्चित करता है कि धोखाधड़ी के दावों को रोकते हुए वास्तविक वक्फ संपत्तियों की सुरक्षा की जाती है। इसमें ऐतिहासिक और नए वक्फ दावों के बीच अंतर करना शामिल हो सकता है- कानून नए वक्फ घोषणाओं के लिए सख्त दस्तावेज आवश्यकताओं को लागू कर सकता है जबकि ऐतिहासिक रूप से स्थापित संपत्तियों को पूरी तरह से खारिज करने के बजाय एक विशेष न्यायाधिकरण के माध्यम से समीक्षा करने की अनुमति देता है। संशोधन में एक प्रावधान शामिल होना चाहिए ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि वास्तविक वक्फ संपत्तियों को केवल दस्तावेज की कमी के कारण उनकी स्थिति से वंचित नहीं किया जाए, खासकर जब मजबूत ऐतिहासिक और सामुदायिक साक्ष्य उनकी वैधता का समर्थन करते हैं। इस प्रावधान को परिष्कृत करके, संशोधन दुरुपयोग को रोकने और यह सुनिश्चित करने के बीच संतुलन बना सकता है कि ऐतिहासिक रूप से महत्वपूर्ण वक्फ संपत्तियां इस्लामी कानून के तहत संरक्षित रहें। सदियों से, वक्फ संस्थाओं ने सामाजिक और धार्मिक जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, समुदाय को आवश्यक सेवाएँ प्रदान की हैं। हालाँकि, भारत में वक्फ संपत्तियों के कुप्रबंधन ने जनता के विश्वास को खत्म कर दिया है और महत्वपूर्ण वित्तीय नुकसान पहुँचाया है। प्रस्तावित संशोधन पारदर्शिता बहाल करने और यह सुनिश्चित करने की दिशा में एक बहुत ज़रूरी कदम है कि वक्फ संपत्तियां अपने इच्छित उद्देश्य को पूरा करें। सख्त कानूनी सुरक्षा उपायों, बाहरी निगरानी और डिजिटल पारदर्शिता को पेश करके, इन सुधारों में वक्फ को रोकने और जिम्मेदार वक्फ शासन के एक नए युग को लाने की क्षमता है। अंततः जबकि ये सुधार अधिक पारदर्शिता और जवाबदेही की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम का प्रतिनिधित्व करते हैं, वक्फ संस्थानों की धार्मिक और कानूनी पवित्रता को संरक्षित करने पर सावधानीपूर्वक ध्यान दिया जाना चाहिए। एक अच्छी तरह से विनियमित वक्फ प्रणाली सामाजिक विकास के लिए एक शक्तिशाली उपकरण हो सकती है, जिससे भारत में इस्लामी परोपकार की समृद्ध विरासत की रक्षा करते हुए लाखों जरूरतमंदों को लाभ मिल सकता है।

रेशम फातिमा, अंतर्राष्ट्रीय संबंध में परास्नातक, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय

पुराने वस्त्र पहनों पर नई पुस्तकें खरीदो

महात्मा गांधी ने कहा है कि पुराने वस्त्र पहनों पर नई पुस्तकें खरीदो, उन्होंने यह भी कहा कि पुस्तकों का महत्व रत्नों से कहीं अधिक है, क्योंकि पुस्तकें अंत:करण को उज्जवल करती हैं। मनुष्य के जीवन में अध्ययन जितना आवश्यक है उतना ही आवश्यक मनन और चिंतन भी है। पूर्व राष्ट्रपति डॉ एपीजे कलाम साहब ने कहा है कि एक पुस्तक कई मित्रों के बराबर होती है और पुस्तकें सर्वश्रेष्ठ मित्र होती हैं। शिक्षाविद चार्ल्स विलियम इलियट ने कहा कि पुस्तके मित्रों में सबसे शांत व स्थिर हैं, वे सलाहकारों में सबसे सुलभ और बुद्धिमान होती हैं और शिक्षकों में सबसे धैर्यवान तथा श्रेष्ठ होती हैं। केवल पुस्तक पढ़ना ही संपूर्ण मानवीय उद्देश्य ना होकर उससे प्राप्त ज्ञानामृत का मनन एवं चिंतन भी अत्यंत आवश्यक है। किसी भी पुस्तक का अध्ययन मनन एवं उस पर चिंतन मनुष्य के संस्कारों को परिष्कृत करता है एवं जीवन के उच्च आदर्शों को प्राप्त करने में सदैव सहायक सिद्ध होता है। अत: मनुष्य को सदैव निरंतर ज्ञानवर्धक पुस्तकों से न सिर्फ ज्ञान प्राप्त करना चाहिए अपितु उसका निरंतर मनन तथा चिंतन भी करना होगा तब जाकर हमारे संस्कार, संस्कृति एवं जीवन के उद्देश्य सफल होंगे। सच्चाई भी यही है कि पुस्तकें ज्ञान के अंत:करण और सच्चाईयों का भंडार होती है। आत्मभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम भी होती हैं। जिन्होंने पुस्तके नहीं पढी हैं या जिन्हें पुस्तक पढ़ने में रूचि नहीं है वे जीवन की कई सच्चाईयों से अनभिज्ञ रह जाते हैं। पुस्तकें पढ़ने का सबसे बड़ा फायदा यह होता है कि हम जीवन की कठिन परिस्थितियों से जूझने की शक्ति से परिचित हो जाते हैं,और समस्या कितनी भी बड़ी हो हम उससे जीतकर निजात पा जाते हैं। कठिन से कठिन समय पर पुस्तकें हमारा मार्गदर्शन एवं दिग्दर्शन करती है। जिन मनीषियों ने पुस्तक लिखी है और जिन्हें पुस्तकें पढ़ने का शौक है उन्हें ज्ञानार्जन के लिए इधर-उधर भटकने की आवश्यकता नहीं होतीहैं। हैं। निसंदेह पुस्तकें ज्ञानार्जन करने मार्गदर्शन एवं परामर्श देने में में विशेष भूमिका निभाती है। पुस्तकें मनुष्य के मानसिक, सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक, नैतिक, चारित्रिक, व्यवसायिक एवं राजनीतिक विकास में अत्यंत सहायक एवं सफल दोस्त का फर्ज अदा करती हैं। प्राचीन काल से ही बच्चों तथा नौनिहालों के विकास के लिए पुस्तकें लिखे जाने का चलन तथा रिवाज रहा है। पंचतंत्र तथा हितोपदेश इसके बहुत बड़े उदाहरण हैं। पंचतंत्र, हितोपदेश में ज्ञानार्जन के लिए एवं संस्कृति सभ्यता और शिक्षा के उपयोग की बातें जो दैनिक जीवन में अत्यंत प्रभावशाली तथा उपयोगी होती है, लिखी गई हैं। और यही पुस्तकें इस देश की सभ्यता संस्कृति के संरक्षण तथा प्रचार प्रसार में अहम भूमिका निभाती आई है। इसी तरह की पुस्तकों ने ज्ञान का विस्तार भी किया है। विश्व की हर सभ्यता मे लेखन सामग्री का बड़ा ही महत्वपूर्ण योगदान रहा है। पुस्तकों के माध्यम से ही धर्म जाति संस्कृति एवं शिक्षा की मार्गदर्शिका से ही समाज आगे बढ़ा है। अच्छी किताबें अच्छे मार्गदर्शक तथा शिक्षित तथा अशिक्षित समाज को चेतना तथा सद्गुणों से संचारित करती है, व्यक्ति के अंदर मानसिक क्षमता का विकास भी होता है। ऐतिहासिक किताबें हमें इतिहास, धर्म, राजनीति, संस्कृति के अनेक पहलुओं से अवगत भी कराती है,जिससे व्यक्तित्व विकास में अत्यंत सहायता मिलती है। पुस्तकों के महत्व को देखते हुए डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने कहा कि पुस्तके वह साधन है जिसके माध्यम से हम विभिन्न संस्कृति एवं समाज के बीच सेतु का निर्माण कर सकते हैं। पुस्तके वह मित्र होती हैं जो हर परिस्थिति तत्काल में सहायक होती है, और यही कारण है कि अनेक लोग गुरुवाणी, हनुमान चालीसा अभी अपने पास रखते हैं। वर्तमान युग डिजिटल युग कहलाता है अब इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में प्रिंट मीडिया के स्थान पर अपने पैर जमा लिए हैं। इस डिजिटल युग में इंटरनेट का महत्व काफी बढ़ गया है। पहले हम बचपन में चंदा मामा, नंदन, बालभारती और अन्य किताबों से ज्ञान से लेकर मनोरंजन तक प्राप्त करते थे। आज इंटरनेट के बढ़ते बाजार की दिशा में युवक पुस्तकों को विभिन्न साइटों मैं खंगाल कर पढ़ लेते हैं। अब डिजिटल किताबें भी आ गई है साथ ही डिजिटल लाइब्रेरी भी धीरे-धीरे विकसित हो रही है। पर कई कंपनियां विविध किताबों को साइट पर प्रकाशित कर बच्चों के पढ़ने के लिए उपलब्ध करा रही हैं। इससे बड़ी संख्या में बच्चे पढ़ कर लाभान्वित हो रहे हैं। इस दिशा में भारत सरकार तथा राज्य सरकारों द्वारा डिजिटल कार्यक्रमों के अंतर्गत ई शिक्षा तथा ई पुस्तकों के पुस्तकालयों के माध्यम से उपलब्ध कराई जा रही पठन सामग्रियां बच्चों की जिज्ञासा को शांत करने का काम कर रही है। डिजिटल किताबों तथा पुस्तकालयों से यह लाभ है कि देश विदेश में किसी भी भाग में रहकर लोग अपनी इच्छा के अनुसार पुस्तकों पत्रिकाओं आदि को पढ़ सकते हैं। इंटरनेट अब अध्ययन का सुलभ साधन बन गया है। पर दूसरी तरफ इससे कुछ नुकसान भी हो रहे हैं, उचित मार्गदर्शन वाली किताबें न पढ़कर भ्रामक पुस्तकों का अध्ययन कर अपने को दिग्भ्रमित कर रहे हैं और इससे बच्चों का भविष्य भी प्रभावित हो रहा है। इसके लिए छोटे बच्चों को अपनी निगरानी में इंटरनेट से किताबें पढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना अन्यथा दिगभ्रमित साहित्य बच्चों की मानसिकता पर विकृत प्रभाव डाल सकता है। इस प्रकार हम यह कह सकते हैं कि पुस्तकें ज्ञान देने के साथ मार्गदर्शन तथा चरित्र निर्माण का सर्वोत्तम साधन है। पुस्तकों से राष्ट्र की युवा कर्ण धारों को नई दिशा दी जा सकती है तथा एकता और अखंडता का संदेश देकर एक महान और सशक्त राष्ट्र की पृष्ठभूमि रखी जा सकती है।

संजीव ठाकुर, स्तंभकार, चिंतक, लेखक, रायपुर छत्तीसगढ़, 9009 415 415

...आज का दिन...

मेष- अधूरी योजना साकार होने की ओर, भाग्योन्नति के नवीन आयाम सुलभ, वाक्पटुता से कार्यों में अनुकूलता, विनियोजित धन का प्रतिफल प्राप्त, मन प्रसन्न।

वृषभ- प्रतियोगिता में सफलता, धन सम्पत्ति विषयक मसला पक्ष में सुलझने की ओर, स्वाध्याय में रुझान, रचनात्मक क्रिया-कलापो की ओर अभिरुचि, मानसिक शान्ति।

मिथुन- व्यवसाय में विस्तार या परिवर्तन हेतु नवयोजना की शुरुआत संभव, पारिवारिक उत्तरदायित्व की पूर्ति का प्रयास सार्थक, मनोविनोद के अवसर सुलभ, लाभ भी।

कर्क- आरोग्यसुख में कमी, कार्यों के प्रति असंतोष, किसी खास व्यक्ति से धोखा खाने की आशंका, आपसी संबंधों में ताल-मेल का अभाव, विरोधियों का वर्चस्व, हानि सम्भव।

सिंह- कार्यों में उन्नति का सुयोग, सुपरिचितों के सहयोग से समस्या का समाधान, शारीरिक अनुकूलता, राजनीतिक गतिविधियों में रुझान, आत्मिक शांति की अनुभूति, मानसिक शान्ति।

कन्या- आर्थिक व्यावसायिक पक्ष में प्रगति हेतु नवप्रयास सार्थक, वाद-विवाद में कमी, किसी योजना का सुपरिणाम, प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता, धार्मिक स्थलों की यात्रा से मन प्रसन्न।

तुला- स्वास्थ्य बेहतर, आत्मविश्वास से कार्यों में सफलता, पुराने विवाद के समापन का मार्ग प्रशस्त, उन्नति की दिशा में प्रयास सार्थक, मनोरंजन में रुचि, विरोधी परास्त।

वृश्चिक- समय विपरीत, जल्दबाजी में किया गया कार्य व लिया गया निर्णय अहितकर, आत्मीयजनों में कटुता, स्वास्थ्य में व्यवधान, निजी इच्छा की पूर्ति में बाधा, हानि सम्भव।

धनु- व्यक्तित्व का विकास, समस्याएँ पक्ष में सुलझने की ओर, पराक्रम से कार्य-व्यवसाय के क्षेत्र में अनुकूलता, सामाजिक गतिविधियों में रुझान, यात्रा का सुयोग।

मकर- कार्य-व्यवसाय में लाभ का सुअवसर, पारिवारिक समस्याओं का समाधान, प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता, किसी आयोजन में सम्मिलित होने का सुयोग प्राप्त।

कुम्भ- विनियोजित धन का प्रतिफल, समस्या विशेष के समाधान के सन्दर्भ में स्वयं का निर्णय लाभप्रद, दाम्पत्य जीवन में मधुरता, मनोविनोद के अवसर सुलभ, खुशी भी।

मीन- पुरुषार्थ में अरुचि, आर्थिक-व्यावसायिक प्रगति में बाधा, प्रियजनों से विश्वासघात की आशंका, वैवाहिक सुख में अड़चनें, कर्ज की अदायगी की चिंता, मानसिक तनाव।

-: श्री विमल जैन :-

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद् एस-2/1-76 ए, द्वितीय तल, वरदान भवन, आकांक्षा हास्पिटल के निकट, टैगोर टाउन एक्सटेंशन भोजूबीर, वाराणसी-221002 (उ0प्र0)- मो0:-09335414722

ओलंपियाड विजेताओं को प्रबंधक ने किया पुरस्कृत

तरुणमित्र न्यूज़

सिकंदरपुर (बलिया)। नगर में स्थित एनएमजी इंटर कॉलेज के प्रांगण में मंगलवार को आयोजित सेरेमनी इन द आनर ऑफ़ टैलेंटेड में ओलंपियाड विजेताओं को प्रबंधक शेख अहमद अली संजय भाई ने मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया। इस पुरस्कार वितरण समारोह में चार दर्जन से अधिक छात्र-छात्राएं शामिल हुए, जिन्होंने ओलंपियाड की परीक्षा में अच्छा अंक लाकर प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त किया था। वहीं स्कूल टॉपर्स में मोदस्सीर आलम गोल्ड मेडल, आफसीन फातीमा सिल्वर मेडल, शिफा खातून और नायब खातून ने ब्रोंज मेडल प्राप्त किया। प्रबंधक ने सभी होनहारों को शुभकामना देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया, कहा कि प्रतिभा कभी किसी की मोहताज नहीं होती है, बस आवश्यकता होती है उन्हें तरासने की, जिसके लिए विद्यालय के सभी अध्यापक अध्यापिकाएं कठिन परिश्रम करके इन होनहारों को तरास रहे हैं। पुरस्कार वितरण समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में मैनेजिंग इंचार्ज नजरुलबारी भी मौजूद रहे, जिन्होंने सभी को शुभकामना दिया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से दयानंद प्रसाद, जितेंद्र कुमार, अनिल यादव, सैफ अली अंसारी, रेयाज अहमद, तमन्ना परवीन आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता एहसानुल्लाह व संचालन गौहर खान ने किया।

चंदौली/ बलिया

जिलाधिकारी ने अधिकारियों के साथ की बैठक

चंदौली। जिलाधिकारी श्री चंद्र मोहन गर्ग द्वारा आई एफ एस अधिकारीगण के साथ बैठक की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने आई0एफ0एस अधिकारीगण को अवगत कराया कि जनपद को आकांक्षी जनपद के श्रेणी में आने के बाद भारत सरकार तथा प्रदेश सरकार द्वारा आकांक्षी जनपदों को सामान्य जनपदों की श्रेणी में लाने हेतु नीति आयोग द्वारा निर्धारित इंडिकेटर्स पर नीति आयोग के अनटाइड फंड से कार्य कराए जा रहा है। उसी क्रम में जनपद चन्दौली में स्वास्थ्य और शिक्षा,कृषि व पशुपाल तथा कौशल विकास के क्षेत्र में कार्य किया जा रहा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ वाई के राय ने बताया कि नीति आयोग द्वारा प्राप्त फण्ड से जनपद के सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर बेहतर इलाज,जांच हेतु मशीनें लगाई गई,मरीजों के सुविधा हेतु अन्य व्यवस्थाएं नीति आयोग के माध्यम से कराई गई है। जिसके वजह से जनपद में स्वास्थ्य व्यवस्था बहुत अच्छी चल रही है। बेसिक शिक्षा अधिकारी सचिन कुमार ने बताया कि नीति आयोग द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में बच्चों की उच्च शिक्षा को स्वच्छ वातावरण के साथ देने हेतु बच्चों को समय से किताबें,ड्रेस उपलब्ध कराते हुए मिशन कायाकल्प के तहत बाउंड्रीवल,स्मार्ट क्लास सहित अन्य सुविधाएं बच्चों को दी जा रही है। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य,शिक्षा के साथ उनके मनोरंजन की सुविधा दी जा रही है।

जिलाधिकारी ने बताया कि इसी क्रम में वित्तीय समावेशन एवं कौशल विकास द्वारा लोगो कृषि तथा पशुपालन के क्षेत्र में लाभार्थियों की मदद की जाती है। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद के सभी अधिकारी मेहनत व टीम भावना से कार्य कर रहे है। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि आकांक्षी जनपद सेंट्रल में कुल 112 जनपद चिन्हित किए गए जिसमें चंदौली जनपद 29वे तथा स्टेट में कुल 8 जनपदों में तीसरे स्थान पर तथा मुख्यमंत्री डैश बोर्ड में स्वास्थ्य के क्षेत्र में

जनपद चौथा स्थान प्राप्त कर चुका हैं। जिसपर सभी आई एफ एस अधिकारीगण ने तालियों से स्वागत करते हुवे आगे और और बेहतर प्रदर्शन की बधाई दी। बैठक के दौरान ज्वाइंट मजिस्ट्रेट हर्षिका सिंह, डी आर डी ए बृजभान सिंह,डी डी ओ, सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। बैठक के उपरांत सभी आई0एफ0एस अधिकारीगण ने नीति आयोग द्वारा कराए गए कार्यों का सदर ब्लॉक के ग्राम नरसिंहपुर स्थित कंपोजिट विद्यालय तथा आंगनवाड़ी केंद्र का स्थलीय निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान विद्यालय छात्र छात्राओं से बात-चित कर सवाल पूछे गए जिसपर छात्रों द्वारा संतोषजनक उत्तर प्राप्त होने पर अधिकारीगण ने छात्रों का मनोबल बढ़ाते हुवे कहा कि आप सभी लोग अच्छी शिक्षा ग्रहण कर अपने परिवार एवं जनपद का गौरव बढ़ाए।अधिकारीगण द्वारा बच्चो का मनोबल बढ़ाते हुवे उज्जवल भविष्य की कामना कर बधाई दी गयी। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी आर0 जगत सांई, मुख्य चिकित्सा अधिकारी बेसिक शिक्षा अधिकारी ,अर्थ एवं संख्या अधिकारी नागेन्द्र यादव,उपयुक्त उद्योग सिद्धार्थ यादव सहित अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

सचिव पर अपने चहेतों को लाभ पहुंचाने का आरोप

चंदौली। जिले के नवीन मंडी समिति परिसर में रख-रखाव और सफाई व्यवस्था को लेकर निकाली गई टेंडर प्रक्रिया में बड़े पैमाने पर अनियमितता के आरोप सामने आए हैं। मंगलवार को टेंडर डालने वाले कई आवेदक नवीन मंडी पहुंचे और मंडी सचिव संजय यादव से मुलाकात कर पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने की मांग की। आरोप है कि मंडी सचिव संजय यादव ने अपने करीबी लोगों को अनुचित लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से कई वैध टेंडर फॉर्मों को निरस्त कर दिया। इससे पहले टेंडर खोलने की प्रक्रिया भी पूरी तरह से नियमों के विपरीत की गई। जानकारी के मुताबिक, टेंडर डालने वाले आवेदकों को न तो टेंडर खोलने के समय बुलाया गया और न ही सक्षम अधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित की गई, जबकि प्रक्रिया के दौरान यह अनिवार्य होता है। भाजपा युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष अनुज प्रताप सिंह ने बताया कि टेंडर प्रक्रिया में कुल पाँच लोगों ने भाग लिया था। लेकिन जब बिना किसी को सूचना दिए टेंडर खोला गया और सही दस्तावेज होने के बावजूद कुछ फॉर्मों को खारिज कर दिया गया, तब जाकर आवेदकों को अनियमितता की आशंका हुई। उन्होंने कहा कि जब मंडी सचिव से इस विषय में बात की गई तो कोई स्पष्ट और संतोषजनक उत्तर नहीं दिया गया। अनुज प्रताप सिंह ने आरोप लगाया कि मंडी सचिव द्वारा शासन की मंशा के विपरीत कार्य किया जा रहा है।

और पारदर्शिता को दरकिनार कर चहेते लोगों को लाभ पहुंचाने का प्रयास हो रहा है। इससे टेंडर प्रक्रिया पर सवाल खड़े हो गए हैं और मंडी सचिव की कार्यशैली संदेह के घेरे में आ गई है। इस प्रकरण को लेकर आवेदकों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों में आक्रोश है। सभी ने मिलकर निर्णय लिया है कि वे जिलाधिकारी समेत अन्य उच्चाधिकारियों से मिलकर मामले की जांच कराने की मांग करेंगे। साथ ही मंडी सचिव के विरुद्ध कार्रवाई की भी मांग की जाएगी।

कसाब मोहाल स्थित लिटिल चैंप प्ले स्कूल में पृथ्वी दिवस मनाया गया

डीडीयू नगर चन्दौली। प्रार्थना सभा में विद्यार्थियों ने भाषण के माध्यम से अपनी प्रस्तुतियां दी। प्रधानाचार्य फिरदौस शमी ने कहा कि 22 अप्रैल 1970 को पहली बार पृथ्वी दिवस मनाया गया, लेकिन भारत में आज भी लोग इसके प्रति जागरूक नहीं हैं। हमें हमारी धरा को बचाए रखने के लिए कुछ कदम उठाए जाने की जरूरत है। वातावरण को शुद्ध रखने के लिए पौधा रोपण के साथ ही प्राकृतिक संसाधनों का दोहन कम से कम करें। नर्सरी से यू के जी कक्षा के लिए स्क्रैप बुक में पृथ्वी बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने पृथ्वी की आकृति बना कर उसमें सुंदर-सुंदर रंग भरे। बच्चों ने कागज पर उकेरे अपने भाव जिसमें बच्चों ने पोस्टर मेकिग, स्कैचिग, पेंटिग व स्टोरी टैलिग

प्रतियोगिता में भाग लिया। निदेशक जुबैर अहमद ने बच्चों को बताया कि पृथ्वी हमारा घर है और जिस प्रकार हम अपने घर को साफ व सजाकर रखते हैं उसी तरह पृथ्वी को भी साफ-सुथरा व सुरक्षित रखना हमारा कर्तव्य है। जिसमें 65 बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया और अपनी कल्पना को कागज पर उकेरा। कार्यक्रम को सफल बनाने में पलक जायसवाल, मुस्कान सिंह,रहीमा प्रीति कुमारी वर्मा, चंदा देवी, रिमझिम सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी ने की सीएम युवा उद्यमी योजना की समीक्षा

बलिया। जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में बैंकर्स के साथ सीएम युवा उद्यमी योजना की प्रगति की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने बैंकवार समीक्षा के दौरान विभिन्न बैंकों में 681 ऋण आवेदन लंबित पाए जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए सभी बैंकर्स को लम्बित ऋण आवेदनों को शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने सभी बैंकर्स से कहा कि स्वीकृत ऋण आवेदनों को शीघ्र वितरण कर दिया जाय। अनावश्यक ऋण आवेदनों को निरस्त न किया जाय। गाइडलाइन का अनुपालन सुनिश्चित किया जाय। किसी स्तर पर लापरवाही न बरती जाय। उन्होंने कहा कि स्वीकृत ऋण आवेदनों का विवरण पोर्टल पर अपडेट रखा जाय। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्री ओजस्वी राज, उपायुक्त उद्योग श्री रवि कुमार शर्मा एवं एलडीएम सहित बैंकर्स उपस्थित रहें।

चेयरमैन ने किया वार्डो का निरीक्षण, परखी सफाई की व्यवस्था

चकिया,चंदौली। मंगलवार को चेयरमैन गौरव श्रीवास्तव ने आपका चेयरमैन आपके द्वारा कार्यक्रम के तहत सभासदों के साथ मिलकर नगर पंचायत चकिया के वार्ड नंबर सात और वार्ड नंबर दस का निरीक्षण किया। इस दौरान नगर वासियों ने पेयजल ,साफ सफाई और सड़क आदि समस्याओं से अवगत कराया जिसपर चेयरमैन ने सूची तैयार कर जल्द निस्तारण का आश्वासन दिया। अध्यक्ष हर गली में द्वार द्वार पहुंच कर वहां के लोगों से संवाद किया समस्याओं को जाना कहा कि अब कॉलोनी के लोगों को भी शहर जैसी मूलभूत सुविधाएं मिलेंगी, देर कुछ जरूर लग सकती है क्योंकि विस्तारित क्षेत्र बहुत बड़ा है । अभी संसाधनों की कमी है फिर भी सीमित संसाधनों में अधिकतम जन समस्याओं का निराकरण किया जाएगा, साफ सफाई में नगर पंचायत का सहयोग करें। घर का कूड़ा करकट सड़क पर या नालियों में ना फेंके। अध्यक्ष ने नगर वासियों से मिलकर नगर में कराए जा रहे हैं विकास कार्यों के संबंध में सुझाव व जनता की समस्याओं का समाधान करने का प्रयास एवं लाभार्थियों से संपर्क एवं वार्डों की भौगोलिक स्थिति का

आकलन किया और चौपाल के माध्यम से केंद्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियां को जनता तक पहुंचाया इस दौरान सभासद कमलेश यादव,सभासद उमेश चौहान, मीडिया प्रभारी शुभम मोदनवाल, प्रशांत गुप्ता, संजय चौहान, संजय जायसवाल, मौजूद रहे।

अपर जिलाधिकारी ने ली जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

बलिया। अपर जिलाधिकारी अनिल कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न हुई। अपर जिलाधिकारी ने गत जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा करते हुए अधिशासी अभियंता लोनिवि से कहा कि और ब्लैक स्पॉट चिन्हित कर आवश्यकतानुसार ब्रेकर बनवाया जाय एवं साइनेज बोर्ड लगवाए जाय। उन्होंने सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी से कहा कि यह सुनिश्चित किया जाय कि बिना फिटनेस प्रमाण-पत्र के कोई भी स्कूली वाहन सड़क पर न चलने पाए। नो-हेलमेट, नो-फ्यूल योजना को जनपद में कड़ाई से लागू किया जाय, इस संबंध में आमजन को जागरुक भी किया जाय। अधिशासी अभियंता लोनिवि ने बताया कि पुलिस विभाग द्वारा माह फरवरी,2025 में सघन चेकिंग अभियान चलाकर 798 बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट 125, मोबाइल पर वार्ता कर वाहन चलाते हुए 40 एवं गलत साइड वाहन चलाते हुए 26 वाहन चालकों के विरुद्ध चालान किया गया है। आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। यातायात नियमों का अनुपालन न करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही की जा रही है। चेकिंग के दौरान बिना फिटनेस अथवा बिना मानक पूर्ण किए संचालित 26 वाहनों के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की गई। उन्होंने बताया कि पुलिस विभाग द्वारा यातायात व्यवस्था व आपराधिक गतिविधियों पर निगरानी के लिए शहर के 13 स्थानों पर सीसीटीवी कैमरा स्थापित किए जाने के लिए अधिशासी अधिकारी,नगर पालिका परिषद बलिया को रिपोर्ट प्रेषित की गई है।

उपचार के दौरान युवक की मौत

तरुणमित्र न्यूज़

सिकन्दरपुर(बलिया)। स्थानीय थाना क्षेत्र के मिश्रचक गांव में पांच दिन पूर्व पिटाई से घायल 30 वर्षीय युवक का इलाज के दौरान मौत हो गई। मौत के बाद युवक का शव घर पर आते ही परिवार वालों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार पिछले गुरुवार की मध्य रात्रि में थाना क्षेत्र के मिर्श्चक में मामूली बात पर गांव के अनिल राजभर मारपीट में बुरी तरह से घायल हो गए थे। जिला अस्पताल से रेफर हो कर वह वाराणसी गके थे जहां इलाज के दौरान अस्पताल में उनकी मौत हो गयी। सोमवार की शाम को वाराणसी से उनका शव घर पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

बताया जाता है कि अनिल की मौत का कारण एक लड़की है इस दौरान अनिल के पूछने के कुछ देर बार आधा दर्जन की संख्या में लोग गांव में स्थित काली माता मंदिर पर आ कर अनिल राजभर पर लाठी डण्डा व लोहे की रॉड से हमला कर गम्भीर रूप से घायल कर दिए। घटना की जानकारी के बाद मौजूद लोगों के द्वारा 112 को सूचना देकर बुलाया गया। जिला अस्पताल में इलाज के दूसरे दिन परिवार वाले वाराणसी इलाज के लिए चले गए ,जहां इलाज के दौरानकी उनकी मौत हो गई।

नवागत जिलाधिकारी ने जिला कोषागार कार्यालय पहुँचकर कार्यभार ग्रहण किया

काल भैरव, बाबा विश्वनाथ तथा संकट मोचन मंदिर पहुँचकर किया दर्शन-पूजन

नवागढ़ जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने दर्शन पूजन उपरांत कार्यभार किया ग्रहण

वाराणसी। जनपद के नवागत जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने जिला कोषागार कार्यालय पहुँचकर कार्यभार ग्रहण किया। अपने जनपद आगमन पर सर्वप्रथम काल भैरव मंदिर पहुंचे जहां उन्होंने बाबा काल भैरव के सामने शीश नवाते हुए विधि-विधान से दर्शन पूजन किया तत्पश्चात काशी विश्वनाथ तथा संकट मोचन मंदिर पहुँचकर दर्शन-पूजन किया। कार्यभार ग्रहण करने के बाद नवागत डीएम ने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता होगी। पीड़ितों को त्वरित न्याय व विकास कार्यों को समयबद्ध ढंग से पूर्ण कराना भी उनकी प्राथमिकता में शामिल है। डीएम सत्येन्द्र कुमार मूल रूप से बिहार के मधुबनी जनपद के रहने वाले हैं। नवागत जिलाधिकारी द्वारा बरेली में मुख्य विकास अधिकारी के पद पर रहते हुए स्वयं प्राथमिक विद्यालयों में पढ़ाना शुरू किया तथा स्कूल वालंटियर अभियान के माध्यम से लोगों को भी प्रेरित किया। उनकी पहल के बाद शिक्षित लोग समय निकालकर स्वयं सेवा के रूप में बच्चों को पढ़ाने के लिए आगे आए।बता दें कि 2013 बैच के आईएएस अधिकारी सत्येंद्र कुमार इससे पहले महोबा,महाराजगंज और बाराबंकी के डीएम रह चुके हैं। कोषागार में सीडीओ हिमांशु नागपाल,एडीएम सिटी आलोक कुमार वर्मा, एडीएम प्रशासन विपिन कुमार, एडीएम एफआर वंदिता श्रीवास्तव, एडीएम प्रोटोकाल चंद्र प्रकाश, सीटीओ गोविंद सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

काशी विद्यापीठ के दो विद्यार्थियों का 7.2 लाख पैकेज पर हुआ कैम्पस प्लेसमेंट

तरुणमित्र न्यूज

वाराणसी। विश्वविद्यालय कैम्पस प्लेसमेन्ट सेल, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ द्वारा आयोजित कैम्पस साक्षात्कार में हाइक एजुकेशन एंड एड-टेक कंपनी, नई दिल्ली ने विश्वविद्यालय के दो विद्यार्थियों का 7.2 लाख रु वार्षिक पैकेज पर डेवलप मैनेजर पद चयन किया। प्लेसमेन्ट सेल की निदेशक प्रो शेफाली वर्मा ठकराल ने बताया कि प्लेसमेन्ट के लिए विश्वविद्यालय के बिजनेस, वाणिज्य एवं कम्प्यूटर विभाग के स्नातक एवं स्नातकोत्तर वर्ग के 60 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया, जिसमें 12 विद्यार्थियों को कार्यदायी संस्था द्वारा शॉर्ट लिस्टेड किया गया। शॉर्ट लिस्टेड विद्यार्थियों का कंपनी द्वारा व्यक्तिगत साक्षात्कार लिया गया, जिसमें दो विद्यार्थी चयनित किये गये। इस अवसर पर डा. अभिषेक कुमार सिंह, डा. दिलीप कुमार सिंह, मदन लाल आदि उपस्थित रहे।

बाबा साहब अम्बेडकर को समझने के लिए, उनके संघर्षो को जीना पड़ेगा : प्रो आंनद कुमार चौधरी

तरुणमित्र न्यूज

वाराणसी। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में डॉ. भीमराव अम्बेडकर के जयंती उत्सव के अंतर्गत नौवें दिन मंगलवार को मानवीकि संकाय के स्मार्ट क्लास में %डॉ भीमराव अम्बेडकर के जीवन पर आधारित कथा-कहानियों% विषयक विवेचना कार्यक्रम का आयोजन किया गया।शोध छात्र शुभम यादव ने भीमराव अम्बेडकर का नाम बाबा साहब कैसे पड़ा इस बात पर प्रकाश डाला। शोध छात्र माजिद अंसारी ने बाबा साहब से जुड़े बड़े आंदोलन, 1927 के मंदिर प्रवेश आंदोलन पर प्रकाश डाला।

बुद्धिस्ट स्टडी सेंटर के निदेशक प्रो आंनद कुमार चौधरी ने बताया कि बाबा साहब अम्बेडकर को समझने के लिए, उनके संघर्षो को जीना पड़ेगा, उनकी वेदनाओं को समझना पड़ेगा, तभी हम जाकर अम्बेडकर जी को समझ पायेंगे। डॉ. विजय कुमार रंजन ने बताया कि उस दौर के अम्बेडकर को समझना है तो उस दौर के नेताओं को समझना पड़ेगा और आज के अम्बेडकर जी को समझना है तो आज के नेताओं को जानना पड़ेगा। अम्बेडकर जी दैवीय देवता नहीं बल्कि वैचारिक देवता है, इसलिए उन्हें समझना है तो उनके विचारों को समझिये। संचालन दर्शनशास्त्र विभाग की शोध छात्रा वंदना मौर्या एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. गणेश जायसवाल ने दिया। इस अवसर पर जयंती उत्सव के नोडल अधिकारी प्रो पीताम्बर दास, शोधार्थी मीनू तिवारी, अभिषेक मिश्रा, वैष्णवी चौहान आदि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में मंचासीन प्रो आनंद शंकर चौधरी, प्रो पीताम्बर दास इस दौरान अपने विचार व्यक्त करती वक्ता

अर्थशास्त्र विभाग में स्नातक पंचम सेमेस्टर की प्रोजेक्ट की परीक्षा 28 अप्रैल को

प्रो. अंकिता गुप्ता

तरुणमित्र न्यूज

वाराणसी। अर्थशास्त्र विभाग, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में अर्थशास्त्र विषय के स्नातक पंचम सेमेस्टर (एनईपी) के विद्यार्थियों की प्रोजेक्ट (एप्लीकेशन इन इकोनॉमी) की परीक्षा 28 अप्रैल को आयोजित है।

विभागाध्यक्ष प्रो अंकिता गुप्ता ने बताया कि परीक्षा पूर्वाह्न 09 बजे से अर्थशास्त्र विभाग में होगी। इस परीक्षा में विद्यार्थियों को अपने जमा किये गये प्रोजेक्ट पर पावर पाइण्ट प्रेजेटशन देना होगा। उन्होंने बताया कि सभी विद्यार्थी अपने प्रवेश पत्र, प्रोजेक्ट रिपोर्ट एवं पावर पाइण्ट प्रेजेण्टशन को साथ निर्धारित तिथि एवं समय पर विभाग में उपस्थित होना अनिवार्य है। यह परीक्षा पुनः आयोजित नहीं की जाएगी।

डा. आनन्द कुमार सिंह काशी विद्यापीठ ने बतौर सहायक कुलसचिव ग्रहण किया कार्यभार

काशी विद्यापीठ में बतौर सहायक कुलसचिव कार्यभार ग्रहण करते डॉ आनंद कुमार सिंह अन्नू

तरुणमित्र न्यूज

वाराणसी। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में मंगलवार को डा. आनन्द कुमार सिंह ने बतौर सहायक कुलसचिव कार्यभार ग्रहण किया। कुलसचिव दीप्ति मिश्रा ने बताया कि कुलपति प्रो. आनन्द कुमार त्यागी के आदेशानुसार डा. आनन्द कुमार सिंह को समिति अनुभाग एवं सम्बद्धता विभाग का कार्य आवंटित किया गया है।

शिक्षण प्रशिक्षण कौशल आधारित बनाया जाय : प्रो. अजय

जौनपुर। जिला मुख्यालय पर स्थित एक होटल में एक दिवसीय नेशनल सेमिनार हुआ जिसका मुख्य विषय- विभिन्न स्तर पर शिक्षण अधिगम और शोध में एनईपी 2020 का निहितार्थ, प्रभाव एवं उपयोगिता रहा। मुख्य अतिथि प्रो. अजय चतुर्वेदी पूर्व प्रोवीसी वीर टिकेंद्रजीत विश्वविद्यालय इंफाल (मणिपुर) सहित अन्य विशिष्ट अतिथियों ने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुरूआत किया। सेमिनार में उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड आदि राज्यों से 14 शोधकर्ताओं ने प्रत्यक्ष पेपर प्रजेंटेशन दिया। आफलाइन मोड में 76 शिक्षा प्रेमी तथा आनलाइन मोड में सैकड़ों लोगों ने सहभागिता किया।

मुख्य अतिथि प्रो. अजय चतुर्वेदी ने कहा कि मातृभाषा जिसे पालने की भाषा भी कहते हैं, उसी में प्रारंभिक शिक्षा दिया जाए तभी आने वाली पीढ़ी का भविष्य बेहतर होगा, क्योंकि बच्चे शुरुआत में मां के हाव से सीखते हैं। बच्चे जैसे जैसे बड़े होते हैं, वैसे—वैसे माता पिता, परिवार, पड़ोस आदि के सम्पर्क में आने लगता है। इसके पहले लाल साहब यादव पूर्व एआरपी बख्शा ने कहा कि यह नेशनल सेमिनार ज्वलंत मुद्दा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर केंद्रित है। विशिष्ट अतिथि एनएसएस के पूर्व समन्वयक प्रो. राकेश यादव ने कहा कि भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति में शिक्षा ही मानवीय जीवन के पुनरुत्थान का आधार रही है और हैं भी। शिक्षा ऐतिहासिक दृष्टिकोण से देश काल एवं परिस्थितियों के अनुसार करवट बदलती रहती है। 21वीं सदी की मांग है कि अन्तर्राष्टीय भाषा के साथ मातृभाषा, क्षेत्रीय भाषा एवं राष्ट्रीय भाषा को महत्व दिया जाएं। प्राचीन धर्मग्रंथों वेद, पुराण, उपनिषद, शिलालेखों, अन्य साहित्य आदि के व्यावहारिक पहलुओं को जानना आवश्यक है, इसीलिए विशेषज्ञों ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में परंपरागत साहित्य को महत्वपूर्ण स्थान दिया है। पूर्व प्राचार्य एसडीटीटीसी हजारी बाग झारखंड ने कहा कि शिक्षा का शाब्दिक अर्थ सीखना और सीखाना होता है इसके साथ एक और अर्थ यह है कि शिक्षा बालक की जन्मजात शक्तियों को बाहर निकालकर उसे भविष्य के तैयार करती है। असि. प्रो. डा. योगेश कुमार ने कहा कि शिक्षा साध्य है साधन नहीं। शिक्षा वास्तव में उपभोग है। यही कारण है कि शिक्षा के विभिन्न अंगों जैसे छात्र, शिक्षक, पाठ्यक्रम, तकनीकी आदि के मूल स्वरूप बदल गया है। वर्तमान शिक्षा बाल केंद्रित है सभी शिक्षकों, अभिभावकों, माता पिता को बच्चों की जन्मजात शक्तियों को बाहर निकालने के लिए कार्य करना चाहिए। कैप्टन (डा.) विजयराज यादव ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 शिक्षकों को सचेत करती है कि वह सब मिलकर शिक्षा के बाजारीकरण को रोकें जिससे गरीब और अमीर के बच्चे एक साथ सामान्य शिक्षा प्राप्त कर सके। शैक्षिक विभेद रोकने में शिक्षक की भूमिका महत्वपूर्ण हो गई है। सेमिनार की अध्यक्षता कर रहे प्रो. अजय दूबे एवं डा. जयकिशन यादव ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर सेमिनार से शिक्षा स्तर में सुधार होता है। सेमिनार का आयोजन डा. अरविंद यादव प्राचार्य भगवान प्रसाद सिंह मेमोरियल बीएड कॉलेज औरंगाबाद बिहार ने कराया। कार्यक्रम का संचालन डा. बृज बिहारी यादव प्रवक्ता संस्कृत जीआईसी कोडरमा, (झारखंड) ने किया। धन्यवाद ज्ञापन इडुनिक पब्लिकेशन के मैनेजिंग डायरेक्टर राजकुमार यादव ने किया। इस दौरान दो पुस्तकों बाल्यावस्था एवं उसका विकास तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 समग्र अध्ययन का विमोचन हुआ। अतिथि शैलेश कुमार नायब तहसीलदार आजमगढ़, एनएसएस समन्वयक प्रो. राज बहादुर यादव, दिनेश कुमार, श्रवण कुमार, अवधेश कुमार, डा. संजय यादव, मस्तराम यादव, मांधाता, भारतेन्दु, मैन बहादुर, शतेन्द्र, अनुराग कुमार, संतोष पाण्डेय, विनय सिंह, प्रिंस शर्मा सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

दवा लेकर घर न लौटने पर युवक के परिवार ने थाने में दी तहरीर

खेतासराय। सोमवार को कस्बे का पान विक्रेता को दवा लेकर लखनऊ से न लौटने पर स्वजन खासे परेशान है। किसी अनहोनी के आशंका वस परिजनों ने पुलिस को तहरीर देकर शिकायत की है। बताया जाता है कि पान विक्रेता रामधनी यादव पुत्र गिरधारी यादव नगर का डोभी वार्ड निवासी है। कस्बे में पान की दुकान चलाता है। सोमवार को पीजीआई लखनऊ से दवा लेने के लिए घर से निकला। वहां से दवा लेकर घर आने के लिए किसी बस में बैठा । उसने खुद फ़ोन कर यह जानकारी दी । हालांकि उसने दिन में दो से तीन बार घर पर बात की । घर लौट रहा राम धनी के बस में बैठने के बाद उसका संपर्क टूट गया। प्रातः साढ़े चार बजे संपर्क करने पर मोबाइल बंद आने पर परिजन खासा परेशान हो उठे। सांयकाल तक राम धनी का पता न चलने पर भाई अशोक कुमार ने स्थानीय थाने में गुमशुदगी की तहरीर दी है। थानाध्यक्ष रामाश्रय रॉय ने बताया कि परिजनों की तरफ़ से गुमशुदगी की तहरीर मिली है । जाँच की जा रही है।

नि:शुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर में 55 मरीजों का सफल ऑपरेशन

जलालपुर। क्षेत्र के एस एस हॉस्पिटल एंड नर्सिंग होम, भाऊपुर रायगंज बाजार, जलालपुर में राष्ट्रीय अंधत्व नियंत्रण कार्यक्रम के तहत आरजे शंकरा आई हॉस्पिटल वाराणसी के सहयोग से एक दिवसीय निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 55 मरीजों का सफलतापूर्वक मोतियाबिंद ऑपरेशन किया गया।

जिसमें लेंस प्रत्यारोपण की आधुनिक विधि का उपयोग किया गया। इसके अतिरिक्त सैकड़ों लोगों ने अपनी आंखों की जांच करवाई और उचित परामर्श प्राप्त किया। कार्यक्रम के संयोजक संदीप सिंह अध्यक्ष आरडीएस ग्रुप कॉलेज ने बताया कि इस शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों को उच्च गुणवत्ता की नेत्र चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराना है। उन्होंने आगे कहा कि भविष्य में भी ऐसे सामाजिक सेवा कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। शिविर के दौरान विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने मरीजों की जांच की और आवश्यक परामर्श दिया। आयोजन की स्थानीय लोगों ने सराहना की और इसे एक सराहनीय पहल बताया।

बसुही नदी पर पुल निर्माण की मांग, छात्रों को हो रही परेशानी

गोधना। क्षेत्र के भटेवरा व बामी एवं लगे हुए गांवों के निवासियों ने बसुही नदी पर पुल निर्माण की मांग की है। लगभग 25 वर्ष पूर्व स्वामी घनश्यामनानंद सरस्वती महाराज ने भटेवरा गांव में स्थित स्वामी वीतरागानंद सरस्वती इंटरमीडिएट कॉलेज की स्थापना की थी, जिसमें पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं व बने हुए खेल मैदान परिसर में बच्चे प्रतिदिन दौड़, खेलकूद के लिए आते हैं। लेकिन अब नदी पार करने में कठिनाई का सामना करना पड़ता है। जबकि यह पुल से हो के जाने वाला रास्ता जंघई जंक्शन जाने का ग्रामीणों के लिए एक सीधा रास्ता है। गांवों के नजदीक कोई प्राथमिक चिकित्सालय ना होने की वजह से लोगों को रास्ते की सुविधा से परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वर्तमान में, पुल जर्जर एवं नीचा होने के कारण बरसात में डूब जाता है, जिससे बच्चों का आवागमन तीन महीने तक बाधित रहता है। जान जोखिम में डालकर विद्यार्थी नावों से स्कूल जाने को विवश हैं, जिससे दुर्घटना का खतरा बना रहता है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी महोदय जौनपुर को पत्र लिखकर बसुही नदी पर नए पुल एवं सड़क निर्माण हेतु आवश्यक कार्यवाही करने का आग्रह किया है, ताकि छात्र-छात्राओं को एवं ग्रामीणों को सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके।

कार्यालय ग्राम पंचायत बद्दोपुर, विकास खण्ड खुटहन, जौनपुर

पत्रांक: मेमो/निविदा/2025-26 दिनांक- 22.04.2025

अल्पकालिक निविदा

वित्तीय वर्ष 2025-26 में ग्राम पंचायत द्वारा राज्य वित्त आयोग/15वां केन्द्रीय वित्त आयोग/ग्राम स्वराज अभियान/मनरेगा योजनान्तर्गत प्राप्त धनराशि से एस.एल.डब्ल्यू.एम. (SLWM), पौधरोपण, डस्टबिन, सोलर लाइट, इण्टरलाकिंग, नाली, खड़ंजा, पुलिया, हैण्डपम्प, सोख्ता, गड्ढा, डेस्क, बेंच, ग्रीन बोर्ड, दिशासूचक बोर्ड, सुन्दरीकरण, पौधरोपण, प्लम्बरिंग कार्य, सफाई किट, ब्लीचिंग पाउडर, स्ट्रीट लाइट, सी.सी. टीवी कैमरा, खेलकूद सामग्री, कोविड-19 कोरोना किट, फागिंग मशीन, सामुदायिक शौचालय, अन्त्येष्टि गृह, एनएम सेन्टर, पंचायत भवन, सामुदायिक भवन, आंगनबाड़ी केन्द्र निर्माण/मरम्मत, गौशाला निर्माण, भूसा चारा, विद्यालय का कायाकल्प, बाउण्ड्री वाल, पी.वी.सी. पाईप विभिन्न साईज में, मरम्मत, भवन निर्माण सम्बन्धित सामग्री एवं ग्राम पंचायत में अन्य कार्य हेतु सामग्री क्रय के लिए ग्राम पंचायत में सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है जिसे इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 23.04.25 से दिनांक 28.04.25 को 02.00 बजे तक सीलबंद निविदा ग्राम पंचायत के कार्यालय में जमा की जा सकती है। जो दिनांक 29.04.25 को सुबह 10.00 बजे खोली जायेगी। उक्त कार्य कराने हेतु इण्टरलाकिंग ईंट, ईंट गिट्टी, पत्थर गिट्टी, एस.ओ.बी. ईंट, सीमेन्ट, बालू, सरिया, लकड़ी/लोहे का दरवाजा, पेन्ट, विद्युतीकरण हेतु इलेक्ट्रिक सामग्री, शौचालय शेड, ह्यूम पाइप, टाइल्स गिट्टी, चूना, ट्रीगार्ड, हाइमास्क लाइट, कोरोना किट सहित, जिम, खेलकूद व पार्क में व्यायाम करने से संबंधित सामग्री आदि की आवश्यकता होगी। अतः ग्राम सभा/विकास खण्ड/जनपद के पंजीकृत आपूर्तिकर्ता उपरोक्त सामग्री आपूर्ति हेतु सीलबन्द निविदा आमंत्रित है।

क्र.सं.	परियोजना का नाम/सामग्री	मात्रा	दर
1	ईट 150 एम.एम. प्रथम श्रेणी / एस.ओ.बी. ईट	प्रति हजार	
2	सीमेन्ट	प्रति बैग	
3	मोरंग बालू, महीन बालू, गंगा बालू	प्रति घन मी.	
4	स्टोन ब्लास्ट, डाला गिट्टी, पत्थर गिट्टी 20 एम.एम. से 53 एम.एम. तक ईंट गिट्टी 20 एम.एम./42एम.एम.	प्रति घन मी.	
5	सरिया विभिन्न साइज	प्रति कुन्तल	
6	करकर/एसबेस्टर सीट, पैनल आयरन, समरसेबुल, बोरिंग प्लेटफार्म सहित	प्रति नग	
7	पैर्क्स ब्लाक ईट/ इण्टरलाकिंग ईट/जागजेडा इण्टरलाकिंग ईट	प्रति हजार	
8	सोलर लाईट/विद्युत सामग्री/ स्ट्रीट लाईट / हाइमास्क सोलर लाइट	प्रति नग	
9	शौचालय निर्माण सामग्री/ पंचायत भवन निर्माण सामग्री		
10	ह्यूम पाइप 150 एम.एम. 300 एम.एम. 350 एम.एम. 600 एम.एम. 800 एम.एम. NP3	प्रति मी0	
11	ढक्कनदार नाली निर्माण में प्रयुक्त होने वाली सामग्री आवश्यकतानुसार		
12	गिट्टी की भराई, समतलीकरण का कार्य	प्रति घन मी0	
13	सफाइकर्मी स्वच्छता किट / सेनेटाइजर, डस्टबीन सहित अन्य संबंधित सामग्री	प्रति नग	
14	कटीला तार एवं ईगल / प्रिकास्ट कंकरीट बेंच	प्रति नग	
15	इण्डिया मार्क-2 हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री/ रिबोर	प्रति नग	
16	मैदान के सुन्दरीकरण हेतु घास, जिम व खेलकूद सामग्री, पार्क बेंच	प्रति घन मी0	
17	चूना, पेन्ट इत्यादि	प्रति नग	
18	वाल पेंटिंग व प्रचार-प्रसार इत्यादि	प्रति वर्ग मी0	
19	विडियो कैमरा, दिशासूचक बोर्ड/पब्लिक अड्रेस सिस्टम, स्कूल के लिए डेक्स व बेन्च।	प्रति नग	
20	गौशाला में चूना-चोकर, भूसा		
21	हैण्डपम्प की निष्प्रयोज्य सामग्री की खुली नीलामी		

नियम एवं शर्ते-

1. सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृत होने के बाद निर्धारित की जायेगी।
2. आवश्यकतानुसार सामग्री आपूर्ति प्रधान एवं ग्राम पंचायत अधिकारी के आदेश पर ही की जायेगी, अन्यथा नहीं।
3. सामग्री की मात्रा घटायी या बढ़ायी जा सकती है।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि से स्वीकृत दर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी।
5. सामग्री आपूर्तिकर्ता द्वारा 50 रुपये के स्टाम्प पेपर पर बॉण्ड भरना अनिवार्य होगा तदोपरान्त आपूर्ति किया जायेगा।
6. सामग्री आपूर्ति के बाद निर्माण समिति की स्वीकृति के बाद भुगतान किया जायेगा।
7. आपूर्तिकर्ता का सेल टैक्स विभाग में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य तथा आयकरदाता हो प्रमाणित छायाप्रति संलग्न की जाय।
8. प्रस्तुत दर पी.डब्लू.डी. के स्वीकृत दर से अधिक न हो।
9. सामग्री आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा में की जानी अनिवार्य होगी।
10. सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं पाये जाने की दशा में भुगतान की धनराशि नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी।
11. निविदा बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।
12. आपूर्तिकर्ता को 4% वाणिज्यकर एवं 2.24% आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा।

प्रमोद यादव
ग्राम विकास/ग्राम पंचायत अधिकारी बद्दोपुर
विकास खण्ड खुटहन, जौनपुर

कपिल देव
प्रधान- ग्राम पंचायत बद्दोपुर
विकास खण्ड खुटहन, जौनपुर

नुक्कड़ नाटक कर छात्रों ने धरती मां को बचाने कों किया जागरूक

मड़ियाहूं। पृथ्वी दिवस के अवसर पर स्थानीय विकास क्षेत्र के काजीपुर स्थित सेंट जेवियर इंटर कॉलेज के छात्रों ने कोतवाली गेट पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को धरती मां की रक्षा के लिए जागरूक करते हुए कहा कि आइये संकल्प लें धरती मां की रक्षा करें, पर्यावरण को संजोए और आने वाली पीढ़ियों के लिए हरा भरा भविष्य बनाएं। छात्रों ने पर्यावरण एवं जल संरक्षण में अपना सम्पूर्ण योगदान देने वाले जल पुरुष राजेंद्र सिंह व अन्य व्यक्तियों का जिक्र करते हुए कहा कि हम लोगों को पेड़ को बचाना होगा, प्लास्टिक का उपयोग बंद कर धरती को हरा भरा रखने हेतु अधिक से अधिक पौधों को लगाना होगा और उन्हें संरक्षित करना होगा तभी हम आने वाले पीढ़ियों के लिये हरा भरा वातावरण दे सकेंगे। इस दौरान छात्रों ने कोतवाली परिसर में पौधरोपण भी किया। इस दौरान विद्यालय के शिक्षक समेत नागरिक गण उपस्थित रहे।

युवती को बहला फुसला कर भगाने का आरोप, तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

मछलीशहर। स्थनीय कोतवाली के एक गांव निवासी युवक अपने गांव की एक युवती को लेकर फरार हो गया। युवती की माता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस मुकदमा दर्ज कर युवक युवती की खोजबीन में जुट गई है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी माता ने कोतवाली में तहरीर देकर अपने गांव के प्रदीप पटेल पर अपनी बेटी बहला फुलसाकर भगाने का आरोप लगाया है। माता के अनुसार प्रदीप उनकी 19 वर्षीय बेटी पर पर गलत नीयत रखता था। वह कालेज जाती थीं तो उसका पीछा करता था। जिसकी शिकायत उसके परिजनों से की किंतु उन्हें कौन कहे समझाने। उल्टा मारपीट पर उतारू हो जाते थे। सोमवार को मेरी बेटी घर से कॉलेज के लिए निकली और घर नहीं लौटी। मैने दो दिन उसकी बहुत खोजबीन की तो पता चला की प्रदीप उसे बहला फुसलाकर भगा ले गया है। जिसके बाद मैने कोतवाली में तहरीर दी। प्रभारी निरीक्षक विनीत राय ने बताया कि मामले बाबत माता की तहरीर पर युवक प्रदीप, गायत्री देवी, राम सिंह के खिलाफ़ संबंधित धाराओं मुकदमा दर्ज़ कर दोनो की खोजबीन की जा रही है।

ग्राम प्रधान पर सरकारी धन के दुरुपयोग का आरोप

मड़ियाहूं। स्थानीय विकास क्षेत्र के सिउरा ग्राम सभा के वर्तमान प्रधान द्वारा गांव में विकास के नाम पर सरकारी धन का दुरुपयोग करने का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र दिया है जिसके आधार पर जिलाधिकारी ने जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी नरेंद्र कुमार विश्वकर्मा को मामले की जांच का जिम्मा सौंपा हैं। जिसके लिए आगामी 26 अप्रैल की तारीख निश्चित की गई है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को शिकायत पत्र देते हुए आरोप लगाया कि वर्तमान ग्राम प्रधान शैलेंद्र सरोज द्वारा गांव में विकास के नाम पर पंचायत भवन का निर्माण करने, उसमे कंप्यूटर, इनवर्टर व फर्नीचर लगाने, सोलर लाइट, खेल सामग्री, डस्टबिन व प्राथमिक विद्यालय में टाइल्स लगाने आदि के नाम पर 50 लाख से अधिक की धनराशि आहरित कर उसका दुरुपयोग किया गया है। ग्रामीणों द्वारा दिए गए शिकायत पत्र के आधार पर जिलाधिकारी ने पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी को गांव में जाकर स्थलीय जांच का आदेश दिया हैं। जिसकी जांच कर रिपोर्ट जिलाधिकारी को दी जाएगी।

सूचना:- सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे आधार कार्ड (नं. 6213 2487 3633) में मेरा नाम मखन्चू गुप्ता पुत्र रामलाल गुप्ता हो गया है, जो कि गलत है जबकि मेरा सही नाम जितेन्द्र गुप्ता पुत्र रामलाल गुप्ता है। मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। प्रार्थी- जितेन्द्र गुप्ता पुत्र रामलाल गुप्ता पता-गोड्डाखास, रसूलाबाद नजदीक चौरा माता मन्दिर, अहमदपुर, पर. हवेली, तह. सदर, जिला जौनपुर।

सूचना:- सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है। कि मैने अपने बेटे सतेन्द्र कुमार मिश्र व उनकी पत्नी एकता को गलत चाल-चलन व कहना न मानने के कारण अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। आज से उनके द्वारा किये गये किसी भी कार्य व लेन-देन, मर मुकदमा से मेरा, मेरे परिवार व नात रिस्तेदारो का कोई वास्ता व सरोकार आज दिनांक से नहीं होगा। वह जो कुछ करेगा उसका वह स्वयंम जिम्मेदार है। सूचनाकर्ता- शैलेन्द्र कुमार मिश्र पुत्र स्व. श्री शोभनाथ मिश्र निवासी- सैदपुर, पोस्ट- डमरुआ, परगना- करियाटदोस्त, थाना- सिकरारा, तहसील- सदर, जनपद- जौनपुर।

निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत वसूली हासिल करने का करें प्रयासः जिलाधिकारी

- सीएम डैशबोर्ड पर आधारित राजस्व वसूली एवं राजस्व कार्यो की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न
- रबी फसल कटाई के उपरांत धारा 24 में लंबित प्रकरण पर संबंधित पीठासीन अधिकारियों कार्रवाई तय
- महीने के अंत तक किसानों का गन्ना मूल्य भुगतान शत प्रतिशत सुनिश्चित करें

कलेक्ट्रेट सभागार में मासिक समीक्षा बैठक करते डीएम प्रवीण मिश्र।

तरुणमित्र न्यूज

मऊ। जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र की अध्यक्षता में मंगलवार को सीएम डैशबोर्ड पर आधारित कर कैरेक्टर राजस्व वसूली एवं अन्य राजस्व कार्यो की मासिक समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। समीक्षा के दौरान वार्षिक लक्ष्य के सापेक्ष गत वर्ष व्यापार कर में 64.27 प्रतिशत, स्टांप रजिस्ट्रेशन में 89.46 प्रतिशत, परिवहन कर में 85.96 प्रतिशत, आबकारी में 80.19 प्रतिशत, खनन में 94.07 प्रतिशत, विद्युत विभाग 67.99 प्रतिशत, बैंक देय में 99.96 प्रतिशत चिकित्सा तथा लोक स्वास्थ्य 96.06 प्रतिशत, मुख्य तथा मध्यम सिंचाई 81.01 प्रतिशत, स्थानीय निकाय में 94.76 प्रतिशत वसूली पाई गई। अन्य विभागों सहित सभी विभागों का वार्षिक लक्ष्य के सापेक्ष पूरे जनपद का कुल 76.20 प्रतिशत गत वर्ष उपलब्धि रही।

जिलाधिकारी ने समस्त विभागों को जिनसे राजस्व की प्राप्तियां होती हैं, वित्तीय वर्ष 2025- 26 के प्रारंभ से ही बेहतर कार्य कर लक्ष्य के सापेक्ष शत प्रतिशत वसूली सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। गन्ना मूल्य भुगतान की स्थिति की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने महीने के अंत तक शत प्रतिशत किसानों का गन्ना मूल्य भुगतान करना सुनिश्चित करने को कहा। खनन विभाग की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने समस्त उप जिला अधिकारियों को अवैध खनन को रोकने हेतु आकस्मिक निरीक्षण करने के निर्देश दिए।

खनन विभाग द्वारा एम चेक वाले प्रकरणों में संबंधितों को नोटिस भेजने तथा वसूली सुनिश्चित करने के भी निर्देश जिलाधिकारी द्वारा खान निरीक्षक को दिए गए। जनपद के बाहर की गाड़ियों वाली सूची भी एआरटीओ को उपलब्ध कराने के निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिए गए जिससे इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई कर अवैध खनन में संलिप्त जनपद के बाहर की गाड़ियों के खिलाफ कार्रवाई की जा सके। फसल क्षति आपदा के प्रकरणों में समस्त किसानों को समय से मुआवजा दिलाने के भी निर्देश जिलाधिकारी ने समस्त तहसीलदारों को दिए।

उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता की विभिन्न धाराओं की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने धारा 116 मे 5 वर्ष से ऊपर लंबित समस्त प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने के निर्देश दिए। धारा 34 में भी उन्होंने समस्त नायब तहसीलदारों को तत्काल वादों का निस्तारण करने को कहा। धारा 24 के तहत रबी फसल की कटाई के उपरांत प्रकरण लंबित पाए जाने पर जिलाधिकारी ने समस्त पीठासीन अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि रबी फसल कटाई के उपरांत धारा 24 के लंबित प्रकरणों के निस्तारण में अब कोई बहाना नहीं चलेगा। स्टांप रजिस्ट्रेशन में भी इस वर्ष प्रवर्तन कार्यों में तेजी लाते हुए निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष शत प्रतिशत हासिल करने के निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिए गए।

जिलाधिकारी ने स्टांप चोरी को रोकने हेतु समस्त उप जिला अधिकारियों को संबंधित तहसीलों में पांच बड़ी रजिस्ट्री वाले प्रकरणों का स्थलीय निरीक्षण करने के भी निर्देश दिए। 10 बड़े बकायेदारों से वसूली की समीक्षा के दौरान उन्होंने इसकी नियमित समीक्षा कर कुर्क की कार्रवाई कर वसूली के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने समस्त अधिकारियों को उनके कार्यालय में आने वाले लोगों के साथ अच्छा व्यवहार करने तथा उनकी समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण करने को कहा। राजस्व परिषद द्वारा उठाई गई ऑडिट आपत्तियों के निस्तारण की स्थिति की समीक्षा के दौरान उन्होंने समस्त पीठासीन अधिकारियों को आपत्तियां का गहन अध्ययन करने तथा उनके निस्तारण में तेजी लाने के निर्देश दिए।

इस दौरान अपर जिलाधिकारी श्री सत्यप्रिय सिंह, समस्त उप जिलाधिकारी, समस्त तहसीलदार, जिला आबकारी अधिकारी, एआरटीओ, खान निरीक्षक सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

ग्रामीण विकास संस्थान के तत्वाधान में ब्लाक स्तरीय महिला फेडरेशन कार्यक्रम सम्पन्न

कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते फेडरेशन के अधिकारी।

- आयोजित कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण हेतु महिलाओं को किया गया जागरूक
- ब्लाक अध्यक्ष मीरा देवी, उपाध्यक्ष गीता देवी व रेखा भारती सचिव मनोनित

तरुणमित्र न्यूज

कसिमाबाद (गाजीपुर)। ग्रामीण विकास संस्थान हथिनी के तत्वाधान में आयोजित / ब्लाक स्तरीय महिला फेडरेशन कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार को राजकुमार विद्यापीठ इंटर कालेज में किया गया। जिसमें 'ग्रामीण महिला स्वावलंबन कार्यक्रम' कासिमाबाद ब्लॉक के 30 ग्राम पंचायतों से जुड़ी महिला एवं संगठन लीडरों ने 250 से अधिक संख्या में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य राजेन्द्र यादव ने किया।

ज्ञातव्य हो कि महिला स्वालंबन कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण हेतु चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत मुख्य रूप से ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने, उन्हें सामाजिक, आर्थिक और व्यक्तिगत रूप से सशक्त करने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। इसके तहत समुदाय स्तर पर महिला समूहों को एक संगठित मंच पर लाकर सामूहिक शक्ति और नेतृत्व को बढ़ावा देने तथा सामाजिक बदलाव की प्रक्रिया को मजबूत करने हेतु प्रेरित किया गया। महिला संगठन लीडरो ने अपने कार्यों चुनौतियों एवं नेतृत्व पश्चात आए बदलावों को लेकर अपनी बात रखते हुए सबको संगठित रहकर सशक्तिकरण के लिए प्रेरित किया। इन सबके बीच ब्लाक स्तरीय महिला संगठन का चुनाव उपस्थित 30 गाँव की लीडरों के बीच किया गया जिसमें अध्यक्ष पद हेतु मीरा देवी (सिउरा), उपाध्यक्ष गीता देवी (सुरवत), सचिव रेखा भारती (सिउरा) को मनोनित किया गया। वहीं सक्रिय महिला लीडर के रूप में निरूपमा देवी, शशिकला, निशु देवी, चांदनी देवी, रोशनी, गुड़िया, मुखी देवी का चयन किया गया। चयनित पदाधिकारियों का माल्यार्पण बैज व अंगवस्त्र से स्वागत कर उनके दायित्वों का भली भाँति निर्वहन करने पर बल दिया गया।

इस अवसर पर महिला आरक्षी पल्लवी सिंह, कांस्टेबल शिवानी तिवारी, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी पंकज गुप्ता, फार्मासिस्ट दिनेश यादव, डा मंजू यादव, डा अजय यादव, अर्शी फातिमा, फरहीन, जवाहिर राम, समावेशी साथी प्रेम शंकर पाण्डेय, सुबेदार राम, संजय राय, मुकेश सिंह, अजय सिंह, अशोक राम, गोपाल यादव, सत्येन्द्र, फखरेआलम, अंजली, अंकिता मिश्रा, आशा कुशवाहा, मीरा सिंह, बंदना सिंह, सुधीर, जक्की, पूजा राजभर, आरती, पूनम भारती, स्नेहा गुप्ता, कविता आदि उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का सफल संचालन डा.संतोष त्रिपाठी ने किया।

पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर डिवाइडर से टकराने के बाद सड़क पर पलटा ट्रक

आगे चल रहे ट्रक के अचानक रोके जाने से बेकाबू हुआ ट्रक

एक्सप्रेस-वे पर डिवाइडर से टक्कर के बाद पल्ट हुआ ट्रक।

तरुणमित्र न्यूज

मऊ। जनपद के रानीपुर थाना क्षेत्र के पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे 279 माइल स्टोन सादीपुर गांव के पास मंगलवार की भोर में एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। संयोग अच्छा रहा कि दुर्घटना के समय चालक और परिचालक बाल-बाल बच गए। मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार की सुबह जयपुर से फार्च्यून का सामान लदा एक ट्रक पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे से पटना जा रहा था। इसी दौरान 279 माइल स्टोन सादीपुर गांव के पास आगे जा रहे ट्रक ने अचानक ब्रेक लगा दिया। जिससे पीछे से आ रहा ट्रक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराते हुए 50 मीटर दूरी पर जाकर पलट गया।

घटना में बिहार के गया जिला अन्तर्गत डोभी थाना क्षेत्र के चालक संजय यादव और खलासी बाल-बाल बच गए। सूचना मिलते ही रानीपुर थाने की पुलिस और पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे की सुरक्षा दस्ता की टीम भी मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल में जुट गई।

सात सूत्रीय मांगों को लेकर कर्मचारियों ने दिया धरना

तरुणमित्र न्यूज

मऊ। सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेन्शनर्स एसोसिएशन उप्र के आह्वान पर मंगलवार को 7 सूत्रीय मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट परिसर के धरना स्थल पर लल्लन राय सेवानिवृत्त शिक्षक की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। सभा का संचालन अश्विनी कुमार राय सेवानिवृत्त वन दरोगा ने किया। सभा को सम्बोधित करते हुए कर्मचारी शिक्षक नेताओं ने कहा कि सरकार महंगाई भत्ते को घोषणा सेवारत कर्मकारी शिक्षक का एक साथ न करके अन्य तिथियों को कर रही जिससे कर्मचारी शिक्षकों ने महसूस किया कि सरकार महंगाई भत्ते को भविष्य में बंद करने की योजना है।

आठवें वेतन आयोग की घोषणा सरकार ने किया परंतु कमेटी का गठन अब तक नहीं किया यह शंका पैदा कर रहा है कि आठवें वेतन आयोग को भी विलंबित किया जाय, महंगाई भत्ते को डी लिंक न किया जाय, राशिकरण की कटौती 15 वर्ष से घटाकर 10 वर्ष किया जाय, एनपीएस, यूपीएस की व्यवस्था के स्थान पर परिभाषित लाभ योजना ओपीएस ही पदान किये जाने आदि मांगों से संबंधित विज्ञप्ति, प्रधानमंत्री भारत सरकार, मुख्यमंत्री उप्र सरकार को संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा गया। धरना सभा को सीताराम कुशवाहा, अश्विनी कुमार राय, कृष्णा नंद राय जिलाध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ, रामाश्रय यादव जिलाध्यक्ष राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद, लल्लन राय, मुरारी, सावित्री, शिवकुमार राय, अनिल सिह, भूपेन्द्र वीर सिंह, रजनीश कुमार पाण्डेय, अखिलेश्वर शुक्ला, गया, विजय कुमार यादव आदि कर्मचारी शिक्षक नेता उपस्थित रहे।

सूचना- मैं श्रेया पाण्डेय पुत्री सूर्यभान पाण्डेय माता का नाम सरोज पाण्डेय, निवासी- काशीपुर ढाला के दक्षिण तरफ मिश्र नेवरी, बलिया, थाना- कोतवाली बलिया, जिला- बलिया की निवासी हूँ। यह कि मेरे आधार कार्ड संख्या 598459178509 में मेरा नाम पलक पाण्डेय तथा जन्मतिथि 27.11.2007 है, जो कि गलत है। मेरे जन्म प्रमाण पत्र तथा सभी शैक्षणिक दस्तावेज में नाम श्रेया पाण्डेय तथा जन्म तिथि 27.11.2008 है, जो कि सही है।

संस्थापक सम्पादक- स्व. कैलाशनाथ
श्री विश्वकर्मा चैरिटेबल ट्रस्ट धरनीधरपुर, जौनपुर एवं तरूणमित्र मीडिया प्रा0लि0 द्वारा तरूणमित्र हि0दै0 के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक आदर्श कुमार* द्वारा मीडिया टेक्स्ट प्रा0लि0, रोहनिया जी0टी0 रोड, वाराणसी से मुद्रित एवं 631, उमरपुर हरिबन्धनपुर, जौनपुर से प्रकाशित।
आर.एन.आई पंजीयन सं. 353710/78 (मो0:- 9452984488)
फोनः-समाचार कक्ष-(05452) 358728, 05452-470147
E-mail : tarunjnp@rediffmail.com, tarunjaunpur@gmail.com
* इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा उत्पन्न समस्त विवाद जौनपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
मुख्यालयः- 47 धरनीधरपुर, जौनपुर (उ0प्र0)

रजि. नं. 49166 (U.P.)
हिमानी हॉस्पिटल
ADVANCE WOMEN CARE
(अत्याधुनिक महिला चिकित्सा केन्द्र)

डा. शैली निगम
M.B.B.S.,M.D. (Obst & Gynae)
प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
गोल्ड मेडलिस्ट, के.जी.एम.सी., लखनऊ
हेल्पलाइन नं. 7800785686
भूतपूर्व सर्जनः गुरुतेग बहादुर अस्पताल एवं यूनिवर्सिटी कालेज ऑफ मेडिकल साइंसेज, दिल्ली • कस्तूरबा अस्पताल, दिल्ली
डा. आदित्य निगम
M.B.B.S.,M.S. (Ortho.)
हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ
ट्रामा, आर्थराइटिस एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जन
भूतपूर्व सर्जनः • डा. एल.एच. हीरानन्दानी हॉस्पिटल, मुंबई • ई.एस.आई. हॉस्पिटल, दिल्ली

डा. तुषार मोहन
जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन
(प्रतिमाह आखिरी रविवार को उपलब्ध)
सुविधायें
• गाइनी- अल्ट्रासाउण्ड
• सामान्य एवं अतिगंभीर गर्भावस्था • आधुनिक तकनीक से बच्चेदानी (छक्टभ)
• इन्फर्टिलिटी विशेषज्ञ एवं अन्य आपरेशन
• कैंसर से बचाव एवं टीकाकरण • कॉल्पोस्कोपी • हिस्ट्रोस्कोपी • लैप्रोस्कोपी
सुविधायें
• आर्थो • प्लास्टर
• ज्वाइंट एन्जेक्शन
• ट्रामा ज्वाइंट रिप्लेसमेंट एवं अन्य आपरेशन
पता - डा. मन मोहन श्रीवास्तव
सीनियर फिजीशियन एवं हृदय रोग विशेषज्ञ
48, जहांगीराबाद (बदलापुर रोड), जौनपुर-222002
परामर्श का समय प्रातः 10-2 बजे तक (रविवार अवकाश)
इमरजेन्सी परामर्श : प्रतिदिन 24 घण्टा
निःसंतान महिलाएं अवश्य मिलें

तीन दिवसीय राष्ट्र जागरण नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ का हुआ शुभारंभ

ब्लाक प्रमुख ने हरी झण्डी दिखाकर कलश यात्रा को किया रवाना

कलश यात्रा को हरी झण्डी दिखाकर रवाना करतीं प्रमुख रानू सिंह।

तरुणमित्र न्यूज

मुहम्मदाबाद गोहना (मऊ)। क्षेत्र के भातकोल ग्राम में शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में तीन दिवसीय 9 कुंडीय राष्ट्र जागरण गायत्री महायज्ञ मंगलवार को शुभारंभ हुआ। कलश यात्रा को ब्लॉक प्रमुख रानू सिंह द्वारा झंडी दिखाकर रवाना किया गया जहां महिलाएं व कन्याएं सर पर कलश लेकर क्षेत्र भ्रमण के लिए निकल पड़ीं।

ज्ञातव्य हो कि तहसील क्षेत्र के भातकोल ग्राम में शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में आयोजित राष्ट्र जागरण नौ कुंडी गायत्री का शुभारंभ मंगलवार को हो गया। प्रथम दिन मंगलवार को प्रातः 8 बजे यज्ञ स्थल से कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा को ब्लॉक प्रमुख मुहम्मदाबाद गोहना रानू सिंह द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। उक्त कलश यात्रा में क्षेत्र की काफी महिलाएं व कन्याएं सर पर कलश लेकर गायत्री मंत्र का उच्चारण करते हुए भातकोल गांव का भ्रमण करते हुए बाजार धौरहरा भातकोल, भांटपारा (सोफीगंज) आदि स्थानों पर कलश यात्रा को ले जाया गया।

कलश यात्रा में डीजे, घोड़े, सहित झांकी भी निकाली गयी। तेज गर्मी व धूप के मद्देनजर कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं को बाजार एवं ग्राम वासियों ने पानी की समुचित व्यवस्था बनाए रखा। इस तीन दिवसीय राष्ट्र जागरण 9 कुंडीय गायत्री महायज्ञ में पुंसवन, नामकरण, अन्नप्राशन, मुंडन, विद्यारंभ, यज्ञोपवीत, दीक्षा, विवाह एवं जन्मदिवस उत्सव आदि कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

कलश यात्रा एवं यज्ञ में गायत्री परिवार के जिला संयोजक रामसुख यादव, योगेंद्र चौधरी सहित देवनाथ शर्मा, आशुतोष शर्मा, सुभाष माली, अरविंद शर्मा उर्फ गुड्डू, अमित शर्मा, आलोक, इंद्रदेव, महाजन, रविंद्र, अमित शर्मा, अजीत, रणवीर शर्मा, संगीता माली, चंद्रावती शर्मा, मोनू शर्मा आदि शामिल रहे।

कुम्हारी/माटीकला के कारीगरों को मिलेगा रोजगार

तरुणमित्र न्यूज

मऊ। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद ने मंगलवार को जारी विज्ञप्ति में बताया कि उप्र खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा माटीकला बोर्ड का गठन किया गया है एवं वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु शासन द्वारा जनपद को लक्ष्य आवंटित किये गये है।

इसका मुख्य उद्देश्य पर्यावरण को सतत हो रहे नुकसान के परिपेक्ष में प्लास्टिक से निर्मित कप, प्लेट आदि के उपयोग को प्रतिबंधित कर दिया गया है, अतएव इसके विकल्प के रुप में मिटटी से निर्मित पात्रो का उपयोग एवं उसके औद्योगिक उत्पादन को बढावा देने हेतु कुम्हारी/ माटीकला से सम्बन्धित परम्परागत करीगरों को वर्तमान में अपेक्षा के अनुरुप प्रशिक्षित कराते हुये माटीकला उद्योग को बढावा देने का प्राविधान है। जिनकी उम्र 18 वर्ष से 55 वर्ष हो तथा माटीकला का परम्परागत कारीगर एवं वर्तमान में कार्य कर रहे हो एवं माटीकला से जुडे उद्यमियों / शिल्पकारो समूहो एवं समितियों को कामगारो के लिये मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजनांतर्गत 10 लाख रुपये तक ऋण बैंक के माध्यम से उपलब्ध कराया जायेगा। जिसमें बैंक द्वारा ऋ ण धनराशि का 95 प्रतिशत एवं उद्यमी का स्वंय का अंशदान 5 प्रतिशत दिये जाने का प्राविधान है। पूँजीगत ऋण के धनराशि पर 25 प्रतिशत तक मार्जिनमनी के रुप में अनुदान स्वरुप प्राप्त होगी। 5 लाख से अधिक कर्ज प्राप्त करने के लिये अभ्यर्थियों को कम से कम आठवीं कक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। आवेदन की अन्तिम तिथि 15 मई 2025 निर्धारित की गई है। अधिक जानकारी हेतु किसी भी कार्य दिवस में जिला ग्रामोद्योग कार्यालय अन्धा मोड़ भीटी एवं मो0 नं0 7408410764, 9450510803 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

बुलेट सवार युवक के सरयू नदी में लगाया छलांग

तरुणमित्र न्यूज

मर्यादपुर/बेलौली (मऊ)। रामपुर थाना क्षेत्र के अलीपुर निवासी एक 19 वर्षीय युवक ने मंगलवार को देवरिया जनपद के भागलपुर स्थित सरयू नदी में छलांग लगा दिया। आनन फानन में प्रत्यक्षदर्शियों ने पुलिस को सूचना दिया। जानकारी के अनुसार प्रिंस तिवारी पुत्र स्व.अजय तिवारी 19 वर्ष अपनी बुलेट वाईक यूपी54एयू/9795 लेकर भागलपुर पुल पर गया और बाइक खड़ी कर रेलिंग के ऊपर से नदी में छलांग लगा दिया। आनन फानन में पुल पर मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना दिया। मौके पर पहुंची पुलिस के जांच के दौरान युवक के बुलेट में लपेटे गमछे में आधारकार्ड मिला जिस के आधार पर पुलिस ने परिजनों को जानकारी दी गयी। उधर घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। समाचार लिखे जाने तक देवरिया जनपद के मईल थाना पुलिस एव बलिया जनपद के उभाव थाना पुलिस संयुक्त रूप से गोताखोरों की सहायता से नदी में युवक को ढुढने में जुटी हुई है। इस घटना को लेकर अलीपुर गांव में तरह-तरह कि अफवाहों का बाजार गरम है। बहरहाल युवक के नदी में छलांग लगाने के कारण का पता नहीं चल पा रहा है।

सीसीटीवी फुटेज के बाद भी चोरों तक नहीं पहुंच पा रही पुलिस

चोरी की घटना का खुलासा न होने से ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त

तरुणमित्र न्यूज

मऊ। कोपागंज थाना क्षेत्र के इंदारा गांव स्थित प्राचीन दुर्गा मंदिर में माता के पर 14 अप्रैल को दिन में ही माता के सिंगार के लिए लगे सोने व चांदी के गहने चोरी कर चोर फरार हो गया था।

चोरी की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी। लेकिन कोपागंज पुलिस इस मामले में मुकदमा दर्ज कर हाथ पर हाथ रखकर बैठ गई है। जिससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। बताते चलें कि कोपागंज थाना क्षेत्र के इंदारा गांव स्थित प्राचीन दुर्गा मंदिर में चौदह अप्रैल की सुबह मंदिर के पुजारी भारत भूषण ने जब मंदिर को धोने के लिए मंदिर खोला तो देखा की दुर्गा माता का सिंगार के लिए लगी एक सोने की नथिया,चादी की एक नथिया,चार सोने की बिन्दीं गायब थी।जिसकी सूचना पुजारी ने ग्रामीणों को दिया। सूचना पर मंदिर पर ग्रामीणों ने पहुंचकर देखा तो माता जी के सिंगार में लगे सोने चांदी के गहने गायब थे।चोरी के बाद लोगों ने मंदिर पर लगे सीसीटीवी फुटेज को चेक किया तो देखा कि एक व्यक्ति द्वारा दुर्गा माता के सिंगार में लगे गहनों को बड़ी चालाकी से चुरा रहा है और बाइक से जाते हुए भी दिख रहा है। सूचना पर कोपागंज थानाध्यक्ष विजय प्रकाश मौर्य ने घटना स्थल पर पहुंचकर सीसीटीवी फुटेज को कब्जे में लेकर छानबीन में जुटे थे लेकिन नौ दिन बाद भी पुलिस सीसीटीवी फुटेज मिलने के बाद भी आज तक चोरों तक नहीं पहुंच सकी है। अभी भी कोपागंज पुलिस के हाथ खाली ही है जिससे कोपागंज पुलिस से लोगों का विश्वास उठता जा रहा है। वही ग्रामीणों में मंदिर में हुई चोरी को लेकर भारी आक्रोश व्याप्त है। इस सन्दर्भ में थानाध्यक्ष कोपागंज विजय प्रकाश मौर्य ने बताया कि पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर काम कर रही है जल्दी ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

ब्रिटिश सांसद के आमंत्रण पर राजीव राय गए ब्रिटेन संसद की कार्यवाही देखी

- भारतीय संसद में सवाल पूछने का राजीव राय ने बनाया रिकॉर्ड, शत प्रतिशत रही उपस्थिति

ब्रिटिश संसद में सांसद राजीव राय।

तरुणमित्र न्यूज़

मऊ। घोसी लोकसभा के सांसद राजीव राय जब से लोकसभा का चुनाव जीते हैं, तब से वह लगातार अपने कार्यों से जनता के बीच एवं अपनी ईमानदार छवि, निष्ठा, योग्यता, तथा विभिन्न विषयों पर अपनी गहरी पकड़ के चलते समाजवादी पार्टी के भी चहेते बने हुए हैं। इसकी बानगी तब देखने को मिली, जब समाजवादी पार्टी की विचारधारा और पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव के नीतियों और विचारों से प्रभावित होकर ब्रिटिश सांसद ने पार्टी के विचारों को गहनता से जानने हेतु आमंत्रण पत्र भेजा। जिसको गंभीरता से लेते हुए समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने अपने सबसे विश्वस्त तथा उनके बेहद करीबी माने जाने वाले राजीव राय को पार्टी के विचारों को रखने के लिए भेजा। राजीव राय न सिर्फ घोसी लोकसभा के रिकॉर्ड मतों से जीतने वाले सांसद हैं, बल्कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव व राष्ट्रीय प्रवक्ता भी हैं।

स्कॉटलैंड के मोरे वेस्ट, नायरन × स्ट्रेथस्पे से सांसद ग्राहम लेडबिटर के आमंत्रण पर घोसी सांसद राजीव राय उनके साथ ब्रिटिश पार्लियामेंट में वहां के संसद की कार्यवाही और कार्य प्रणाली देखने तथा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ वॉर, यूक्रेन सहित कई अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर एक दूसरे के विचारों को समझने हेतु पहुंचे, जहाँ सांसद से कमेटी रूम में चर्चा हुई।

इस दौरान ब्रिटिश सांसद ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव तथा समाजवादी पार्टी के विकासवादी सोच की काफी तारीफ की।

पूर्व सांसद व केंद्रीय मंत्री कल्पनाथ राय के निधन के बाद से जहां घोसी लोकसभा की आवाज जिला मुख्यालयों पर भी सुनाई नहीं देती थी, वहीं राजीव राय के सांसद बनने के बाद से राष्ट्रीय तथा अंतराष्ट्रीय स्तर पर घोसी सांसद की आवाज लगातार पुनः गूंजने लगी है, जो आम जनमानस में काफी चर्चा का विषय बना हुआ है।

घोसी लोकसभा के लोग अपने सांसद को देश के साथ-साथ अंतराष्ट्रीय स्तर पर मुखरता से बोलते हुए देखकर काफी गदगद नजर आ रहे हैं।

दहेज हत्या में वांछित एक अभियुक्त गिरफ्तार

तरूणमित्र न्यूज

आजमगढ़। महाराजगंज दिनांक 01.02.25 को वादी बलवन्त यादव पुत्र श्री शम्भूनाथ यादव निवासी देवपार थाना कन्धरापुर जनपद आजमगढ द्वारा लिखित तहरीर दिया गया कि आवेदक की बहन पूजा यादव उम्र 27 वर्ष की शादी लगभग 05 वर्ष पूर्व हुई थी जिसे आवेदक की बहन पूजा यादव उपरोक्त को उसके पति रामबहादुर पुत्र अयोध्या निवासी जमीलपुर थाना महाराजगंज जनपद आजमगढ आदि 05 नफर के द्वारा दहेज में चार चक्का वाहन व नगद 10 लाख रू0 व जेवरात की मांग को लेकर प्रताड़ित करना व मार डालने के सम्बन्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 44/25 धारा 80/85 बीएनएस व 3/4 डीपी एक्ट बनाम 1. रामबहादुर पुत्र अयोध्या 2. अयोध्या पुत्र अज्ञात 3. सेवाती पत्नी अयोध्या 4. पूनम पुत्री अयोध्या 5. अन्तिमा पुत्री अयोध्या 6. हरिराम यादव पुत्र अयोध्या यादव निवासीगण जमीलपुर थाना महराजगंज जनपद आजमगढ के पंजीकृत हुआ जिसकी विवेचना श्रीमान क्षेत्राधिकारी सगड़ी महोदय द्वारा की जा रही थी। दिनांक 22.04.25 को प्र0नि0 विनय कुमार मिश्र मय हमराह द्वारा मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित वाछिंत अभियुक्त 1.राम बहादुर यादव पुत्र अयोध्या प्रसाद यादव सा0 जमीलपुर थाना महराजगंज आजमगढ़ को परशुरामपुर बाजार से दिनांक 22.04.25 को समय 10.50 बजे सुबह हिरासत पुलिस में नियमानुसार लेकर जामा तलाशी लिया गया तो कोई भी नाजायज वस्तु बरामद नहीं हुई अभियुक्त को माननीय न्यायालय रवाना किया जा रहा है।

भारत रक्षा दल ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा

तरूणमित्र न्यूज

आजमगढ़। जन्म प्रमाण पत्र आधार कार्ड बनवाने में जनता को हो रही परेशानी को दूर करने तथा इसमें हो रही अवैध वसूली के विरुद्ध आज भारत रक्षा दल के कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी आजमगढ़ और जनपद के विभिन्न तहसीलों के उप जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। भारत रक्षा दल परिवार के जिलाध्यक्ष रवि प्रकाश के नेतृत्व में जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे कार्यकर्ताओं ने कहा स्कूलों में रजिस्ट्रेशन और अपार आई डी कार्ड बनवाने के लिए आधार कार्ड की जरूरत है, और आधार कार्ड बिना जन्म प्रमाण पत्र के बनेगा नहीं,इसी जन्मप्रमाण पत्र और आधार कार्ड बनवाने में लोगों को बहुत परेशानी उठानी पड़ रही है,गांव सचिव से तहसील स्तर तक काफी भाग दौड़ करना पड़ रहा ऊपर से अवैध वसूली भी हो रही है। लोग त्रस्त हैं,इसी संबंध में हम लोग जिला प्रशासन से अनुरोध कर रहे कि इस परेशानी से निजात दिलाने के लिए कुछ दिनों तक एक टेबल से सारी कार्यवाही पूर्ण कर जन्म प्रमाण पत्र जारी करवाने की व्यवस्था की जाए।

इस अवसर पर भारत रक्षा दल के हरिकेश विक्रम श्रीवास्तव ने कहा कि जनता के भागदौड़ की परेशानी और वसूली पर नियंत्रण नहीं हुआ तो इसे हम लोग सरकार तक पहुंचाएंगे। आज के इस कार्यक्रम में जिले पर चंद्रप्रकाश मौर्य, अशोक चौहान,धर्मवीर शर्मा, सुशील श्रीवास्तव, हिमांशु सिंह, जैनेंद्र कुमार, शिवम बरनवाल,सचिन जायसवाल, दुर्गेश श्रीवास्तव, जावेद अंसारी तथा मार्टिनगंज तहसील में जलालुद्दीन अंसारी, पटरू यादव एडवोकेट, विजयशंकर यादव, पप्पू माली, शंकर, अनिलकांत राय, श्रवण यादव आदि ने ज्ञापन सौंपा।

बुजुर्ग की लाठी से पीट-पीटकर कर हुई हत्या

तरूणमित्र न्यूज

मुहम्मदाबाद यूसुफपुर (गाजीपुर)। स्थानीय सर्किल के करीमुद्दीनपुर थाना क्षेत्र के डेहमा गांव में उस समय सनसनी फैल गई जब 50 वर्षीय राजमिस्त्री जयप्रकाश गोड की लाठी-डंडों से पीटकर हत्या कर दी गई। घटना उस समय सामने आई जब उनकी भाभी मंजू देवी खाना देने के लिए डेरा पहुंची, जहां जयप्रकाश गोड अकेले सोते थे। काफी आवाज देने के बावजूद जब अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली, तो मंजू देवी ने बाउंड्री पार झांककर देखा, जहां जयप्रकाश मृत अवस्था में पड़े थे।

शोर सुनकर ग्रामीण पहुंचे और पुलिस को सूचना दी गई। मृतक के दो बेटे बाहर प्राइवेट नौकरी करते हैं और तीन बेटियां शादीशुदा हैं। पत्नी का पहले ही निधन हो चुका है। घर पर कोई और मौजूद नहीं था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक के भाई की तहरीर पर पांच लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस कुछ संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। वहीं, मोहम्मदाबाद क्षेत्राधिकारी भी मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया।

निर्माण श्रमिकों के हित में विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं संचालित

तरूणमित्र न्यूज

गाजीपुर। उ0प्र0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड की ओर से श्रम विभाग के तत्वाधान में निर्माण श्रमिकों के हित में विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। निर्माण श्रमिकों को तभी लाभान्वित किया जा सकता है, जब वे निर्माण श्रमिक के रूप में श्रम विभाग में पंजीकृत हों। पंजीकृत निर्माण श्रमिकों को बोर्ड रू. 05 लाख तक जोखिम कवॅर करता है। आज दिन-प्रतिदिन श्रमिकों के साथ दुर्घटनाएं हो रही हैं। निर्माण श्रमिकों के पंजीकृत न होने के कारण उन्हें अथवा उनके आश्रित लाभान्वित नहीं हो पा रहे हैं।

प्रायः निर्माण श्रमिक गरीब ही होते हैं तथा उन्हें योजनाओं की जानकारी भी नहीं होती है। अतः ऐसी दशा में सभी बुद्धिजीवियों, सरकारी/गैर सरकारी संगठनों, स्वयंसेवी संस्थाओं की निर्माण श्रमिकों के पंजीयन एवं जागरूकता में अहम भूमिका साबित हो सकती है। आप सभी का एक-एक कदम एक परिवार की दशा एवं दिशा बदल सकती है। सदियों से हम गरीबों, जरूरतमन्दों, असहायों की सेवा करते आये हैं, आज आप सभी के सहयोग की आवश्यकता है।

समस्त कार्यदायी संस्थाओं, ठेकेदारों, भवन निर्माण स्वामियों, ईंट-भट्ठा मालिकों से अपील है कि निर्माण श्रमिकों के पंजीयन के लिए यथा सहयोग प्रदान करने के साथ बोर्ड में पंजीकृत निर्माण श्रमिकों से ही कार्य कराएं। 18 से 60 वर्ष के बीच का कोई निर्माण मजदूर, जो विगत 12 माहों में न्यूनतम 90 दिन या उससे से अधिक निर्माण कार्य करता है, पंजीकरण के लिए पात्र हैं। पंजीकरण के लिए एक फोटो, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, कार्य का प्रमाण पत्र अथवा स्व-घोषणा पत्र, मोबाइल नम्बर, शुल्क रू. 40/- इत्यादि दस्तावेज संलग्न करके पंजीकरण करवाया जा सकता है। सचिव, उ0प्र0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा उ0प्र0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अन्तर्गत श्रमिक पंजीयन, नवीनीकरण तथा योजनाओं के हितलाभ संबंधी आवेदन पूर्ण रूप से केवल आन-लाइन पद्धति से ही लिये जाने एवं स्वीकृत किये जाने के निर्देश दिए गए है।

योजनाओं के अन्तर्गत आवेदन करने की प्रक्रिया पूर्णतः आन-लाइन है, जिसे आवेदक किसी भी जन सेवा केन्द्र (CSC) अथवा स्वयं बोर्ड के पोर्टल (www.upbocw.in) पर जाकर कर सकते है। श्रमिक पंजीयन का नवीनीकरण अद्यतन होने की स्थिति में ही बोर्ड की संचालित योजनाओं का लाभ लिया जा सकता है। बोर्ड की कल्याणकारी योजनाएंः- मातृत्व, शिशु एवं बालिका मदद योजना (रू. 50 हजार तक), संत रविदास शिक्षा प्रोत्साहन योजना (रू. 60 हजार तक), कन्या विवाह सहायता योजना (61 हजार तक), निर्माण कामगार मृत्यु व दिव्यांगता सहायता योजना (रू. 05 लाख तक) इत्यादि। विस्तृत जानकारी के लिए बोर्ड के पोर्टल www.upbocw.in पर अथवा कार्यालय सहायक श्रम आयुक्त, सिकन्दरपुर मोड, शास्त्रीनगर, गाजीपुर से किसी भी कार्य दिवस में सम्पर्क किया जा सकता है।

गाज़ीपुर के जिलाधिकारी बने अविनाश कुमार

तरूणमित्र न्यूज

गाज़ीपुर। प्रदेश सरकार ने सोमवार की देर रात, भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के 33 अधिकारियों को स्थानांतरित करते हुए उन्हें नवीन तैनाती दी है। इस स्थानांतरण में सूचना निदेशक शिशिर सिंह समेत कई जिलों के जिलाधिकारियों को भी स्थानांतरित किया गया है। प्रदेश सरकार ने सूचना निदेशक शिशिर सिंह के स्थान पर विशाल सिंह को नया सूचना निदेशक नियुक्त किया है और वाराणसी, आजमगढ़, हापुड़, बरेली, अंबेडकरनगर, गाजीपुर, झाँसी, कुशीनगर, महोबा, भदोही व संतकबीरनगर सहित एक दर्जन जिलो के जिलाधिकारियों को भी नवीन तैनाती दी गयी है। इसी क्रम में गाजीपुर की तेज तर्रार जिलाधिकारी आर्यका अखौरी को विशेष सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के पद पर भेजते हुए झांसी के जिलाधिकारी अविनाश कुमार को गाजीपुर का नया जिला अधिकारी बनाया गया है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने एयर पिस्टल प्रतियोगिता के विजेता बने सम्मानित किया

तरूणमित्र न्यूज

आजमगढ़। 24वीं प्री यूपी स्टेट शूटिंग प्रतियोगिता 2025 के 10 मीटर एयर पिस्टल प्रतियोगिता में 04th रैंक प्राप्त करने वाले पुलिस कर्मी को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने नकद पुरस्कार से किया सम्मानित। यू0पी0 स्टेट राइफल एसोसिएशन लखनऊ द्वारा आयोजित 24वीं प्री यूपी स्टेट शूटिंग प्रतियोगिता 2025 जनपद जौनपुर में 10 मीटर एयर पिस्टल प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया गया, जिसमें उपरोक्त संजीव स्टेनो (एसपी सिटी आजमगढ़) द्वारा 350 अंक प्राप्त कर ग्रुप टीम में उ0प्र0 में 04th रैंक प्राप्त किया गया, जिसके क्रम में आज दिनांक 22.04.2025 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आजमगढ़ हेमराज मीना द्वारा उक्त पुलिस कर्मी को प्रशस्ति पत्र देते हुए 05 हजार रूपयें के नकद पुरस्कार से सम्मानित करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का पुतला फूंका

तरूणमित्र न्यूज

आजमगढ़। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के जिला उपाध्यक्ष हरिबंस मिश्रा के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ तीखा विरोध प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने ममता बनर्जी का पुतला दहन कर बंगाल में राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग की।

यह प्रदर्शन बंगाल में हिंदुओं पर कथित हिंसा और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बयान पर ममता बनर्जी द्वारा की गई टिप्पणी के विरोध में किया गया। हरिबंस मिश्रा ने कहा कि बंगाल में हिंदुओं के खिलाफ हो रही हिंसा पर योगी आदित्यनाथ के बयान का ममता बनर्जी ने अभद्र तरीके से जवाब दिया, जो उनकी राक्षसी प्रवृत्ति को दर्शाता है। उन्होंने समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा ममता के समर्थन को भी दुर्भाग्यपूर्ण बताया। मिश्रा ने ममता बनर्जी पर रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठियों का समर्थन करने का आरोप लगाया।

पुतला दहन कार्यक्रम में भाजपा जिला महामंत्री (ओबीसी मोर्चा) मिथिलेश चौरसिया, सौदागर भारती, संतोष पासवान, रामनिवास सिंह, सूरज सिंह, शिवकुमार मौर्य, धीरेंद्र सिंह, विशाल यादव, सूरज कुमार, चंदन तिवारी, प्रमोद मौर्या, हरिश्चंद्र चौरसिया, सुरेश यादव, राजन यादव, अभिषेक पांडे, अश्वनी मिश्रा और ओमकार पांडे सहित कई कार्यकर्ता शामिल रहे।

पच्चीस हजारी वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

तरूणमित्र न्यूज

गाजीपुर। अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत जमानियां कोतवाली पुलिस टीम द्वारा पच्चीस हजार रुपए के इनामियां वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त पप्पू पुत्र सुभाष निवासी अकला (मुड़वल) थाना नन्दगंज जनपद गाजीपुर का निवासी है।

उपनिरीक्षक अरुण पाण्डेय चौकी प्रभारी देवैथा थाना जमानियाँ जनपद गाजीपुर, मय हमराह ने इनामियां वांछित अभियुक्त को नियमानुसार हिरासत में लिया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्यवाही करते हुए उसे न्यायालय के सुपुर्द किया गया।

आजमगढ़ की प्रिया चौहान ने ब्रांज मेडल जीता

तरूणमित्र न्यूज

आजमगढ़। कोटा राजस्थान में आयोजित अण्डर-20 जूनियर बालक/बालिका राष्ट्रीय चैम्पियनशिप 2025 में प्रिया चौहान ने 55 किग्रा0 भार में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया तथा ब्रान्ज मेडल जीत कर उत्तर प्रदेश का नाम रौशन किया। प्रिया चैहान वर्तमान समय में सुखदेव पहलवान स्पोर्ट्स स्टेडियम में तैनात जेपी यादव उप क्रीडाधिकारी एवं गोविन्द यादव खेलो इण्डिया कुश्ती प्रशिक्षक की देख रेख में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। इस अवसर पर विजय शंकर यादव उपाध्यक्ष कुश्ती संघ, उ0प्र0, सिराजुद्दीन क्रीड़ाधिकारी, राजेन्द्र यादव अध्यक्ष जिला कुश्ती संघ आजमगढ़, प्रवीण कुमार यादव सचिव जिला कुश्ती संघ, आजमगढ़ एवं डा0 मनीष त्रिपाठी संस्थापक विजय सुपर स्पेशिलिटी आजमगढ़, माया प्रसाद राय कबड्डी प्रशिक्षक, भूपेन्द्र वीर सिंह, क्रिकेट प्रशिक्षक मिथलेश यादव, एथलेटिक्स प्रशिक्षक, मो0 इरफान हाकी प्रशिक्षक, अरविन्द कुमार कन्नौजिया, फुटबाल प्रशिक्षक एवं करन श्रीवास्तव, बैडमिन्टन प्रशिक्षक द्वारा बधाई दिया गया। उक्त जानकारी उपक्रीडाधिकारी क्षेत्रीय खेल कार्यालय जयप्रकाश यादव ने दी।

आजमगढ़ मण्डलायुक्त ने गेहूं खरीद का जायजा लिया

तरूणमित्र न्यूज

आजमगढ़। मण्डलायुक्त विवेक ने रबी विपणन वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत जनपदों में चल रही गेहूँ खरीद की स्थिति जायजा लेने हेतु सोमवार को पवई लाडपुर-सरायमीर एवं संजरपुर स्थित गेहूँ क्रय केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दोनों गेहूँ क्रय केन्द्र क्रियाशील पाये गये। उन्होंने केन्द्र प्रभारियों से अब तक की गई खरीद की जानकारी प्राप्त की, जिसमें पाया गया कि गेहूँ क्रय केन्द्र बी पैक्स संजरपुर में लक्ष्य के सापेक्ष अत्यन्त कम खरीद की जा रही है। मण्डलायुक्त ने इस स्थिति सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुए क्षेत्रीय प्रबन्धक, पीसीएफ तथा जिला प्रबन्धक, पीसीएफ के विरुद्ध कार्यवाही हेतु शासन को पत्र प्रेषित करने हेतु निर्देशित किया।

कार्यालय ग्राम पंचायत राजापुर, विकास खण्ड महराजगंज, जौनपुर

पत्रांकः मेमो/निविदा/2025-26 दिनांक- 22.04.2025

अल्पकालिक निविदा

वित्तीय वर्ष 2025-26 में ग्राम पंचायत द्वारा राज्य वित्त आयोग/15वां केन्द्रीय वित्त आयोग/ग्राम स्वराज अभियान/मनरेगा योजनान्तर्गत प्राप्त धनराशि से एस.एल.डब्ल्यू.एम. (SLWM), पौधरोपण, डस्टबिन, सोलर लाइट, इण्टरलाकिंग, नाली, खड़ंजा, पुलिया, हैण्डपम्प, सोख्ता, गड्ढा, डेस्क, बेंच, ग्रीन बोर्ड, दिशासूचक बोर्ड, सुन्दरीकरण, पौधरोपण, प्लम्बरिंग कार्य, सफाई किट, ब्लीचिंग पाउडर, स्ट्रीट लाइट, सी.सी. टीवी कैमरा, खेलकूद सामग्री, कोविड-19 कोरोना किट, फागिंग मशीन, सामुदायिक शौचालय, अन्त्येष्टि गृह, एनएम सेन्टर, पंचायत भवन, सामुदायिक भवन, आंगनबाड़ी केन्द्र निर्माण/मरम्मत, गौशाला निर्माण, भूसा चारा, विद्यालय का कायाकल्प, बाउण्ड्री वाल, पी.वी.सी. पाईप विभिन्न साईज में, मरम्मत, भवन निर्माण सम्बन्धित सामग्री एवं ग्राम पंचायत में अन्य कार्य हेतु सामग्री क्रय के लिए ग्राम पंचायत में सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है जिसे इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 23.04.25 से दिनांक 28.04.25 को 02.00 बजे तक सीलबंद निविदा ग्राम पंचायत के कार्यालय में जमा की जा सकती है। जो दिनांक 29.04.25 को सुबह 10.00 बजे खोली जायेगी। उक्त कार्य कराने हेतु इण्टरलाकिंग ईंट, ईंट गिट्टी, पत्थर गिट्टी, एस.ओ.बी. ईंट, सीमेन्ट, बालू, सरिया, लकड़ी/लोहे का दरवाजा, पेन्ट, विद्युतीकरण हेतु इलेक्ट्रिक सामग्री, शौचालय शेड, ह्यूम पाइप, टाइल्स गिट्टी, चूना, ट्रीगार्ड, हाइमास्क लाइट, कोरोना किट सहित, जिम, खेलकूद व पार्क में व्यायाम करने से संबंधित सामग्री आदि की आवश्यकता होगी। अतः ग्राम सभा/विकास खण्ड/जनपद के पंजीकृत आपूर्तिकर्ता उपरोक्त सामग्री आपूर्ति हेतु सीलबन्द निविदा आमंत्रित है।

क्र.सं.	परियोजना का नाम/सामग्री	मात्रा	दर
1	ईट 150 एम.एम. प्रथम श्रेणी / एस.ओ.बी. ईट	प्रति हजार	
2	सीमेन्ट	प्रति बैग	
3	मोरंग बालू, महीन बालू, गंगा बालू	प्रति घन मी.	
4	स्टोन ब्लास्ट, डाला गिट्टी, पत्थर गिट्टी 20 एम.एम. से 53 एम.एम. तक ईट गिट्टी 20 एम.एम./42एम.एम.	प्रति घन मी.	
5	सरिया विभिन्न साइज	प्रति कुन्तल	
6	करकर/एसबेस्टर सीट, पैनल आयरन, समरसेबुल, बोरिंग प्लेटफार्म सहित	प्रति नग	
7	पैक्र्स ब्लाक ईट/ इण्टरलाकिंग ईट/जागजेडा इण्टरलाकिंग ईट	प्रति हजार	
8	सोलर लाईट/विद्युत सामग्री/ स्ट्रीट लाईट / हाइमास्क सोलर लाइट	प्रति नग	
9	शौचालय निर्माण सामग्री/ पंचायत भवन निर्माण सामग्री		
10	ह्यूम पाइप 150 एम.एम. 300 एम.एम. 350 एम.एम. 600 एम.एम. 800 एम.एम. NP3	प्रति मी0	
11	ढक्कनदार नाली निर्माण में प्रयुक्त होने वाली सामग्री आवश्यकतानुसार		
12	गिट्टी की भराई, समतलीकरण का कार्य	प्रति घन मी0	
13	सफाइकर्मी स्वच्छता किट / सेनेटाइजर, डस्टबीन सहित अन्य संबंधित सामग्री	प्रति नग	
14	कटीला तार एवं ईगल / प्रिकास्ट कंकरीट बेंच	प्रति नग	
15	इण्डिया मार्क-2 हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री/ रिबोर	प्रति नग	
16	मैदान के सुन्दरीकरण हेतु घास, जिम व खेलकूद सामग्री, पार्क बेंच	प्रति घन मी0	
17	चूना, पेन्ट इत्यादि	प्रति नग	
18	वाल पेंटिंग व प्रचार-प्रसार इत्यादि	प्रति वर्ग मी0	
19	विडियो कैमरा, दिशासूचक बोर्ड/पब्लिक अड्रेस सिस्टम, स्कूल के लिए डेक्स व बेन्च।	प्रति नग	
20	गौशाला में चूना-चोकर, भूसा		
21	हैण्डपम्प की निष्प्रयोज्य सामग्री की खुली नीलामी		

नियम एवं शर्तें-
1. सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृत होने के बाद निर्धारित की जायेगी।
2. आवश्यकतानुसार सामग्री आपूर्ति प्रधान एवं ग्राम पंचायत अधिकारी के आदेश पर ही की जायेगी, अन्यथा नहीं।
3. सामग्री की मात्रा घटायी या बढ़ायी जा सकती है।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि से स्वीकृत दर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी।
5. सामग्री आपूर्तिकर्ता द्वारा 50 रुपये के स्टाम्प पेपर पर बॉण्ड भरना अनिवार्य होगा तदोपरान्त आपूर्ति किया जायेगा।
6. सामग्री आपूर्ति के बाद निर्माण समिति की स्वीकृति के बाद भुगतान किया जायेगा।
7. आपूर्तिकर्ता का सेल टैक्स विभाग में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य तथा आयकरदाता हो प्रमाणित छायाप्रति संलग्न की जाय।
8. प्रस्तुत दर पी.डब्लू.डी. के स्वीकृत दर से अधिक न हो।
9. सामग्री आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा में की जानी अनिवार्य होगी।
10. सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं पाये जाने की दशा में भुगतान की धनराशि नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी।
11. निविदा बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।
12. आपूर्तिकर्ता को 4% वाणिज्यकर एवं 2.24% आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा।

सुरेन्द्र यादव
ग्राम विकास/ग्राम पंचायत अधिकारी राजापुर
विकास खण्ड महराजगंज, जौनपुर

उषा देवी
प्रधान- ग्राम पंचायत राजापुर
विकास खण्ड महराजगंज, जौनपुर

कार्यालय ग्राम पंचायत बहाउद्दीनपुर, विकास खण्ड करंजाकला, जौनपुर

पत्रांकः मेमो/निविदा/2025-26 दिनांक- 22.04.2025

अल्पकालिक निविदा

वित्तीय वर्ष 2025-26 में ग्राम पंचायत द्वारा राज्य वित्त आयोग/15वां केन्द्रीय वित्त आयोग/ग्राम स्वराज अभियान/मनरेगा योजनान्तर्गत प्राप्त धनराशि से एस.एल.डब्ल्यू.एम. (SLWM), पौधरोपण, डस्टबिन, सोलर लाइट, इण्टरलाकिंग, नाली, खड़ंजा, पुलिया, हैण्डपम्प, सोख्ता, गड्ढा, डेस्क, बेंच, ग्रीन बोर्ड, दिशासूचक बोर्ड, सुन्दरीकरण, पौधरोपण, प्लम्बरिंग कार्य, सफाई किट, ब्लीचिंग पाउडर, स्ट्रीट लाइट, सी.सी. टीवी कैमरा, खेलकूद सामग्री, कोविड-19 कोरोना किट, फागिंग मशीन, सामुदायिक शौचालय, अन्त्येष्टि गृह, एनएम सेन्टर, पंचायत भवन, सामुदायिक भवन, आंगनबाड़ी केन्द्र निर्माण/मरम्मत, गौशाला निर्माण, भूसा चारा, विद्यालय का कायाकल्प, बाउण्ड्री वाल, पी.वी.सी. पाईप विभिन्न साईज में, मरम्मत, भवन निर्माण सम्बन्धित सामग्री एवं ग्राम पंचायत में अन्य कार्य हेतु सामग्री क्रय के लिए ग्राम पंचायत में सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है जिसे इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 23.04.25 से दिनांक 28.04.25 को 02.00 बजे तक सीलबंद निविदा ग्राम पंचायत के कार्यालय में जमा की जा सकती है। जो दिनांक 29.04.25 को सुबह 10.00 बजे खोली जायेगी। उक्त कार्य कराने हेतु इण्टरलाकिंग ईंट, ईंट गिट्टी, पत्थर गिट्टी, एस.ओ.बी. ईंट, सीमेन्ट, बालू, सरिया, लकड़ी/लोहे का दरवाजा, पेन्ट, विद्युतीकरण हेतु इलेक्ट्रिक सामग्री, शौचालय शेड, ह्यूम पाइप, टाइल्स गिट्टी, चूना, ट्रीगार्ड, हाइमास्क लाइट, कोरोना किट सहित, जिम, खेलकूद व पार्क में व्यायाम करने से संबंधित सामग्री आदि की आवश्यकता होगी। अतः ग्राम सभा/विकास खण्ड/जनपद के पंजीकृत आपूर्तिकर्ता उपरोक्त सामग्री आपूर्ति हेतु सीलबन्द निविदा आमंत्रित है।

क्र.सं.	परियोजना का नाम/सामग्री	मात्रा	दर
1	ईट 150 एम.एम. प्रथम श्रेणी / एस.ओ.बी. ईट	प्रति हजार	
2	सीमेन्ट	प्रति बैग	
3	मोरंग बालू, महीन बालू, गंगा बालू	प्रति घन मी.	
4	स्टोन ब्लास्ट, डाला गिट्टी, पत्थर गिट्टी 20 एम.एम. से 53 एम.एम. तक ईट गिट्टी 20 एम.एम./42एम.एम.	प्रति घन मी.	
5	सरिया विभिन्न साइज	प्रति कुन्तल	
6	करकर/एसबेस्टर सीट, पैनल आयरन, समरसेबुल, बोरिंग प्लेटफार्म सहित	प्रति नग	
7	पैक्र्स ब्लाक ईट/ इण्टरलाकिंग ईट/जागजेडा इण्टरलाकिंग ईट	प्रति हजार	
8	सोलर लाईट/विद्युत सामग्री/ स्ट्रीट लाईट / हाइमास्क सोलर लाइट	प्रति नग	
9	शौचालय निर्माण सामग्री/ पंचायत भवन निर्माण सामग्री		
10	ह्यूम पाइप 150 एम.एम. 300 एम.एम. 350 एम.एम. 600 एम.एम. 800 एम.एम. NP3	प्रति मी0	
11	ढक्कनदार नाली निर्माण में प्रयुक्त होने वाली सामग्री आवश्यकतानुसार		
12	गिट्टी की भराई, समतलीकरण का कार्य	प्रति घन मी0	
13	सफाइकर्मी स्वच्छता किट / सेनेटाइजर, डस्टबीन सहित अन्य संबंधित सामग्री	प्रति नग	
14	कटीला तार एवं ईगल / प्रिकास्ट कंकरीट बेंच	प्रति नग	
15	इण्डिया मार्क-2 हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री/ रिबोर	प्रति नग	
16	मैदान के सुन्दरीकरण हेतु घास, जिम व खेलकूद सामग्री, पार्क बेंच	प्रति घन मी0	
17	चूना, पेन्ट इत्यादि	प्रति नग	
18	वाल पेंटिंग व प्रचार-प्रसार इत्यादि	प्रति वर्ग मी0	
19	विडियो कैमरा, दिशासूचक बोर्ड/पब्लिक अड्रेस सिस्टम, स्कूल के लिए डेक्स व बेन्च।	प्रति नग	
20	गौशाला में चूना-चोकर, भूसा		
21	हैण्डपम्प की निष्प्रयोज्य सामग्री की खुली नीलामी		

नियम एवं शर्तें-
1. सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृत होने के बाद निर्धारित की जायेगी।
2. आवश्यकतानुसार सामग्री आपूर्ति प्रधान एवं ग्राम पंचायत अधिकारी के आदेश पर ही की जायेगी, अन्यथा नहीं।
3. सामग्री की मात्रा घटायी या बढ़ायी जा सकती है।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि से स्वीकृत दर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी।
5. सामग्री आपूर्तिकर्ता द्वारा 50 रुपये के स्टाम्प पेपर पर बॉण्ड भरना अनिवार्य होगा तदोपरान्त आपूर्ति किया जायेगा।
6. सामग्री आपूर्ति के बाद निर्माण समिति की स्वीकृति के बाद भुगतान किया जायेगा।
7. आपूर्तिकर्ता का सेल टैक्स विभाग में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य तथा आयकरदाता हो प्रमाणित छायाप्रति संलग्न की जाय।
8. प्रस्तुत दर पी.डब्लू.डी. के स्वीकृत दर से अधिक न हो।
9. सामग्री आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा में की जानी अनिवार्य होगी।
10. सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं पाये जाने की दशा में भुगतान की धनराशि नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी।
11. निविदा बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।
12. आपूर्तिकर्ता को 4% वाणिज्यकर एवं 2.24% आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा।

अमित अस्थाना
ग्राम विकास/ग्राम पंचायत अधिकारी बहाउद्दीनपुर
विकास खण्ड करंजाकला, जौनपुर

रामानंद यादव
प्रधान- ग्राम पंचायत बहाउद्दीनपुर
विकास खण्ड करंजाकला, जौनपुर

CMM ENGLISH SCHOOL
Technology Enabled Education...
THE CREATIVE BEST EDUCATION
ADMISSION OPEN 2025-26
Our Special Features
Successful Result Since Inception. Child Centered Education.
Qualified and Efficient Teachers. Green Environment.
Student Friendly Ambience. CCTV Camera.
YAHIYAPUR POWER HOUSE ROAD RASHIDABAD, JAUNPUR
9451363534
7310383940
cmmenglishschool@gmail.com
Cmm English School
Cmmesjnp

संसद ही सुप्रीम, उससे ऊपर कोई नहीं: जगदीप धनखड़

नई दिल्ली, 22 अप्रैल। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सुप्रीम कोर्ट को लेकर दिए अपने बयान की आलोचना के बीच फिर से खुलकर राय जाहिर की है। उन्होंने मंगलवार को कहा कि संसद में लोकतंत्र सुप्रीम है और उससे ऊपर कोई भी अथॉरिटी नहीं है।

भाजपा सांसद निशिकांत दुबे की सुप्रीम कोर्ट पर विवादित टिप्पणी के बीच उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का बड़ा बयान सामने आया है। उपराष्ट्रपति ने संविधान में निर्धारित भारतीय सरकार के ढांचे के भीतर न्यायपालिका के अधिकार क्षेत्र पर एक बार फिर सवाल उठाया है। जगदीप धनखड़ ने कहा कि संसद सर्वोच्च है और सांसद ही संविधान के अंतिम मालिक है। उनसे ऊपर कोई प्राधिकारी नहीं हो सकता। दिल्ली विश्वविद्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में बोलते हुए उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि एक प्रधानमंत्री जिसने आपातकाल लगाया था, उसे 1977 में जवाबदेह ठहराया गया था। इसलिए, इसमें कोई संदेह नहीं होना चाहिए कि संविधान लोगों के लिए है और यह इसकी सुरक्षा का भंडार है।

असम के तिनसुकिया जिले के लिए प्रधानमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार

तिनसुकिया जिला आयुक्त स्वप्निल पाल ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से प्राप्त किया यह पुरस्कार

पंकज नाथ, असम, 22 अप्रैल। असम के तिनसुकिया जिले के आयुक्त स्वप्निल पाल को पिछले वर्ष 21 अप्रैल के दिन गुवाहाटी में लोक प्रशासन में उत्कृष्ट सेवा के लिए असम सरकार से मुख्यमंत्री कर्मश्री पुरस्कार मिला था। एक साल बाद, उसी दिन, उन्हें जिले के समग्र विकास के लिए उनकी भूमिका के लिए नई दिल्ली में प्रधान मंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार मिला। तिनसुकिया जिले को पिछले दो वर्षों में जिले के समग्र विकास में उत्कृष्ट भूमिका के लिए यह पुरस्कार मिला है। जिले के प्रमुख के रूप में, स्वाभाविक रूप से इस उपलब्धि का अधिकांश हिस्सा भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी को जाता है । उनके कार्यकाल में पिछले दो वर्षों में जिले में प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना का विशेष शिविर लगाकर 6 लाख हितग्राहियों का ई-सत्यापन किया गया। 60,000 से अधिक बच्चों का टीकाकरण किया गया, आशा कार्यकर्ताओं को डिजिटल दबाव माप उपकरण प्रदान किए गए, 300 मॉडल आंगनवाड़ी केंद्रों में खगोल विज्ञान विंग स्थापित किए गए, जल जीवन अभियान के तहत 1.35 लाख घरों को नल के माध्यम से पानी उपलब्ध कराया गया, प्रधानमंत्री आवास योजना का सफल क्रियान्वयन, स्वनिधि योजना के तहत फुटपाथ व्यापारियों का नियमितीकरण, पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत चाय बागानों में मॉडल स्कूलों की स्थापना, नामांकन , प्रशिक्षण प्रदान करना, आदि केंद्र सरकार की विभिन्न प्रमुख योजनाओं के मामले में प्राप्त सफलता को राष्ट्रीय स्तर पर भी महत्व मिला है। उल्लेखनीय है कि तिनसुकिया जिला पहली बार देश का यह सर्वोच्च प्रशासनिक सम्मान प्राप्त कर पाया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज भारतीय सिविल सेवा दिवस के अवसर पर नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित एक समारोह में जिला आयुक्त स्वप्निल पाल को पट्टिकाएं और प्रमाण पत्र सौंपे। इस पुरस्कार के साथ ही जिले के विकास के लिए केंद्र सरकार से विशेष धनराशि भी प्राप्त होगी। उल्लेखनीय है कि उन्हें पिछले साल मार्च में इंडियन एक्सप्रेस द्वारा सुशासन के लिए देश के सर्वश्रेष्ठ जिला मजिस्ट्रेटों में से एक के रूप में सम्मानित किया गया था, जो जिले द्वारा अपशिष्ट निपटान के लिए उठाए गए उनके अभिनव सफल कदमों के लिए था। स्वप्निल पाल की सफलता पर तिनसुकिया जिले में खुशी की लहर है। हालांकि कमिश्नर पाल ने इस सफलता का श्रेय अपने साथी अधिकारियों और कर्मचारियों को ही दिया है। उन्होंने कहा कि जिले के शांतिपूर्ण माहौल और लोगों के पूर्ण सहयोग ने लक्ष्य प्राप्ति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

NIRMALA DEVI POLYTECHNIC & Pharmacy College
(D Pharma Course) | AICTE & UPBTE Approved
ADMISSION OPEN 2025-26
B. PHARMA AND D. PHARMA
Course Name — Bus Facility
Electrical & Electronics Engineering
Mechanical Engineering Production
Mechanical Engineering Automobile
Electrical Engineering
Civil Engineering
Adress: Near Gaurabadshahpur Police Statiion, Nayansand, Jaunpur (U.P.)
Contact No. 9415234998, 7839456998, 9839449646, 7080956598, 8787010634, 8808800929
Website: www.ndpc.co.in E-mail: dnirmala432@gmail.com

Registration Form Available Now
(Admission Through Entrance Exam Only)
SAVITRI CONVENT SCHOOL JAUNPUR — तमसो माँ ज्योतिर्गमय
ADMISSION OPEN
SESSION 2025-26
SAVITRI CONVENT HIGH SCHOOL
We Shape The Future
Limited Seats Only
SILVER JUBILEE OF 21st CENTURY OFFER
100% Discount on Admission Fee From Today to 30th April 2025
पढ़ाई आसान, रिजल्ट शानदार
हर बच्चे को पढ़ाई के लिए मिलेगा सही गाइडेंस
स्कूल की 3 नयी सुविधाएं
✓ हर महीने माता-पिता के लिए लर्निंग रिपोर्ट
✓ पढ़ाई की नई शिक्षा नीति पर आधारित ट्रैकिंग सिस्टम
✓ घर पर पढ़ाई, रिवीजन और प्रैक्टिस के फ्री टूल्स
OUR MISSION
YOUR CHILD'S BEST ACADEMIC GROWTH
Contact: Dr. Ajit Asthana
Director (Administration)
Mob.: 9305963991, 6394015955
490-A, Civil Lines Ambedkar Tiraha Miyanpur, Jaunpur-222002
SAVITRI CONVENT SCHOOL | Ambedkar Tiraha, Jaunpur | 9305963991

स्टाफ नर्स के प्रशिक्षण के लिए
अवध पैरा मेडिकल कालेज, जौनपुर
AWADH PARAMEDICAL COLLEGE JAUNPUR
708, विशेषरपुर (पचहटिया) शीतला चौकियाँ, आजमगढ़ रोड, जौनपुर फोन- 05452-263982
G.N.M., A.N.M., B.Sc.(Nursing) Post Basic, D.Pharma, B.Pharma
G.N.M. सामान्य नर्सिंग एवं मिडवाइफरी के 3 वर्षीय डिप्लोमा प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रवेश हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं
योग्यता: 10+2 या समकक्ष परीक्षा में कम से कम 90% अंक
चयन प्रक्रिया: मेरिट के आधार पर
आयु सीमा: 17–35 वर्ष
छात्रावास की सुविधा
आवेदन पत्र एवं अन्य विवरण के लिए सम्पर्क करें
डा. रामअवध यादव Mob.: 8931931199, 9415273329
डा. शकुन्तला यादव प्रबन्ध निदेशक Mob.: 9889377675, 9415207436
KUNWAR DAS MEDICAL CENTRE PVT. LTD. 708, Vishesharpur (Panchahatiya), Sheetala Cahukiya, Azamgarh Road, Jaunpur-222106

रजि. नं. 49166 (U.P.)
हिमानी हॉस्पिटल
ADVANCE WOMEN CARE
(अत्याधुनिक महिला चिकित्सा केन्द्र)
डा. शैली निगम
M.B.B.S.,M.D. (Obst & Gynae)
प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
गोल्ड मेडलिस्ट, के.जी.एम.सी., लखनऊ
हेल्पलाइन नं. 7800785686
भूतपूर्व सर्जनः गुरुतेग बहादुर अस्पताल एवं यूनिवर्सिटी कालेज ऑफ मेडिकल साइंसेज, दिल्ली • कस्तूरबा अस्पताल, दिल्ली
डा. आदित्य निगम
M.B.B.S.,M.S. (Ortho.)
हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ
ट्रामा, आर्थराइटिस एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जन
भूतपूर्व सर्जनः • डा. एल.एच. हीरानदानी हॉस्पिटल, मुंबइ • ई.एस.आई. हॉस्पिटल, दिल्ली
डा. तुषार मोहन
जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन
(प्रतिमाह आखिरी रविवार को उपलब्ध)
सुविधायें
• गाइनी- अल्ट्रासाउण्ड
• सामान्य एवं अतिगंभीर गर्भावस्था • आधुनिक तकनीक से बच्चेदानी (छक्टभ)
• इन्फर्टिलिटी विशेषज्ञ एवं अन्य आपरेशन
• कैंसर से बचाव एवं टीकाकरण • कॉल्पोस्कोपी • हिस्ट्रोस्कोपी • लैप्रोस्कोपी
सुविधायें
• आर्थो • प्लास्टर
• ज्वाइंट एन्जेक्शन
• ट्रामा ज्वाइंट रिप्लेसमेंट एवं अन्य आपरेशन
पता - डा. मन मोहन श्रीवास्तव
सीनियर फिजीशियन एवं हृदय रोग विशेषज्ञ
48, जहांगीराबाद (बदलापुर रोड), जौनपुर-222002
परामर्श का समय प्रातः 10-2 बजे तक (रविवार अवकाश)
इमरजेन्सी परामर्श : प्रतिदिन 24 घण्टा
निःसंतान महिलाएं अवश्य मिलें

हॉलमार्क रजिस्टर्ड प्रतिष्ठान
मानकः पथप्रदर्शकः
प्रो. सौरव कुमार बैंकर
Mob.: 7309902476, 7317337000
सौरव ज्वेलर्स
अण्डर ग्राउण्ड शोरूम
हॉलमार्क ज्वेलरी पर 100 प्रतिशत वापसी की गारंटी
रत्नों एवं उपरत्नों का विशाल संग्रह • कलात्मक एवं फैन्सी आभूषणों के विक्रेता
विश्वास की कसौटी पर निरन्तर अग्रसर
मिश्रा काम्प्लेक्स, ओलन्दगंज - जौनपुर

शुभ लग्न ऑफर
शुद्धता और विश्वास, अब आपके और भी पास
कोठी परसोत्तम राम
अजीत कुमार बैंकर्स एण्ड ज्वैलर्स
त्यौहारों के उपलक्ष्य में कोठी परसोत्तम राम अजीत कुमार बैंकर्स एण्ड ज्वैलर्स प्रस्तुत करते हैं देश एवं विदेश के सर्वोत्तम कारीगरों द्वारा निर्मित उत्कृष्ट डिजाइनर ब्राण्डेड ज्वैलरी
हमारे यहां सोने, चांदी और डायमण्ड की फैन्सी ब्रान्डेड ज्वेलरी मिलती है। साथ ही साथ सोने चांदी के सिक्के, रत्न, उपरत्न एवं मूर्ति भी उपलब्ध है। एक बार सेवा का मौका दें।
कोतवाली चौराहा, अलफस्टीनगंज, स्टेशन रोड, जौनपुर
रविन्द्र बैंकर, संस्कार बैंकर, दिव्यांश बैंकर मो. 09838435680 - ए.सी. शोरूम
सम्बंधित फर्म-
परसोत्तम राम नरेन्द्र कुमार बैंकर ख्वाजगी टोला, स्टेशन रोड, जौनपुर
कोठी परसोत्तम राम राजाराम बैंकर्स कोतवाली चौराहा, जौनपुर

निःसन्तान दम्पति निराश न होवें
बाँझपन के सर्वोत्तम इलाज के लिए
शकुन्तला आईवीएफ सेन्टर
जौनपुर
सेवा का अवसर दें
.... निवेदक ....
डा0 रामअवध यादव
डा0 शकुन्तला यादव
डा0 आनन्द वर्द्धन
डा0 अन्शु कुमारी
पंचहटिया, आजमगढ़ रोड, जौनपुर
Mob.: 8931931199, 9918905642

महिलाओं के सर्वोत्तम इलाज के लिये
डा. शकुन्तला यादव
(MBBS, DGO, FIMS)
सर्जन एवं महिला रोग विशेषज्ञ
विशेषरपुर, पंचहटिया, आजमगढ़ रोड, जौनपुर
उपलब्ध सुविधायें
➪ महिलाओं की सभी बीमारियों का इलाज
➪ सामान्य प्रसव (नार्मल डेलिवरी)
➪ अल्ट्रासाउण्ड परीक्षण एवं पैथालॉजिकल जाँच
➪ महिलाओं के सभी आपरेशन
➪ बाँझपन का सम्पूर्ण इलाज
नोटः समय प्रतिदिन प्रातः 9 बजे से 3 बजे तक

पेट, आँत, लीवर, किडनी, ब्रेस्ट, प्रोस्टेट, बच्चेदानी आदि रोग की सुरक्षित गुणवत्ता पूर्ण एडवांश मेडिकल एवं सर्जिकल इलाज के लिए राष्ट्रीय प्रमाण-पत्र
NABH & ISO द्वारा प्रमाणित अस्पताल
डा. लाल बहादुर सिद्धार्थ
M.B.B.S., M.S. Surgery, F.I.M.S.A., M.I.A.G.E.S.
SR. (Gastro Surgery,) M.I.M.S.A., F.A.I.S., F.I.C.S.
(गैस्ट्रो, लेप्रोस्कोपिक एवं कैंसर सर्जन)
जनता के बेहतर और कल्याण के लिए केन्द्र सरकार की सौगात
आयुष्मान भारत योजना
के अन्तर्गत
5 लाख तक का निःशुल्क उपचार
गोल्डेन कार्ड प्रतिदिन बनता है
I TREAT, HE CURES
प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना — आयुष्मान भारत PM-JAY
न्यू हेरिटेज
सिद्धार्थ हास्पिटल
मल्टी स्पेशिएलिटी साइंस एवं रिसर्च सेन्टर
सुन्दरनगर उमरपुर हरिबंधनपुर, (निकट मैहर देवी मंदिर) जनपद जौनपुर
मो.नं.: 9415315405, 9598725959, 9838259535
Email: siddhathhospitaljnp@gmail.com, siddharthhospital.jaunpur@yahoo.com
बेटी बचाओ - बेटी पढ़ाओ

TATA की पेशकश
For marriages crafted by you
TANISHQ PRESENTS
RIVAAH
WEDDING JEWELLERY
जौनपुर शोरूम- पॉलिटेक्निक चौराहा, मिर्जापुर रोड, रूहट्टा, जौनपुर
सम्पर्क- 7309096302, 7000006397
सुलतानपुर शोरूम- सम्पर्क 1088/8, डी.एम. आवास के सामने सिविल लाइन्स, सुलतानपुर
सम्पर्क- 7800006396
गाजीपुर शोरूम- सकलेनाबाद, रसूलपुर, गाजीपुर- 233001
सम्पर्क- 9415207229, 7800006395